e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 11, अंक 274

सुविचार
जिंदगी में हर वक्त गिला शिकवा ही नहीं, कभी तो छोड़ दीजिए कश्ती को लहरों के सहारे!

# प्रभात मंत्र

रविवार
06.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12। मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26



संक्षिप्त खबरें

## पिपरा थाना के शराब कारोबारी में मचा हड़कंप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा थाना क्षेत्र के ग्राम टंडवा जगदीशपुर एवं भंगा के पास दो स्थानों पर छापामारी अभियान चलाकर करीब दो क्विंटल जावा महुआ एवं शराब बनाने के उपकरण ड्रम बर्तन को जप्त कर छापामारी स्थल पर ही नष्ट कर दिया गया। थाना प्रभारी बिमल कुमार ने कहा कि शराब कारोबारी पुलिस को आता देख घने जंगल का फायदा उठाकर भाग निकले। साथ ही कहां की थाना क्षेत्र मे अवैध शराब का कारोबार कर रहे लोगो के विरुद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जाएगा। छापेमारी अभियान में जिला पुलिस बल के जवान भी शामिल थे।

# दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस-प्रशासन ने किया फ्लैग मार्च



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** दुर्गापूजा के मद्देनजर शांतिपूर्ण तरीके से दुर्गापूजा मनाने को लेकर चैनपुर में शनिवार को पुलिस का फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च में प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर,अंचल अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल, पुलिस निरीक्षक जीतन महली व चैनपुर थाना प्रभारी श्री राम शर्मा के नेतृत्व में पुलिस का पैदल मार्च चैनपुर के विभिन्न इलाकों से गुजरा और लोगों को पूजा में शांति व भाईचारे का पैगाम दिया। चैनपुर थाना प्रभारी समेत विभिन्न प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ निकला पैदल मार्च चैनपुर के चैनपुर बाजार, कंकारी, कल्याणपुर, चांदो, बसरिया कला, शाहपुर सहित विभिन्न इलाकों से गुजरा। मौके पर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने फ्लैग मार्च के दौरान कहा पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों ने शहर के लोगों से दुर्गापूजा में अमन व चैन का माहौल बनाये रखने तथा विधि व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस व प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। असामाजिक तत्वों को चेतावनी पुलिस व प्रशासनिक पदाधिकारियों ने फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों से असत्य पर सत्य की विजय के त्यौहार दशहरे को खुशीपूर्वक मनाने की अपील की और दूसरे धर्म व संप्रदाय के लोगों की भावनाओं का भी सम्मान करने की अपील की।

## वित्त मंत्री को सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष ने सौंपा मांग पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा :** स्थानीय टेम्पु स्टैंड स्थित जन संवाद अभियान मे शनिवार को आये झारखंड सरकार के वित्त मंत्री रामेश्वर उराव को सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के जिला ईकाइ गढ़वा के जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप देव ने मांग पत्र सौंपा मांग पत्र में सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा राज्य ईकाइ द्वारा सरकार के साथ 28 अगस्त को तय हुए समझौते के साथ ईपीएफ देने की संचिका वित्त विभाग के पास भेजा गया थाद्य विभाग के पास लम्बित पड़े ईपीएफ संचिका अभिलम्ब कैबिनेट में संचिका को पास कराने की मांग किया गया है। मौके पर सहायक अध्यापक के जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप देव, अनिल कुमार गुप्ता, आलोक देव, आनन्द प्रताप देव, रुपेश सिंह, सत्येन्द्र प्रसाद यादव, सहित मौजूद थे।

## डंडीला में दक्षिणेश्वर मंदिर का दिखेगा प्रारूप



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडीला खुर्द गांव में भव्य पूजा पंडाल का निर्माण हो रहा है। कलकत्ता से आए कारीगर भव्य पंडाल को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। इस बार यहां मां दुर्गे दक्षिण भारत के एक प्राचीन भव्य मंदिर के प्रारूप में बिराजेंगी। पूजा कमेटी के अध्यक्ष शशिकांत शुक्ला छोटे ने बताया कि पूजा पंडाल का निर्माण कार्य पिछले एक माह से चल रहा है।

## सीओ प्रशांत कुमार ने लिया केतार अंचल का प्रभार



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवपदस्थापित अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार ने शनिवार को केतार अंचल कार्यालय का पदभार ग्रहण किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह् प्रभारी अंचलाधिकारी सावित्री कुमारी ने नवपदस्थापित अंचलाधिकारी को प्रभार सौंपा। इस मौके पर नवपदस्थापित अंचलाधिकारी प्रशांत कुमार ने कहा की आम जनता की कार्यो का निष्पादन ससमय होगा। राजस्व और अंचल सम्बन्धित कोई भी कार्य कराने के लिए आमजनों को कठिनाई नहीं होगी। क्षेत्र की ग्रामीण जनता बेझिझक अपनी समस्या लेकर अंचल कार्यालय आयें उनकी समस्या का निदान ससमय करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर सीआई नागेन्द्र पाठक, कर्मचारी प्रकाश कुमार, अयोध्या रंजक, रिजवान अंसारी, रघुनाथ पाल सहित अंचल व प्रखंड कर्मी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# हुसैनाबाद विधानसभा भ्रष्टाचार का हब बना : शेर अली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में पार्टी कार्यालय से झारखंड बचाओ यात्रा का शनिवार को शुभारम्भ हुआ. यात्रा के पूर्व पार्टी कार्यालय डॉक्टर भीमराव आंबेडकर बसपा के संस्थापाक मान्यववर कांशी राम के तस्वीर के समक्ष बसपा कार्यकर्ताओ ने पुष्पअर्पित किया, पुष्पअर्पित करने के बाद बसपा के भावी प्रत्याशी शेर अली, पूर्व प्रदेश प्रभारी पुनित अम्बेडकर, पूर्व जिला अध्यक्ष अजय भारती, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष हरी यादव, पूर्व सचिव नुरुल खान ने संयुक्त रूप से पार्टी का झंडा दिखाकर रथ को रवाना किया, कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बसपा के भावी प्रत्याशी शेर अली ने कहा की यह रथ हुसैनाबाद हरिहरगंज विधान सभा के सभी पांचयतो का भर्मण कर झारखंड की मौजूदा हालात के बारे में लोगों को जानकारी देने का काम बसपा के कार्यकर्त्ता करेंगे, यह यात्रा आठ अक्टूबर तक जारी रहेगा, इसका समापन आगमी नौ अक्टूबर को कांशी राम के परिणावनिर्मण दिवस पर शहर के टैक्सी स्टेंड परिसर में एक भव्य सभा का आयोजन किया जाएगा, उन्होंने कहा की आज हुसैनाबाद विधानसभा भ्रष्टाचार का हब बन चूका है, रोजगार के आभाव में युवा वर्ग आज शिक्षित होकर भी रोजगार के लिए अन्य प्रदेशो में पलायन कर रहे है. हरिजन दलितों, पिछडो. अल्पसंख्यको को उनका आज उनको हक़ और अधिकार से वंचित किया जा रहा है. इसके लिए हम सभी लोगों को बसपा के झंडे तले आना होगा. कार्यक्रम मे मुख्य रूप से गुरु प्रसाद, राजकुमार प्रजापति, आरजू खान, मोती कुमार, प्रणव सुमन, बीरेंद्र राम, कृष्ण राम, राजकुमार राम, अलीम अंसारी, अबेदिन अंसारी, असद हुसैन, जुल्फेकार अली, गुड्डू सिद्दीकी, इरफ़ान सिद्दीकी, मुशारत हुसैन, समेत सैकड़ो कार्यकर्त्ता शामिल थे।

# विद्यालय प्रबंधन समिति का किया गया पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिशुनपुरा :** प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च विद्यालय पिपरी कला में शुक्रवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर शिक्षकों, ग्रामीणों व अभिभावकों की बैठक हुई। बैठक में प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक अजित पाण्डेय व नवनीत तिवारी, पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अशोक पासवान तथा प्रधानाध्यापक शशि प्रकाश रमण की मौजूदगी में सर्वसम्मति से विद्यालय प्रबंधन समिति का अध्यक्ष दीपक जायसवाल व उपाध्यक्ष सुषमा देवी को चुना गया।प्रतिनियुक्ति पर्यवेक्षक अजीत कुमार पांडेय व नवनीत तिवारी ने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को उनके कार्य व दायित्व से अवगत करते हुए बेहतर तरीके से विद्यालय संचालक करने को कहा। बताते चले की विद्यालय प्रबंधन समिति के चुनाव में कुल 12 सदस्यों ने भाग लिया जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक जायसवाल को 10 मत प्राप्त हुए, तत्पश्चात युवा समाजसेवी मितेश सिंह उर्फ चिंटू सिंह तथा ग्यासुद्दीन सहित तमाम लोगों ने माला पहनकर स्वागत किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने कहा कि अपने कर्तव्य को निष्ठा पूर्वक निर्वहन करुंगा, विद्यालय में सुरक्षा की दृष्टि कोन से जो भी व्यवस्थाएं होगी उसे जल्द पूरा करूंगा। पहली प्राथमिकता बच्चों को स्किल डेवलपमेंट एवं नए बच्चे विद्यालय से कैसे जुड़े इस पर मेरा विशेष ध्यान होगा।मौके पर हसमत अंसारी, विकास कुमार, प्रदीप रवि, जितेंद्र पाल, पंकज रवि, गुड्डू सिंह, पवन लाल, उपेंद्र चंद्रवंशी,रंजन सिंह सचिन चंद्रवंशी, अजय पाल, शिवकुमार यादव, प्रेम यादव, नन्कू यादव, रघुवीर यादव, राजेंद्र वियार, रामबली भुइयां सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई संपन्न



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया। बैठक में मुख्य रूप से एसडीओ अजय कुमार रजक, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, बीडीओ मनोज तिवारी, प्रशासक राजीव रंजन,थाना प्रभारी प्रमोद सिन्हा उपस्थित थे। मौके पर एसडीओ श्री कुमार ने जनप्रतिनिधियों व पूजा पंडाल के अध्यक्षों से वार्ता किया और समस्याओं से रूबरू होते हुए उनका निदान करने की बात कही। इस दौरान श्री कुमार ने समिति के अध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि हर समिति अपने पंडाल में वालेंटियर को रखे और एक ड्रेस कोड दे, जिससे पहचान करने में आसानी हो। प्रत्येक पंडाल में सीसीटीवी लगाने का निर्देश दिया, साथ ही पार्किंग व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया। विजय दशमी के दिन दस बजे रात तक विसर्जन करने का निर्देश दिया गया। श्री कुमार ने आगे कहा कि बने पंडाल का भवन विभाग व बिजली विभाग के द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। ट्रैफिक व्यवस्था बनाये रखने के लिए हेल्मेट चेंकिग का निर्देश दिया गया। अभिभावकों से नाबालिक को वाहन नहीं देने की अपील की गई। सोशल मीडिया में प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

## भंडार नव प्रभात क्लब के द्वारा चल रहा है भव्य प्रवचन का कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** बिश्रामपुर प्रखंड के ग्राम भंडार में नव प्रभात क्लब के द्वारा दुर्गा पूजा के अवसर पर चल रही रामचरितमानस का भव्य प्रवचन कार्यक्रम। इस कार्यक्रम में संध्या आठ बजे से काफी संख्या में प्रभु का गुणगान सुनने के लिए ग्रामीण क्षेत्र की जनता उपस्थित हो रहे हैं। प्रवचनकर्ता अयोध्या से आए हुए रामचरित्र मानस मर्मज्ञ श्याम नारायणाचार्य के द्वारा संगीत मय प्रवचन लोगो को सुनाई जा रही है। वही नव प्रभात क्लब अध्यक्ष अशोक पान्डेय ने बताया विगत 19 वर्षो से दुर्गा पूजा प्रभात कलभ सदस्यो के सहयोग से रखा जाता है, सुबह बाहर से आऐ हुए आचार्य के द्वारा रामचरितमानस का पाठ एवं रात्री मे प्रवचन का कार्य क्रम आयोजन की गई है। मौके पर उदय पान्डेय, नरेंद्र पांडेय, गणेश पान्डेय, अमर नाथ पाण्डेय, छोटन दुबे, विमल पान्डेय, प्रकाश पाण्डेय, अविनाश पांडेय, विनोद पांडेय, नितीश दुबे, दिलीप पान्डेय, बसंत पान्डेय, कुलदीप पान्डेय, बुचून दुबे, रंमभू शर्मा, मदन साव समेत काफी संख्या मे लोग उपस्थित थे।

## नगर पंचायत में घटिया काम करनेवाले संवेदकों को करे ब्लैकलिस्टेड : अरविंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** छतरपुर नगर पंचायत में लगभग पौने दो अरब की योजनाएं संचालित हुई, लेकिन नगर पंचायत का सूरते हाल नहीं बदला। चारों तरफ टूटी-फूटी नालियां, टूटी हुई सड़कें नगर पंचायत की बदहाली की कहानी है यह बाते नगर के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता ने कहा, यही नहीं नगर मे श्मशान घाटों को भी लुटेरों ने नहीं बख्शा, बनते के साथ वे भी जर्जर हो गयी हैं नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमून ने नगर के कार्यपालक अधिकारी को 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा, उन्होंने बताया कि नगर के विकास कार्यों मे गुणवत्ता अत्यंत ही घटिया है, बालू की जगह स्टोन के डस्ट से सड़क और नालियां बना दी गयी हैं, जांच कर दोषियों पर कार्रवाई कर संवेदकों को ब्लैकलिस्टेड करे। दुर्गा पूजा के मद्देनजर चौक चौराहा पर स्ट्रीट लाइट और हाईमास्ट लाइटे खराब है उसकी मरम्त करवाने नगर पंचायत के सभी वार्डों में सफाई अभियान चलाने। पीएम आवास के लाभुकों की क़िस्त राशि दलालों से मुक्त करते हुए सीधे भुगतान करने सहित दस सूत्री मागो को लेकर कर्यपालक अधिकारी को मांग पत्र सोपा है।

## राजकीयकृत उच्च विद्यालय सिक्की कला में दो दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का किया गया समापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** भारत सरकार स्कॉट गाइड पलामू के तत्वधान मे प्रधानमंत्री संचालित राजकीय कृत उच्च विद्यालय सिक्की कला के प्रांगण में दो दिवसीय प्रशिक्षण समाप्ति के दौरान जिला प्रशिक्षक अमित कुमार झा द्वारा स्काउट गाइड का गहन प्रशिक्षण दिया गया जिसमें बच्चों अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया बच्चे अनुशासन में रहकर अपने जीवन को प्रभावित करें साथ ही अपने आस पास समाज के लोगों को भी अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित करने को कहा गया विगत वर्ष 2023 में प्रशिक्षण पास बच्चों को सर्टिफिकेट दिया गया जिसमें स्कूल के बाल संसद के पूर्व प्रधानमंत्री सह 2023-24 मे मुखयमंत्री मेधा छात्रवृति योजना मे चयनित नवी कक्षा टॉपर चंचल कुमारी को प्रथम स्थान मिला दूसरे स्थान पर पूजा कुमारी तीसरे स्थान पर आशीर्वाद सिंह रहे सभी को प्रशिक्षण पास का सर्टिफिकेट दिया गया साथ ही उज्वल भविष्य की कामना की। सर्टिफिकेट वितरण समारोह में सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड उपाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा, प्रभारी प्रधानाचार्य रामसुन्दर कुजूर, शिक्षक संजय कुमार सिंह, राजकुमारी, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रामस्वरुप सिंह मौजूद रहे।

## बैठक में नहीं पहुंचे अधिकारी, किया नाराजगी व्यक्त



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को प्रखंड़ 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई। बैठक प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष विनोद पासवान की अध्यक्षता में हुई।बैठक में बीडीओ राहुल देव,सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा मुख्य रूप से उपस्थित थे।बैठक में इक्का-दुक्का छोड़ विभाग के कई पदाधिकारी नहीं पहुंचे।जिसे लेकर 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति के सदस्यों ने विभाग के पदाधिकारियों के विरुद्ध नाराजगी व्यक्त किया। 20 सूत्री अध्यक्ष ने सीओ से कहा कि अंचल कार्यालय में दलाली चरम पर है। सरकार से 20 सूत्री कार्यालय में समान खरीदने के लिए 70 हजार रुपए दिया गया था। नाजिर के द्वारा पैसा निकासी कर 20 सूत्री कार्यालय में अबतक कोई समान नहीं खरीदने का मामला उठाया गया।अंचल व थाना में कार्यरत चौकीदार का बेतन की राशि निकाशी करने में भी अंचल कार्यालय के बड़ा बाबू के द्वारा पैसा की मांग किया गया था। जिसका मामला भी सदन में उठाया गया।थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि पैसा मांग का मामला सही पाया गया तो बड़ा बाबू के खिलाफ मामला दर्ज की जाएगी। वहीं किसानों के कुआं का मैटेरियल का पैसा भेंड़रो व मुखिया के बिचौलिया गिरी से लाभुको को पैसा नहीं मिलने का भी मामला प्रकाश में आया।जबकि विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी ने पहरा पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा के पंचायत में आवास में मनमानी करने के मामले में पहरा मुखिया बेबी देवी के द्वारा दिए आवेदन की जानकारी जुटाई।वही पंचायत सचिव को पहरा पंचायत से हटाने का निर्णय लिया गया।20 सूत्री विनोद पासवान ने प्रखंड़ कर्मियों के लापरवाही को लेकर जमकर फटकार लगाया।

## सरस्वती विद्या मंदिर में विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय अध्यक्ष जोखू प्रसाद, उपाध्यक्ष डॉ धर्मचंद लाल अग्रवाल, सचिव रवि प्रकाश,सह सचिव चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, अभिभावक प्रतिनिधि शशिकला एवं विज्ञान मेला के निर्णायक पूर्व छात्र शिवम प्रकाश, डॉ विकाश कुमार, डॉ सजल गर्ग, अभय कुमार शर्मा, सौरभ कुमार सिंह, सुमित कुमार द्वारा संयुक्त रूप से भारत माता, माँ सरस्वती, भारतीय वैज्ञानिक नागार्जुन, जगदीशचंद्र बसु और सुश्रुत के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया। विज्ञान प्रदर्शनी मेला में शिशु, बाल व किशोर वर्ग से कुल 90 प्रकार के विभिन्न मॉडल तैयार किए गए थे। विज्ञान प्रदर्शनी मेला के उद्देश्यों के बारे में चर्चा करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने बताया कि बाल वैज्ञानिकों में विज्ञान के प्रति रुझान इस तरह के विज्ञान मेले के माध्यम से होती है। भैया बहनों के अथक परिश्रम से विज्ञान मेला में प्रदर्शनों का निर्माण किया गया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में विज्ञान के प्रति नई खोज के साथ उनके मस्तक में ऊर्जा का संचार होता है। विज्ञान मेला का आयोजन से बच्चों में अन्वेषण व रचनात्मक का विकास होता है। इसमें प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी प्रांतीय विज्ञान मेला सरस्वती विद्या मंदिर, बरगंडा गिरिडीह में भाग लेंगे। विज्ञान मेला तीन वर्गो में आयोजित की गई थी। शिशु वर्ग में कक्षा 4 और 5 के भैया बहन, बाल वर्ग कक्षा 6 से 8 तक तथा किशोर वर्ग कक्षा 9 और 10 के भैया-बहनों ने विभिन्न विषयों पर मॉडल का प्रदर्शन किया। आगन्तुक दर्शकों ने भैया- बहनों से प्रदर्श संबंधित जिज्ञासा का समाधान किया। निर्णायकों को समिति के अधिकारियों द्वारा अंग वस्त्र, दैनंदिनी, उत्सर्ग पत्रिका भेंट कर सम्मानित किया गया। आगन्तुक में रवि प्रकाश बब्लू, संजीव कुमार सिंह, पत्रकार शुभम जायसवाल, लखन मेहता, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, निधि भारती आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने पंडरिया और अरसली दक्षिणी को दिया रोड का तोहफा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्रखंड अंतर्गत विद्यायक भानु प्रताप शाही ने पंडरिया पंचायत तथा अरसली दक्षिणी पंचायत में करीब आठ करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत दो सड़क का शिलान्यास कर तोहफा दिया। विधायक भानु प्रताप शाही ने शिलापट्ट का अनावरण तथा नारियल फोड़ कर ग्रामीणों से शिलान्यास कराया। पंडरिया पंचायत के धनी मंडरा में 2.65 करोड़ रुपए की लागत से मुख्य पथ से विश्वनाथ वियार के घर तक तथा अरसली दक्षिणी पंचायत में 5.67 करोड़ रुपए की लागत से अरसली दक्षिणी मुख्य पथ हेसलदाग, अकेलवा, चेरवाडीह होते हुए बैगाडीह धाम तक का किया। धनी मंडरा में ग्रामीणों ने विधायक को फुल माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा भवनाथपुर का दिन फिर से गुलजार होगा बाबूलाल मरांडी के मुख्यमंत्री बनते ही भवनाथपुर में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनेगा,यह मेरा वादा है। कहा हमारा वादा झूठा नहीं होता है, जो जनता से वादा करते हैं उसे पूरा करने का काम करते हैं।


झारखण्ड सरकार
सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय

शुद्धि पत्र

Reference No -1550 Date :- 05-10-2024

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार के विकास कार्यक्रमों एवं काल्याणकारी योजनओं को जन-जन तक पहुंचाने हेतु कुल 43 वाहनों पर एल0ई0डी0 के माध्यम से प्रचार-प्रसार कराने हेतु दर निर्धारण तथा एजेन्सियों के सूचीबद्धता के लिए निर्बंधित एवं अनुभवी फर्मो से Tender ID 2024_IPRD _94429_1 तथा PR Number - 337435 के द्वारा आमंत्रित की गई ई-निविदा के कंडिकाओं को निम्न अनुसार संसोधित किया जाता है। ई-निविदा के अन्य शर्तें यथावत रहेंगे।

| पूर्व शर्तें | संशोधित शर्तें |
|---|---|
| 1. निविदादाता प्रतिष्ठान का निबंधन एवं कार्यालय झारखण्ड राज्य में अवस्थित होना चाहिए। | 1. निविदादाता प्रतिष्ठान का निबंधन एवं कार्यालय झारखण्ड राज्य में अवस्थित होना चाहिए। जिन निविदादाता का कार्यालय झारखण्ड राज्य में नही है और वे निविदा में सफल होते है तब उन्हें निविदा आवंटन के एक माह के अन्दर झारखण्ड राज्य में कार्यालय खोलना होगा तथा इस आय का शपथ पत्र समर्पित करना होगा। |
| 2 निविदादाता के पास झारखण्ड राज्य का GST होना चाहिए। | 2 जिन निविदादाता के पास झारखण्ड का GST नहीं है वैसे निविदादाता का चयन के स्थिति में एक माह के अन्दर झारखण्ड राज्य का GST प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इस आय का शपथ पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा। |
| 8. निविदादाता का विगत तीन वर्षों का औसत टर्नओवर कम से कम 2 करोड़ रुपये होना चाहिए। | 8. निविदादाता का विगत तीन वर्षों का औसत टर्नओवर कम से कम 1 करोड़ रुपये होना चाहिए। |

ह0/-
निदेशक

PR NO-338159 (IPRD)


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 274
रविवार
06.10.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
जिंदगी में हर वक्त गिला शिकवा ही नहीं, कभी तो छोड़ दीजिए कस्ती को लहरों के सहारे!

### चतुर्थकम : कूष्मांडा



ऐं ह्रीं देव्यै नमः

देवी में ब्रह्मांड को उत्पन्न करने की शक्ति व्याप्त है और ये उदर से अंड तक अपने भीतर ब्रह्मांड को समेटे हुए है, इसलिए मातारानी को कूष्मांडा नाम से जाना जाता है.

## सीएम ने किया एमजीएम अस्पताल डिमना, मानगो के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन एवं ओपीडी का शुभारंभ

# कोल्हान के लोगों को अब मिलेगा बेहतर स्वास्थ्य सुविधा : हेमंत

### मुख्यमंत्री ने साकची डीएमएम पुस्तकालय-सह-बहुउद्देशीय भवन तथा कदमा में बहुउद्देशीय कान्वेंशन सेंटर का भी किया ऑनलाइन उद्घाटन किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** आज कोल्हान, पूर्वी सिंहभूम क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक दिन है। इस क्षेत्र के आम जनमानस को बेहतर स्वस्थ्य चिकित्सा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 500 बेड का एक भव्य अस्पताल हमारी सरकार समर्पित कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्षों से टाटा शहर में अवस्थित अस्पताल जनता की सेवा में था। वर्षों पुराना होने की वजह से उसकी स्थिति जर्जर होती जा रही थी। ऐसे में राज्य सरकार के निर्णय के अनुरूप एक नया मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल आज से कोल्हान की जनता की सेवा में रहेगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बाबा तिलका मांझी मैदान, मानगो, जमशेदपुर में आयोजित एमजीएम अस्पताल डिमना, मानगो के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन एवं ओपीडी का शुभारंभ कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में कही।

### रोटी, कपड़ा, मकान और रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में हुए सकारात्मक कार्य

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार शुरुआती दिनों से ही यहां के लोगों को रोटी, कपड़ा और मकान उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर प्रयासरत रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में झारखंड के लोग दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए जाते हैं, इसलिए हमारी सरकार ने कानून बनाया कि यहां जो उद्योग लगेंगे उसमें 75 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को नियोजित करना होगा। इस कानून का लाभ यहां के नौजवानों को मिला भी। आजकल निजी क्षेत्र में हमारे युवक-युवतियों को रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य की महिलाओं को सम्मान देने का काम कर दिखाया है। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में आर्थिक सहयोग जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने मंईयां सम्मान योजना के तहत दो किस्त का हस्तांतरण कर दिया है। अब जल्द ही तीसरी किस्त दुर्गा पूजा में जाएगा, ताकि आपका त्योहार खुशी पूर्वक मनायी जा सके।

**राज्यवासियों को कई महत्वाकांक्षी योजनाओं का मिल रहा लाभः** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि गरीब, किसान, मजदूर सहित सभी वर्ग-समुदाय के लोगों को राज्य सरकार द्वारा अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से लाभ प्रदान किया जा रहा है। किसानों का 2 लाख रुपए तक का ऋण माफ किया गया। गरीब बिजली उपभोक्ताओं का 200 यूनिट तक का बकाया बिजली बिल माफ किया गया साथ ही 200 यूनिट तक बिजली मुफ्त कर दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य में सर्वजन पेंशन योजना लागू करने का कार्य किया। यह योजना इतनी प्रभावकारी रही कि वर्तमान समय में सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत पात्र सभी लोगों को पेंशन उपलब्ध कराया जा रहा है।

### मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्र-छात्राओं की समस्याओं का होगा यथोचित समाधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस एमजीएम मेडिकल कॉलेज में पढ़ रहे छात्रों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिए हैं। मैं आप सभी छात्रों से कहना चाहूंगा कि यह बात हमारे कानों तक आज पहुंची है। आप आश्वस्त रहें, एक माह के अंदर आपकी समस्या का समाधान होना प्रारंभ हो जाएगा। बेफिक्र होकर अपने कार्य को अंजाम देते रहें। आप जनता की सेवा में लगें, अच्छे चिकित्सक बनें। आपकी समस्या का समाधान राज्य सरकार करेगी।



### केंद्र सरकार 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपए उपलब्ध कराए तो महिलाओं के खातों में भेजेंगे 3 लाख रुपए

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार की कोयला कंपनियों पास झारखंड का 1 लाख 36 हजार करोड़ रुपया बकाया है। अगर यह पैसा केंद्र सरकार झारखंड को उपलब्ध करा दे तो राज्य सरकार इस स्थिति में होगी कि हर महिला के खाते में तीन-तीन लाख रुपया भेज सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जमशेदपुर में भी नया मेडिकल कॉलेज अस्पताल बनाने का निर्णय लिया गया है, जल्द इसकी आधारशिला रखी जाएगी। आपकी सरकार लगातार स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यवस्थाओं को मजबूत करने के प्रयास में जुटी है। जमशेदपुर के मानगो और पारीडीह में भी फ्लाईओवर का काम चल रहा है। बहुत जल्द इसमें वाहनों का परिचालन जमशेदपुरवासी शुरू कर सके, इसका प्रयास किया जा रहा है।

### कोरोना संक्रमण काल में झारखंड ने पूरे देश को उपलब्ध कराया मेडिकल ऑक्सीजन

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आप सभी को याद होगा कि जब राज्य में मेरे नेतृत्व में यहां के आदिवासी-मूलवासियों की अपनी सरकार का गठन 2019 में हुआ था उस समय सरकार के गठन के चंद दिनों बाद ही वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण ने पूरी दुनिया को अपने चपेट में ले लिया। अचानक केंद्र सरकार का आदेश के अनुसार लॉकडाउन का आदेश हुआ और वह ऐसा आदेश था, जिससे पूरा भारत देश जहां का तहां खड़ा रह गया। पूरा देश रुक सा गया। सभी लोग अपने-अपने घरों में बंद रहने के लिए मजबूर हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमसभी को यह गर्व होना चाहिए कि देश के लोगों को कोरोना संक्रमण से सुरक्षित करने का काम झारखण्ड ने किया। पूरे देश में मेडिकल ऑक्सीजन सप्लाई करने में झारखण्ड नंबर 1 रहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकट परिस्थिति के समय हमारी सरकार ने ऑक्सीजन सप्लाई कर पूरे देश के लोगों की जान बचाने का काम करती रही।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थित

इस अवसर पर मंत्री बन्ना गुप्ता,रामदास सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक समीर कुमार मोहन्ती, विधायक संजीव सरदार, विधायक सविता महतो, अध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग हिदायतुल्लाह खान, उपाध्यक्ष, गौ-सेवा आयोग राजू गिरी, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष, मोहन कर्मकार के अलावा पूर्वी सिंहभूम जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।




### डॉक्टर्स ने आमरण अनशन शुरू करने की दी चेतावनी

**कोलकाता :** जूनियर डॉक्टर्स ने अपनी पूरी तरह से काम रोकों हड़ताल को वापस लेने का फैसला किया है, लेकिन इसके बावजूद डॉक्टर्स ने अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा है। दरअसल शुक्रवार को कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में डॉक्टर्स एक रैली निकाल रहे थे। इस दौरान पुलिस ने डॉक्टर्स की रैली पर लाठीचार्ज किया। पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने से डॉक्टर्स में नाराजगी है। बारिश के बावजूद डॉक्टर्स का विरोध प्रदर्शन जारी है। डॉक्टर्स एल्पालांडे इलाके में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारी छाता लेकर तो कुछ पॉलीथीन के शेड के नीचे छिपे दिखाई दिए। डॉक्टर्स ने इससे पहले पूरी तरह से काम रोकने का एलान किया था, लेकिन शुक्रवार को रात करीब साढ़े आठ बजे उन्होंने पूरी तरह से काम रोकने की हड़ताल वापस लेने का फैसला किया। डॉक्टर्स ने बंगाल सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है और मांग की है कि या तो सरकार उनकी मांगे मान ले या फिर वह आमरण अनशन शुरू कर देंगे। डॉक्टर्स ने प्रदर्शन स्थल पर एक बड़ी सी घड़ी भी लगाई है ताकि समय की पाबंदी पर ध्यान रखा जा सके। प्रदर्शनकारी डॉक्टर्स का कहना है कि जब आप किसी कारण के लिए लड़ाई लड़ते हैं तो आप ये उम्मीद नहीं कर सकते कि चीजें आसान होंगी। हालांकि हमने उम्मीद की थी कि हमारे साथ राज्य सरकार की तरफ से अच्छा व्यवहार होगा। पुलिस द्वारा किया गया लाठीचार्ज और अपशब्द कहना, दोनों ही गलत हैं। हम उनसे माफी की मांग करते हैं।

## क्विक न्यूज

### बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति एक्यूएम बदरुद्दोजा चौधरी का 94 वर्ष की आयु में निधन

**ढाका :** बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति एक्यूएम बदरुद्दोजा चौधरी का निधन हो गया। राजधानी के उत्तरा स्थित महिला मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान शनिवार सुबह करीब साढ़े तीन बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वह 94 वर्ष के थे।ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति बदरुद्दोजा चौधरी लंबे समय से विभिन्न शारीरिक जटिलताओं से पीड़ित थे। उनके पुत्र माही बी चौधरी ने कहा कि उनका पार्थिव शरीर आज बारीधारा स्थित बदरुद्दोजा चौधुर के आवास पर ले जाया जाएगा। रविवार सुबह उनका पार्थिव शरीर मुंशीगंज के श्रीनगर स्थित उनके गांव ले जाया जाएगा। वहीं उन्हें दफनाया जाएगा।

### मुख्यमंत्री साय ने सशस्त्र सैन्य समारोह का किया शुभारंभ, आर्मी हथियारों की ली जानकारी

**रायपुर :** रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में शनिवार को भव्य सशस्त्र सैन्य समारोह का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। मुख्यमंत्री साय के साथ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, गृह मंत्री विजय शर्मा समेत अन्य भाजपा नेता व अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री साय ने इंडियन आर्मी के हथियार को हाथों से उठाकर देखा और उसकी खासियत की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि सैन्य शक्ति प्रदर्शन आर्मी मेले का आयोजन 5 से 6 अक्टूबर तक किया जाएगा। समारोह में भारतीय सैनिकों के स्ट्रेला 10 एम, टी- 90 भीष्म टैंक, जेडीयू 23 गन और 105 आर्टिलरी एमएम लाइट फील्ड गन जैसे आधुनिक हथियार और उपकरणों को लोग नजदीक से देख सकेंगे।

### हैती में सेवियन गिरोह के हमले में 70 लोगों की मौत

**पोर्ट-औ-प्रिंस :** कैरिबियन देश हैती के छोटे शहर पोंट-सोंडे में गुरुवार को सशस्त्र सेवियन गिरोह के हमले में कम से कम 70 लोग मारे गए। पोंट-सोंडे राजधानी पोर्ट-औ-प्रिंस से लगभग 71 किलोमीटर (44 मील) उत्तर-पश्चिम में सेंट-मार्क के कम्यून में है।द हैतियन टाइम्स अखबार के अनुसार, डाकुओं के इस हमले में दर्जनों अन्य लोग घायल हो गए। कम से कम 3,000 लोग घर छोड़कर भाग गए। हैती में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के प्रवक्ता थमीन अल-खेतान ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की है। स्थानीय लोगों ने पुलिस अधिकारियों को संदेश भेजकर मदद की गुहार लगाई है। इस हमले ने पोंट सोंडे क्षेत्र और सेंट-मार्क जैसे पड़ोसी क्षेत्रों के निवासियों में दहशत पैदा कर दी है।

### जम्मू-कश्मीर के बारामुला में एनआईए ने की छापेमारी

**बारामुला :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी शनिवार को जम्मू-कश्मीर के बारामुला जिले सहित पूरे भारत में कई स्थानों पर छापेमारी कर रही है। यह छापेमारी जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन की गतिविधियों से जुड़े मामले में की जा रही है।अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि एनआईए की टीम जम्मू-कश्मीर में बारामुला के अलावा महाराष्ट्र, यूपी, असम और दिल्ली सहित 5 राज्यों में 22 स्थानों पर तलाशी ले रही है। उन्होंने कहा कि मामला जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठन की गतिविधियों से जुड़ा है। अधिकारियों ने कहा कि एनआईए की टीमें आज सुबह से ही बारामुला जिले में तलाशी ले रही हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 28° |
| न्यूनतम | 22° |

## राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा अधिकारियों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को अधिक समय तक कतार में खड़ा न रहना पड़े इस उद्देश्य से मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने का प्रयास करना है।इस हेतु वोटिंग कंपार्टमेंट के अंदर चेन सिस्टम के आधार पर मतदाताओं के मतदान प्रक्रिया को पूर्ण कराना है। उन्होंने कहा कि इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप सभी पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे मतदान प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस बात का ध्यान रखना है कि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न होने पाए। इसके लिए आवश्यक समय पुर्व तैयारियां होनी चाहिए। ताकि अनावश्यक रूप से मतदाताओं को क्यू में खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार नहीं करना पड़े। श्री कुमार नव पदस्थापित आरओ एवं एआरओ के लिए निर्वाचन सदन में आयोजित पांच दिवसीय, 5 से 9 अक्टूबर तक चलने वाले प्रशिक्षण सह प्रमाणन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया में आरओ एवं एआरओ की अहम भूमिका होती है।

## प्रदेश भाजपा ने जारी किया पंच प्रण : सरकार बनते ही गोगो दीदी योजना से महिलाओं का हाथ करेंगे मजबूत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश भाजपा ने शनिवार को झारखंड की जनता से पांच वादे किए हैं। इसे पंच प्रण नाम भी दिया गया। होटल काव्स, हरमू रोड में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, संगठन प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी और नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की उपस्थिति में पंच प्रण की जानकारी दी। बाबूलाल मरांडी कहा कि आज पांच तारीख को हम सब संध्या पांच बजे पांच प्रण यहां की जनता से कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि भाजपा महिला सशक्तिकरण के लिए अभी चुनाव के मद्देनजर बात कर रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में कई ऐसी पहल होती रही है, जिससे महिलाओं का उत्थान, विकास हो। लोकसभा, विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के लिए पहल हो, तीन तलाक के खिलाफ




कानून बनाना हो, सुकन्या समृद्धि योजना की शुरुआत हो, महिलाओं, बहनों के लिए शौचालय निर्माण हो, पीएम मातृ वंदना और दूसरी योजनाएं हो, इससे उल्लेखनीय बदलाव माताओं, बहनों के जीवन में आया। यहां भी पूर्व में एक रुपये में महिलाओं के नाम 50 लाख रुपये तक की संपत्ति रजिस्ट्री के प्रावधान की बात हो, भाजपा सरकार में हुआ। पंच प्रण में भाजपा ने तय किया है कि वह गोगो (संथाली भाषा का शब्द जिसका अर्थ मां) दीदी योजना लाएगी। इसके तहत हर माह के 11 तारीख को 2100/- माताओं, बहनों के खाते में आएंगे। राज्य के सभी परिवारों को 500 रुपए में गैस सुविधा और दो अतिरिक्त सिलेंडर हर साल देंगे। बाबूलाल ने भरोसा दिलाते कहा कि भाजपा राज्य में लक्ष्मी जोहार शुरू करेगी, जिसके तहत के सभी घरों में 500 रुपये में एलपीजी गैस सिलेंडर और साल में दो मुफ्त सिलेंडर उपलब्ध कराएगी। भाजपा राज्य में सुनिश्चित रोजगार शुरू करेगी, जिसके तहत झारखंड में युवाओं के लिए पांच साल में पांच लाख स्वरोजगार के अवसर पैदा करेगी। इसके अलावा 2.87 लाख खाली सरकारी पदों के लिए निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती की जाएगी। इसे सुनिश्चित करने के लिए पहली कैबिनेट बैठक में ही भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी, जिससे नवंबर 2025 तक 1.5 लाख भर्तियां पूरी हो जाएंगी। इसके अलावा एक वार्षिक कैलेंडर पेश किया जाएगा, जिसमें सभी मौजूदा परीक्षाओं को एक ही परीक्षा में शामिल किया जाएगा। भाजपा उन युवाओं की चुनौतियों का समाधान करेगी, जो अपना करियर शुरू करने में संघर्ष कर रहे हैं। इसके लिए हम हर स्नातक और स्नातकोत्तर युवा को दो साल के लिए 2,000 रुपये प्रति माह का युवा साथी भत्ता देगी। इससे उन्हें अपनी पढ़ाई और करियर के खर्चो जैसे की किताबें और कोचिंग फीस को पूरा करने में मदद मिलेगी। भाजपा राज्य में घर साकार शुरू करेगी, जिसके तहत झामुमो सरकार के कुशासन को सुधारने और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण आवास सुनिश्चित करने के लिए घरों के निर्माण के लिए मुफ्त बालू उपलब्ध कराएंगी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण रूप से लागू करके 21 लाख घरों का निर्माण और प्रत्येक को 1 लाख की बढ़ी हुई सहायता प्रदान करेगी।

## एक्जिट पोल : हरियाणा में कांग्रेस की बंपर जीत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** जम्मू कश्मीर और हरियाणा के विधानसभा चुनावों के लिए मतदान पूरा हो गया. एग्जिट पोल्स के नतीजे आ गए हैं. हरियाणा (90 सीटें) के अधिकतर एग्जिट पोल्स कांग्रेस की बंपर जीत करवा रहे हैं. वहीं इनके अनुमान के मुताबिक-बीजेपी 10 साल बाद सत्ता से बाहर होती दिख रही है. हरियाणा के एग्जिट पोल्स की बात करें तो सभी कांग्रेस को बहुमत का अनुमान जता रहे हैं. दैनिक भास्कर के एग्जिट पोल ने कांग्रेस को 44 से 54 और बीजेपी को 15 से 29 सीटें, वहीं ध्रुव

### जम्मू-कश्मीर में एनसी-कांग्रेस का पलड़ा भारी



रिसर्च ने बीजेपी को 22 से 32 और कांग्रेस को 50 से 64, एग्जिट पोल ने कांग्रेस को 49 से 61 और बीजेपी को 20 से 32 सीटें वहीं रिपब्लिक भारत-मैट्राइज ने कांग्रेस को 55 से 62 और बीजेपी को 18 से 24 सीटें मिलने का अनुमान जताया है.जम्मू-कश्मीर (90 सीटें) के एग्जिट पोल्स में कांग्रेस और एनसी सबसे आगे हैं. पीपल्स पल्स के एग्जिट पोल में कांग्रेस को 46 से 50 यानी बहुमत मिलने का अनुमान जताया गया है. वहीं दैनिक भास्कर ने 35 से 40 यानी त्रिशंकु सरकार का अनुमान और वहीं इंडिया टुडे और सी वोटर ने 40 से 48 सीटें मिलने का अनुमान जताया है. इन एग्जिट पोल्स के नतीजों की मानें तो जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और एनसी की सरकार बनने का अनुमान है.एग्जिट पोल्स को लेकर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूरे बहुमत से भाजपा की सरकार आएगी. 8 अक्टूबर को पूर्ण बहुमत के साथ बीजेपी आएगी. हमें पूरा विश्वास है कि पिछले 10 सालों में हरियाणा के लोगों ने जो काम देखा है, हर वर्ग के लिए काम हुए हैं, हरियाणा को क्षेत्रवाद से मुक्ति दिलाई, परिवारवाद और भेद-भाव से मुक्ति दिलाने का काम हमारी सरकार ने 10 सालों में किया है.

## पीएम ने 9.4 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 20 करोड़ रुपए जारी की

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने लगभग 9.4 करोड़ किसानों के खाते में 20,000 करोड़ रुपये की पीएम-किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त भी जारी की। इससे पहले पीएम मोदी वाशिम पहुंचे। यहां उन्होंने जगदंबा माता मंदिर, पोहरादेवी में दर्शन पूजा-अर्चना की। उन्होंने संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधियों पर श्रद्धांजलि भी दी।इसके बाद प्रधानमंत्री ने बंजारा समुदाय की समृद्ध विरासत का जश्न मनाते हुए बंजारा विरासत संग्रहालय का उद्घाटन किया। फिर उन्होंने कृषि और पशुपालन क्षेत्र से जुड़ी लगभग 23,300 करोड़ रुपये की कई पहलों की शुरुआत की। इसके बाद पीएम मोदी ने ठाणे में 32,800 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। वे मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना के लाभार्थियों को सम्मानित भी किया।



## संक्षिप्त खबरें

### शॉर्ट सर्किट की वजह से भाजपा कार्यालय में लगी आग



**रांची :** अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू रोड स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में शनिवार को आग लग गयी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि एसी में शॉर्ट सर्किट की वजह से प्रदेश प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेई के कमरे में आग लगी थी। अगलगी के बाद तुरंत लोगों ने आग को बुझाया। इस घटना में किसी भी प्रकार की जान माल की क्षति नहीं हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि एसी में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी, जिसे बुझा लिया गया। अगलगी में कोई हताहत नहीं हुआ। उल्लेखनीय है कि बीते चार जून को भी भाजपा कार्यालय में आग लगी थी।

### लाल किशोर नाथ शाहदेव और संजय पांडेय को कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेवारी

**रांची :** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग का विस्तार किया है। इस संबंध में शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मीडिया चेयरमैन सतीश पाल मुंजनी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस ने लाल किशोर नाथ शाहदेव और संजय पांडेय को मुख्य प्रवक्ता की जिम्मेवारी सौंपी है। पार्टी के नीति, सिद्धांतों, कार्यक्रमों को मीडिया के माध्यम से जनता के समक्ष रखने के लिए मीडिया कमिटी में विस्तार किया गया है। मुंजनी ने आशा व्यक्त की है कि दोनों नेता संगठन के हित में नेतृत्व के निर्देशों का पालन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

# पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ को सीएम हेमंत सोरेन से है उम्मीदें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** झारखण्ड पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ (झारखण्ड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने अपने लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को मांग पत्र सौंपकर वस्तुस्थिति की जानकारी दी थी। इसके बाद भी अबतक समस्या का समाधान नहीं किया गया। जिसकारण से पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ (झारखण्ड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ में थोड़ा मायुसी है। संघ का कहना है कि विधानसभा 2024 को लेकर आचार संहिता लगनी है इसके पहले आयोजित होने वाले कैबिनेट में हमारी मांगों को पूरा किया जाना चाहिए। संघ ने अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा है कि महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक का पत्रांक 260/पी0 07.05. 20241 है। झारखण्ड राज्य पुलिस चतुर्थवर्गीय संवर्ग के कर्मियों के लिए झारखण्ड राज्य पुलिस ट्रेड संवर्ग (भर्ती, प्रान्नति तथा अन्य सेवा शर्त) नियमावली 2024 गठित करने के संबंध में कहा गया है। पत्र में महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, झारखण्ड, राँची द्वारा पुलिस में कार्यरत चतुर्थवर्गीय कर्मियों के लिए ट्रेड संवर्ग (भर्ती, प्रोन्नति तथा अन्य सेवा शर्त) नियमावली गठित करने के संबंध में प्रधान सचिव, गृह कारा आपदा एवं प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची को अग्रसारित कर दिया गया है , लेकिन अभी तक इस पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है? इस पर अविलंब कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर नियामवाली गठित किया जाए। झारखण्ड पुलिस में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी पुलिस के साथ उग्रवाद क्षेत्रों में कई दशको से डियूटी कर रहे है, लेकिन अभी तक इन्हें ना तो पुलिस की भांति लाभ दिया जाता है और ना ही प्रोन्नति और सुविधा दी जाती है। ये जिस पद पर बहाल होते है उसी पद मे सेवानिवृत भी होते है।इसलिए महानिदेशक सह पुलिस महानिरीक्षक के पत्रांक-260/पी0 07.05.2024 पर सकारात्मक कार्यवाही करने करते हुए मुहर लगाई जाए।

**मुख्यमंत्री ने दिया भरोसा :** 19 अगस्त 2024 को झारखण्ड पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ के केंद्रीय पदाधिकारी महामंत्री सुधीर थापा, प्रदेश संयुक्त मंत्री चंद्रदीप ठाकुर और प्रदेश उपाध्यक्ष विनोरमा कुमारी ने झारखण्ड राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से ट्रेड रैंक के विषय में विस्तृत रूप से वार्ता की।

मुख्यमंत्री ने कहा था कि इस विषय पर मुझे संज्ञान है और में आप लोग के विषय पर कार्य कर रहा हूं, आप लोग बेफिक्र रहे, आपकी ये मांग अवश्य ही पूरी होगी। इसलिए इसे गंभीरति पूर्व अगले कबिनेट में प्रस्ताव लाकर पारित किया जाए। उक्त जानकारी झारखण्ड पुलिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ की संयुक्त महा मंत्री नूरजहां खातून ने दी।

# फ्लाईओवर के नीचे सड़क की चौड़ाई कम है, बन सकती है जाम स्थिति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखंड का बहुत चर्चित कांटाटोली फ्लाईओवर का उद्घाटन 4 अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किया जा चुका है। यह फ्लाईओवर 2240 मीटर लंबी, 16.6 मीटर चौड़ी है, जो योगदा सत्संग बहू बाजार वाया कांटा टोली होते हुए शांति नगर कोकर तक है। 224 . 94 करोड़ की लागत से बनी यह फ्लाई ओवर के पहले और अंतिम छोर दोनों तरफ 32 और 32 कुल मिलाकर 64 दुकानें भी बनाई गई है, जो आवंटित की जायेगी।

**दुकान के कारण लग सकती है जाम :** यह दुकानें उन लोगों को मिलेगा जिनकी जमीन फ्लाईओवर निर्माण के दौरान गई है। इसका आवंटन रांची नगर निगम के द्वारा किया जाएगा । प्राथमिकता के आधार पर जिनकी जमीन गई है, उन्हें पहले चिन्हित किया जाएगा, इसके बाद आगे निर्णय लिया जाएगा। लेकिन जहां पर दुकानें बनाई गई है कांटा टोली के नजदीक मंगल टावर के आस पास और दूसरा जो है बहु बाजार के नजदीक दुकाने हैं। लेकिन यहां सड़क का चौड़ीकरण काम है। यदि आप देखे तो अगर दुकान भविष्य में खुलती है तो यहां पर भीड़ होगी, और सड़क चौड़ीकरण कम होने के कारण पहले की तरह जाम की स्थिति फिर से बनने लगेगी । क्योंकि फ्लाईओवर का निर्माण इसीलिए कराया गया था, कि यहां पर वाहनों से जाम की स्थिति न उत्पन्न हो । इसको देखते हुए कांटा टोली फ्लाईओवर का निर्माण किया गया है। लेकिन दुकानों को जिस तरह से बनाया गया है, सड़क की चौड़ाई कम है तो यह सब देखने के साथ ही लग रहा है कि यहां पर जाम की स्थिति उत्पन्न होगी। इसलिए सड़क का चौड़ीकरण होना अति आवश्यक है । ऐसा अनुमान डोरंडा ओवरब्रीज के नीचे बनी दुकानों के कारण होने वाले जाम की स्थिति को देखते हुए कहा जा रहा है।

**सावधानी जरुरी :** साथ ही फ्लाईओवर के ऊपर जितने भी फूलों के गमले लगाए गए हैं ,खूबसूरती के लिए रखे गये हैं इसकी देखरेख जरुरी है। इसके लिए सीसीटीवी कैमरे की आवश्यकता भी है । फ्लाईओवर पर नशेड़ियों का जमवाड़ा ना लगे , बाइकर्स स्टंट न करें, बिना हेलमेट, बिना सिटी बेल्ट का कोई वाहन ना चलाएं , 40 से अधिक स्पीड गाड़ी चलाने पर रोक लगे, इन सबको सुरक्षा की दृष्टिकोण से देखते हुए पुलिस की गस्ती भी जरूरी है।

## 150 होमगार्ड जवानों को दिया जा रहा प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** धुर्वा होमगार्ड प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे होमगार्ड जवानों का समापन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ज्ञातव्य हो कि रांची जिला यातायात प्रबंधन के लिए 700 होमगार्ड जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमें 150 जवानों को एक बार में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसका यह तीसरा बैच है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सुमित कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रांची के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे होमगार्ड जवानों को यातायात प्रबंधन हेतु आवश्यक निर्देश दिए साथ ही प्रशिक्षण में उन्नत प्रदर्शन करने वाले होमगार्ड जवानों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रमोद केसरी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात प्रथम रांची, होमगार्ड कमांडेंट, यातायात थाना प्रभारी, पुलिस केंद्र से सार्जेंट एवं अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल हुए।

## महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती के खिलाफ थाने में किया शिकायत : आयुबी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** एआईएमआईएम झारखंड प्रदेश सचिव-सह-राँची महानगर अध्यक्ष मोहम्मद शाहिद अय्यूबी के नेतृत्व में 05 सितंबर 2024 को गुस्ताखे-रसूल महंत यति नरसिंहानंद सरस्वती के खिलाफ राँची के हिंदपीड़ी थाना में एक लिखित आवेदन दिया गया । जिस में इस्लाम धर्म के पैग़म्बर (स.ल) पर आपत्तिजनक बयान देने वाले यति नरसिंघानन्द सरस्वती के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर क़ानूनी करवायी करने की माँग की गई। शाहिद अययूबी ने प्रेस रिलीज जारी करके बताया कि 29 सितंबर को ग़ाज़ियाबाद के एक कार्यक्रम में डासना मंदिर के महंत स्वामी यति नरसिहानन्द के द्वारा वहां पर एक वक्तव्य दिया गया था जो गुरुवार से ही सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उक्त वक्तव्य को मेरे द्वारा भी देखा व सुना गया, वह मुसलमानों की भावना को ठेस पहुंचाने का वक्तव्य दे रहे । इस व्यक्ति के ऊपर पहले से ही मुसलमानों के ख़िलाफ़ आपत्तिजनक भाषा व मुसलमानों की भावनाओं को भड़काने के कई मामले दर्ज है, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस करवायी नहीं हुई है। केंद्र व राज्य सरकार से माँग किया कि सरकार इस तरह के धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाले के ख़िलाफ़ एक कठोर क़ानून बनाये ।

## कांग्रेस ने हमेशा झारखंडियों के हितों की बात की है : प्रदेश अध्यक्ष

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** चुनावी अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे जनसंवाद अभियान-लक्ष्य 2024 के तहत कोल्हान प्रमंडल में जगन्नाथपुर विधानसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के धनबाद, झरिया, बाघमारा में चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय, हजारीबाग में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पलामू प्रमंडल के रमना, बिशुनपुरा एवं मझियांव में विधायक दल नेता डॉ रामेश्वर उरांव, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के सिमडेगा,कोलेबिरा में डॉक्टर प्रदीप कुमार बालमुचू की ओर से सभाओं के माध्यम से आम जनता के साथ संवाद किया गया। इस क्रम में शनिवार को जगन्नाथपुर विधानसभा में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए केशव महतो कमलेश ने कहा कि हमने हमेशा झारखंडियों के हितों की बात की है। इस चुनावी समर को जीतने के लिए धन कुबेरों की फौज झारखंड में विपक्ष के जरिये उतारा जा रहा है ऐसे व्यापारियों से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार ने झारखंड के जल, जंगल, जमीन का सौदा करने वालों के हित साधने के लिए भूमि सुधार कानून में बदलाव किया, लैंड बैंक की स्थापना की। झारखंड में स्थापित पावर प्लांट से बांग्लादेश को बिजली दी जाती है और बकाया के नाम पर झारखंड की बिजली काटी जाती है, ऐसे वोटो के सौदागरों को झारखंड से खदेड़ना होगा।

## अजय नाथ शाहदेव ने अस्पाताल खुलवाने के लिए सीएम हेमंत सोरेन को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने आज मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से उनके कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में मुलाकात किया। शाहदेव ने बताया कि हटिया विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मांगों को लेकर वे मुख्यमंत्री से मिलने गये थे। जिसमें हटिया विधानसभा क्षेत्र में मेगा आइटी पार्क की स्थापना, रातु व नगड़ी प्रखंड में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण और रांची सदर अस्पताल की तर्ज पर नगड़ी में मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल निर्माण का मांग पत्र सौंपा। शाहदेव ने बताया कि मेगा आइटी पार्क के निर्माण से राज्य के 2 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। रोजगार सृजन के साथ ही राज्य की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। नगड़ी व रातु प्रखंड में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बुनियादी सुविधाएं मिलेंगी। इससे न सिर्फ वे शारीरिक रूप से स्वस्थ रहेंगे बल्कि आगे बेहतर भविष्य के निर्माण में सहायता मिलेगी।नगड़ी प्रखंड में मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के निर्माण से रिम्स व सदर अस्पताल में लोड कम होगा । साथ ही रांची जिला सहित आसपास के क्षेत्रों की एक बड़ी आबादी को अपने पास में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। कांग्रेस नेता अजय शाहदेव ने बताया कि मुख्यमंत्री ने इन मांगों पर अपना सकारात्मक रुख दिखाया है। उम्मीद है कि जल्द ही हटिया विधानसभा क्षेत्र में विकास की इन योजनाओं को हेमंत सरकार धरातल पर उतारेगी।

## परीक्षा नई लेकिन सीट बेचने की स्क्रिप्ट वही : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर प्रतियोगिता परीक्षाओं पर सवाल उठाते हुए राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा है कि नगरपालिका सेवा संवर्ग परीक्षा की मेधा सूची में क्रम से अभ्यर्थियों के सफल होने के बाद इसकी भी विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह खड़े हो गये हैं। बाबूलाल मरांडी ने चार अक्टूबर को जारी इस एग्जाम के रिजल्ट को शेयर करते हुए एक्स पर लिखा है कि परीक्षा नई लेकिन सीट बेचने की स्क्रिप्ट वही पुरानी। बाबूलाल के अनुसार, नगरपालिका सेवा संवर्ग परीक्षा की मेधा सूची में क्रम से अभ्यर्थियों के सफल होने के बाद इसकी भी विश्वसनीयता पर प्रश्न चिह्न खड़े हो गए हैं। संभावना है कि हेमंत सोरेन ने नगरपालिका सेवा संवर्ग परीक्षा में सीट बेचने के लिए जेपीएससी और पीजीटी परीक्षा वाली पुरानी स्क्रिप्ट ही चुनी हो और लगातार क्रम से अभ्यर्थियों को पास कर दिया हो। ऐसा ही कारनामा हेमंत सोरेन ने जेपीएससी और पीजीटी की परीक्षा में भी किया था, जब एक ही सेंटर और लगातार क्रम से सैकड़ों अभ्यर्थी परीक्षा में पास हुए थे। बाबूलाल ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड के युवाओं को ठेंगा दिखाकर करोड़ों रुपये की लालच के लिए राज्य के युवाओं की नौकरी का सौदा कर रहे हैं। अकूत संपत्ति इकट्ठा करने की चाहत में उन्होंने गरीब बेरोजगारों के हक़ की नौकरियों को बेचने का धंधा खोल रखा है। बाबूलाल ने भरोसा जताते यह भी कहा है कि आगामी चुनाव में झारखंड के युवा, बेरोजगार एकजुट होकर भ्रष्ट और लालची हेमंत सोरेन को करारा जवाब देंगे।

# नवीनतम मॉडल के वाहनों में चलेंगे झारखंड के अधिकार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में मुख्य सचिव रैंक के अधिकारी अब स्कोडा की सवारी करेंगे। इस रैंक के अफसरों को स्कोडा ऑक्टेविया और स्कोडा सुप्रव कार मिलेगी। ये सभी वाहन बाह्य स्रोत से लिए जायेंगे। इसके लिए टेंडर जमा करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर तक है और 25 अक्तूबर को शाम चार बजे टेंडर खोला जायेगा। प्रधान सचिव रैंक से लेकर सचिव रैंक तक के अफसर टोयटा इनोवा क्रिस्टा, हुंडई वरना, होंडा सिटी और वोक्सवैगन वर्चस की सवारी करेंगे। डीसी, डीडीसी और डीएफओ (भारतीय वन सेवा) के अफसरों को महिंद्रा स्कॉर्पियो और टाटा सफारी उपलब्ध करायी जायेगी। प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित परियोजना निदेशक, अपर जिला दंडाधिकारी, एसडीओ, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और डीएसपी को महिंद्रा बोलेरो मिलेगी।

प्रधान जिला न्यायाधीश, ज्यूडिशियल अकादमी के डायरेक्टर और कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश को हुंडई, होंडा सिटी, और मारुति सियाज उपलब्ध करायी जायेगी। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सेक्रेटरी को डिजायर, हुंडई ओरा और होंडा अमेज उपलब्ध करायी जायेगी।

**पुराने नियमों में संशोधन:** वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य सरकार के अफसरों को नये मॉडल के वाहन उपलब्ध कराने के लिए नियमों में संशोधन किया गया है। सभी वाहन बाह्य स्रोत से लिए जायेंगे। विधि व्यवस्था, अपराध नियंत्रण सहित अन्य प्रशासनिक कामों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए नये वाहनों की आवश्यकता है।

## बिजली बिल बकाया माफ वाले को मिला प्रमाण पत्र खुशी से चेहरे खिल उठे

**रांची।** मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशी योजना बिजली बिल बकाया माफी योजना के तहत विद्युत आपूर्ति अंचल रांची अंतर्गत लालपुर सब डीविजन में कांटा टोली ,लालपुर, कोकर के लाभुकों के बिच करीब 110 लाभुकों को बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र वितरण किए गया। कांटा टोली कार्यपालक अभियंता गौरव कुमार ने प्रमाण पत्र दिये। अधिकत्तर महिलाएं प्रमाण पत्र लेने पहुंची थी, सभी के चेहरे खुशी से खिले हुए थे। बताया गया कि जिनका दो सौ युनिट से कम बिजली खपत होगी उसका बिल माफ होगा।

# चुटिया के युवाओं ने झामुमो का थामा दामन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा से माननीय राज्यसभा सांसद डॉ0 महुआ माजी के आवासीय कार्यालय में चुटिया से आमजन पहुंचे और महुआ माजी के रांची विधानसभा में किए गए कार्यो से अभीभूत होकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ज्वाइन करने की बात कही। इस पर सांसद ने उन्हें पार्टी का अंग वस्त्र देकर पार्टी में शामिल कराया। सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी और झारखंड के मुख्यमंत्री सह कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ही झारखंड का भला कर सकते है। इस सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद डॉ0 महुआ माजी ने कहा कि वीर शिबू सोरेन के नक्शे कदम पर चलकर माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन लगातार झारखंड की प्रगति के लिए काम कर रहे हैं। हम सभी कोई मिलकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी के नेतृत्व में बढ़ते झारखंड का आगाज लिखें।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोमवित माजी,नन्द किशोर सिंह चंदेल ने अपना योगदान दिया।सदस्यता ग्रहण करने आए लोग का नेतृत्व भरत भूषण उरांव ने किया इस अवसर पर विजय कुजुर ,धर्मेंद्र नायक, शंकर नायक, मिथिलेश कुमार, छोटू नायक, शिव नायक, नेमल नायक, दशरथ टोप्पो, सत्यर नायक, सोनू लोहरा ,रूनुल नायक, संतोष नायक, सतीश नायक, राज बैठा ,आकाश कुमार नायक सहित अन्य लोग ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति ने दुर्गा पूजा उत्सव मनाने की पूरी की तैयारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति इस वर्ष दुर्गा उत्सव के दौरान नवरात्र के चतुर्थी तिथि 7 अक्टूबर से लेकर विजयदशमी 12 अक्टूबर तक मनोरम दुर्गा उत्सव के साथ-साथ मधुर सांस्कृतिक संध्या एवं समाज के हर तबके और वर्ग के लोगों को सम्मानित करने जा रहा है । इस आयोजित दुर्गोत्सव के दौरान चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा आग्रह पूर्वक आमंत्रण का दौर भी जारी है। जिसके तहत झारखंड राज्य के राज्यपाल सहित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी,केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हेमंता विश्व शर्मा, भाजपा राष्टीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेई,राज्यपाल ओड़ीशा रघुवर दास, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा,क्षेत्रीय संगठन मंत्री भाजपा नागेंद्र त्रिपाठी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,केंद्रीय मंत्री भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ,राष्टीय महामंत्री भाजपा अरुण सिंह,सांसद दीपक प्रकाश, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, आजसु सुप्रीमो सुदेश महतो, मुख्यमंत्री उत्तराखंड पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री राजस्थान भजनलाल शर्मा,राष्टीय अनुसूचित जनजाति आयोग सदस्य आशा लकड़ा सहित सभी गण्यमान्य लोगों के बीच आग्रह पूर्वक आमंत्रण दिया जा चुका है । चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष रमेश सिंह संस्थापक, सदस्य महासचिव रामानंद ठाकुर सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों की ओर से आग्रह पूर्वक आमंत्रण और निवेदन होगा की नवरात्र के चतुर्थी तिथि 7 अक्टूबर दिन सोमवार समय संध्या 4ः00 बजे झारखंड के परंपरागत नागपुरी सुप्रसिद्ध कलाकारों के द्वारा भजन संध्या के साथ उद्घाटन से लेकर विजयादशमी तिथि तक सपरिवार यथासंभव समय निकालकर चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति की ओर से होने वाले दुर्गा उत्सव में सम्मिलित होकर चंद्रशेखर आजाद दुर्गा पूजा समिति को अनुग्रहित कर सफल आयोजन हेतु अनुभूति प्रदान करें।

## एनसीएसटी की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने लोगों के साथ किया संवाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची :** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) की सदस्य डॉ. आशा लकड़ा ने शनिवार को ओरमांझी प्रखंड में आम लोगों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के कार्यो की जानकारी दी । ग्रामीणों से बातचीत के दौरान उन्होंने यह भी पूछा कि अनुसूचित जनजाति के लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। डॉ. आशा लकड़ा ने बताया कि संवाद के दौरान ग्रामीणों ने पानी की समस्या की बात बताई। जमीन से संबंधित कई मामले भी सामने आए। मसना और सरना स्थल की घेराबंदी नहीं कराई गई है। इसके अलावा पेंशन, पीएम आवास से संबंधित कई मामले भी सामने आए। सूची में संबंधित लाभुकों का नाम दर्ज नहीं किया गया है।

# मैन ऑफ स्टील ने फर्नेस में दिखाया दम, ईस्ट बंगाल को 2-0 से हराकर जीत की पटरी पर लौटी

- **मेन ऑफ स्टील 21 अक्टूबर को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हैदराबाद एफसी से भिड़ेगी**





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** 20,000 से अधिक प्रशंसकों के बीच जमशेदपुर एफसी ने शनिवार को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन सुपर लीग के रोमांचक मैच में ईस्ट बंगाल एफसी को 2-0 से हराकर घरेलू दर्शकों के सामने जीत की राह पर वापसी की. यह मैच प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरा उतरा, जिसमें अल्बिनो गोम्स ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें एक महत्वपूर्ण पेनल्टी बचाना भी शामिल था, जिससे ईस्ट बंगाल की वापसी की संभावनाएँ कम हो गई. जमशेदपुर एफसी के लिए, री ताचिकावा ने 21वें मिनट में गोल किया और घरेलू टीम ने दूसरे हाफ में चुंगनुंगा के एक गोल से अपनी बढ़त दोगुनी कर ली.

जब जमशेदपुर एफसी एक गोल से आगे चल रही थी, तब अल्बिनो गोम्स ने दूसरे हाफ में एक महत्वपूर्ण पेनल्टी बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. इसके तुरंत बाद, मेहमान टीम ने एक गोल खाकर मैन ऑफ स्टील के लिए तीन महत्वपूर्ण अंक सुनिश्चित कर दिए. जमशेदपुर एफसी ने शुरुआती मिनटों में ही पूरी ताकत लगा दी, जब जॉर्डन मरे ने इमरान खान के क्रॉस को गोल की ओर मारा. हालांकि, उनके शक्तिशाली शॉट को गोल-लाइन के ठीक सामने रोक दिया गया.

इसके बाद 16वें मिनट में इमरान खान ने मरे को फिर से पास दिया, लेकिन इस बार स्ट्राइकर के हेडर को गोलकीपर ने बचा लिया. इसके बाद री ताचिकावा ने एक शानदार स्ट्राइक से गेंद को गोल पोस्ट में डालकर जमशेदपुर को महत्वपूर्ण बढ़त दिलाई. हालांकि, चोट के कारण 33वें मिनट में जापानी मिडफील्डर को बदलना पड़ा और उनकी जगह सिवेरियो को मैदान में उतारा गया.

ईस्ट बंगाल ने बराबरी के लिए कड़ी मेहनत की, लेकिन अल्बिनो गोम्स बेहतरीन फॉर्म में थे, उन्होंने कई बेहतरीन बचाव किए, जिसमें नंद कुमार के खिलाफ एक बेहतरीन वन-ऑन-वन स्टॉप भी शामिल था. मैच का मुख्य आकर्षण 64वें मिनट में आया जब जावी हर्नांडेज़ द्वारा किए गए फाउल के बाद ईस्ट बंगाल को पेनल्टी दी गई. सॉल क्रेस्पो ने स्पॉट-किक लेने के लिए कदम बढ़ाया, बाईं ओर शॉट मारकर गोलकीपर को धोखा देने का प्रयास किया. हालांकि, उनका प्रयास सीधे अच्छी स्थिति में खड़े अल्बिनो गोम्स के हाथों में चला गया, जिससे जमशेदपुर की बढ़त बरकरार रही.

यह बचाव मैच में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ, क्योंकि छह मिनट बाद ही जमशेदपुर ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी. ईस्ट बंगाल के डिफेंडर द्वारा किए गए एक आत्मघाती गोल ने घरेलू टीम की बढ़त को बढ़ा दिया, जिससे एक अच्छी जीत और तीन महत्वपूर्ण अंक हासिल हुए. जमशेदपुर एफसी अब चार मैचों में नौ अंकों के साथ आईएसएल तालिका में तीसरे स्थान पर है. मेन ऑफ स्टील अपने अगले इंडियन सुपर लीग मैच में 21 अक्टूबर को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हैदराबाद एफसी का सामना करेगा.

## पटमदा : बोड़ाम के 16757 लोगों का 21.5 करोड़ रूपये का बिजली माफ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाल योजना के तहत शनिवार को बोड़ाम प्रखंड कार्यालय सभागार में बिजली विभाग की ओर से आयोजित शिविर में उपभोक्ताओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस संबंध में कनीय विद्युत अभियंता अमीर हमजा ने बताया कि पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के कुल 16757 उपभोक्ताओं का 21.5 करोड़ रुपए का बकाया बिल झारखंड सरकार द्वारा माफ हुआ है। आज के शिविर में जुगसलाई विधायक मगंल कालिंदी के हाथों शिविर का शुभारंभ कुछ उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र देकर किया गया। शिविर के दौरान दोनों प्रखंड में कुल 594 उपभोक्ताओं को प्रमाण पत्र दिया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि माणिक महतो, जिला पार्षद गीतांजलि महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दीपंकर महतो, सचिव छुटुलाल हांसदा, विनय मंडल, लाइन मैन पुतुल प्रमाणिक आदि मौजूद थे।

## एमजी विंडसर ईवी की बुकिंग ने तोड़ा रिकॉर्ड



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एमजी मोटर इंडिया ने अपनी पहली इंटेलिजेंट सीयूभी, एमजी विंडसर ईवी की बुकिंग शुरू कर दी हैं। बुकिंग शुरू होते ही इसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली और महज 24 घंटे में 15,176 यूनिट्स की बुकिंग हो गई। यह उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की पहली पैसेंजर ईवी बन गई। ग्राहक इसे 11,000 रुपये में एमजी डीलरशिप या कंपनी की वेबसाइट पर बुक कर सकते हैं। एमजी विंडसर ईवी सेडान के आराम और एसयूभी की मजबूती का बेहतरीन मेल है। इसकी शुरुआती कीमत 9.99 लाख रुपये है, और यह तीन वेरिएंट्स एक्साइट, एक्सक्लूसिव और एसेंस और चार रंग क्रमशः स्टारबर्स्ट ब्लैक, पर्ल व्हाइट, क्ले बेज और फ़िरोज़ा ग्रीन में उपलब्ध है। विंडसर ईवी की डिलीवरी 12 अक्टूबर 2024 से शुरू होगी। इस संबंध में जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर सतिंदर सिंह बाजवा अपने ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 24 घंटे में 15,176 बुकिंग इस बात का संकेत है कि भारतीय बाजार में टिकाऊ और किफायती ईवी की मांग तेजी से बढ़ रही है।

## प्रतिपक्ष नेता को सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी संघ ने सौंपा मांगपत्र



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी संघ, पूर्वी सिंहभूम का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्वी सिंहभूम के अध्यक्ष ज्योति कुमारी के नेतृत्व में प्रतिपक्ष नेता अमर बाउरी से मिला एवं बीते माह से रांची के नेपाल हॉउस गेट के समीप चार हजार सीएचओ अपनी मांगो कों लेकर अनिश्चिकालीन हड़ताल पर बैठे है जिसको लेकर अवगत भी कराये और तीन सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। मांगों में पद सृजन एव स्थायीकरण,प्रोत्साहन राशि का समायोजन एवं सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी के कार्यदायित्त्व की स्वीकृति देना शामिल हैं। इस मौके पर सलाहकार डॉ.विजय मोहन सिंह पूर्वी सिंहभूम,ज्योति कुमारी,नविता कुमारी उपाध्यक्ष,श्रृती कुमारी,अमला, निलम एवं अन्य मौजूद थे ।

## घने जंगल के बीच आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट में किताकुटी एफसी बना विजेता



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के घने जंगल व पहाड़ियों के बीच बसे रोलाहातु पंचायत के रोलाहातु फुटबॉल मैदान में वकास्त मुंडारी खुंटकट्टी के तत्वाधान में एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 16 टीमें हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रहे किताकुटी एफसी के टीम को 15 हजार द्वितीय स्थान रहे जय मां एमडीएस मधुडीह के टीम को 10 हजार तृतीय स्थान रहे संजय सपोर्टिंग के टीम को 5500 एवं चतुर्थ स्थान रहे मधुडीह- ए के टीम को 5500 रूपया पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में खरसावां विधायक दशरथ गागराई, समाजसेवी बासंती गागराई शामिल हुए। मौके पर विधायक कहा कि सीमित संसाधनों के बीच हमारे राज्य के खिलाड़ी देश और दुनिया में चमक रहे हैं। विभिन्न खेल के माध्यम से हमारे नौजवान तथा छात्र-छात्राएं निरंतर आगे बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। राज्य के हेमंत सरकार ने उनके प्रयासों को पंख देने का काम किया है। मौके पर रूईदास मुंडा, बुधन लाल मुंडा, समल मुंडा, मुनीराम मुंडा, सुनील मुंडा, सोहराय मुंडा आदि उपस्थित थे।

## साकची बाजार की 60 साल पुरानी माधुरी कपड़ों की विश्वसनीय दुकान



**जमशेदपुर ।** साकची बाजार के झंडा चौक में स्थित कपड़ों की दुनिया में एक विश्वसनीय और पुरानी 59 नंबर दुकान माधुरी है, जो पिछले 60 वर्षों से ग्राहकों की सेवा कर रही है। इस प्रतिष्ठान की सबसे बड़ी विशेषता है कि यहां सभी प्रकार के साइज में कपड़े उपलब्ध हैं, जो अन्यत्र मुश्किल से मिलते हैं। दुकान में बुटीक टेस्ट गाउन, फ्रॉक, और खासतौर पर बड़े साइज जैसे एम से लेकर 8 एक्सएल तक के कपड़े यहां मिलते हैं। इस संबंध में दुकान माधुरी के प्रोपराइटर राजेश अग्रवाल ने बताया कि हमारे यहां ग्राहकों के लिए ग्राहक देवो भव की भावना से काम किया जाता है, जो पिछले 60 सालों से इस दुकान की पहचान रही है। इस दुकान में लहंगे, फैंसी कुर्तियां, क्रॉप टॉप, आलिया और नायरा स्टाइल के पाकिस्तानी सूट जैसी नवीनतम फैशन वस्त्रों का एक बड़ा संग्रह उचित मूल्य पर उपलब्ध है। सभी प्रकार के साइज में उपलब्ध वस्त्रों के अलावा यहां खासियत यह भी है कि ग्राहक को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के सभी फिटिंग मुफ्त में किए जाते हैं, और तुरंत हाथों-हाथ सेवा दी जाती है। कॉट सेट मात्र 690 रूपये में और अर्गांजा 3 पीस मात्र 790 रूपये में उपलब्ध हैं। इस प्रतिष्ठान की ओर से यह दावा किया जाता है कि यहां मिलने वाली वी नेक कुर्ती और पूजा कलेक्शन को जमशेदपुर में कहीं और नहीं पाया जा सकता। यह साकची बाजार की एकमात्र थोक दरों वाली दुकान है, जो गुणवत्ता और उचित मूल्य का अनूठा संयोजन प्रदान करती है। ग्राहकों को एक बार यहां आकर खरीदारी का अनुभव अवश्य करना चाहिए।

## महंत नरसिंहानंद के विवादित बयान पर भड़के काशिफ़ रज़ा, मुकदमा दर्ज करने की किया मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के द्वारा एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कहा कि ,उत्तर प्रदेश निवासी यति नरसिंहानंद के द्वारा मुहम्मद साहब पर किए गए अभद्र एवं आपतीजनक टिप्पणी कर मुसलमानों के धार्मिक भावना को आहत करने तथा देश की सद्भावना बिगाड़ने का आरोप लगाया है। बताते चलें कि हाल ही में महंत नरसिंहानंद ने पैगम्बर साहब का टिप्पणी करते हुए कहा कि दशहरा में रावण के जगह पर पैगम्बर साहब का पुतला दहन किया जाना चाहिए, जिसका विरोध भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी कर रही है। आजाद समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष काशिफ़ रज़ा ने कहा कि मुहम्मद साहेब का नाम मसावात, भाईचारा, अमन, इंसाफ और प्यार के साथ जुड़ा है परंतु नरसिंहानंद नामक व्यक्ति ने नबी पैगम्बर साहब के ऊपर अभद्र टिपण्णी करके इस देश का सौहार्द बिगाड़ने का कार्य किया है जिसकी भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी घोर निंदा करती है और एनएसए के तहत कारवाई की मांग करती है। उन्होंने कहा कि इस पर झारखंड के झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन के नेता क्यों चुप है। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा है कि भारत का संविधान सभी धर्मों को बराबर का सम्मान और प्रत्येक व्यक्ति को धार्मिक आजादी देता है, उन्होंने इसकी निंदा की है और उन्होंने भी इस व्यक्ति पर एनएसए के तहत कारवाई करने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी झारखंड़ प्रदेश कल झारखंड के तमाम जिलों में शाम के 5 बजे महंत नरसिंहानंद का पुतला दहन कर निकट थाना में एफआईआर दर्ज और ज्ञापन पत्र सौंपकर कड़ा विरोध दर्ज जताया जताया जाएगा।

## मानीसाई में एक करोड़ 60 लाख रुपए से बनेगा सड़क, विधायक सुखराम ने किया भूमिपूजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर प्रखंड अंतर्गत इटोर पंचायत के उलीबेड़ा रोड से मानीसाई गांव तक करीबन डेढ़ किलोमीटर सड़क का निर्माण मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क के तहत होगा। जिसकी लागत एक करोड़ 60 लाख 50 हजार रुपए है। जिसकी देखरेख ग्रामीण कार्य विकास विभाग द्वारा किया जाएगा। शनिवार को विधायक सुखराम उरांव उलीबेड़ा गांव पहुंचे और सड़क निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इससे पहले ग्रामीणों ने विधायक सुखराम उरांव का भव्य स्वागत किया। विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि उलीबेड़ा से मानीसाई तक पक्की सड़क नहीं होने से ग्रामीणों को बरसात के दिनों में चलना मुश्किल हो रहा था। पिछले साल उनके द्वारा कच्ची सड़क को चलने लायक बनाई गई थी, जिसके बाद ग्रामीण आवागमन कर रहे थे। अब उक्त सड़क की निर्माण का स्वीकृति हो गया है। जिसकी लागत एक करोड़ 60 लाख रुपए है। इस सड़क के बनने से मानीसाई के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा हो जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई, पीरु हेंब्रम, उप प्रमुख विनय प्रधान, प्रदीप महतो, राजू बांदिया, दिलीप बोदरा, बालकृष्ण बोदरा, संजय बोदरा, शंकर बोदरा, कान्हु सामड, देवेंद्र बोदरा, बुडन सिंह बोदरा, गंगाराम बोदरा, मुन्ना गोप, अमर बोदरा, माटू बोदरा समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## मिर्जाडीह से सीमागोड़ा, पारडीह काली मंदिर तक 4 किमी सड़क का विधायक ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शनिवार को बोड़ाम प्रखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से साढ़े नौ करोड़ रुपए से स्वीकृत दो योजनाओं का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। योजनाओं में मिर्जाडीह से सीमागोड़ा होते पारडीह काली मंदिर तक 4 किलोमीटर सड़क तथा चामटा से सोमाडीह टोला गोलाबेड़ा होते हुए झिझिरगोड़ा तक साढ़े तीन किमी सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य शामिल हैं। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि ग्रामीणों का वर्षो पुरानी मांग थी सड़क। शिलान्यास कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य गीतांजलि महतो, मुखिया हरिप्रसाद किस्कू, पंचायत समिति सदस्य मेनका किस्कू, विधायक प्रतिनिधि मानिक महतो, लुलु बहादुर, गणेश बाऊरी, विश्वनाथ हांसदा, काजल सिंह, ग्राम प्रधान जॉनी किस्कू, जितेन मुर्मू आदि उपस्थित थे।

## अनोखी पहल : डॉ. अजय ने ऑटो चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का लिया जिम्मा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरीय नेता डा. अजय कुमार ने शनिवार को साकची ऑटो स्टैण्ड में ऑटो चालकों के बीच ड्राइविंग लाइसेंस के लिए किए गए ऑनलाईन आवेदन की कॉपी का वितरण किया. मौके पर डा. अजय कुमार ने कहा कि जमशेदपुर शहर में ऑटो यातायात व्यवस्था का प्रमुख साधन है. ज्यादातर ऑटो चालक गरीब है. उनके पास इतना समय और पैसा भी नहीं होता है कि वो अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवा सकें. जनकल्याण रथ के माध्यम से जरुरतमंद ऑटो चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए आवेदन भरने से लेकर बनवाने तक का सहयोग किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इसकी शुरुआत भी हो चुकी है. अभी तक 50 से ज्यादा लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस का ऑनलाइन आवेदन किया जा चुका है. जिसका आज ऑटो चालकों के बीच वितरण किया गया. जल्द ही उन्हें लर्निंग लाइसेंस प्राप्त हो जाएगा. यह अभियान शहर के विभिन्न ऑटो स्टैण्ड में चलाया जाएगा और जरुरतमंद ऑटो चालकों को सहयोग किया जाएगा. डा. अजय ने कहा कि यह काम कहने सुनने में बहुत छोटा लगता है, लेकिन जिसको इसका लाभ मिल रहा है उसके लिए यह बहुत बड़ा काम है. जमशेदपुर तभी बेहतर हो पाएगा जब सब कुछ सिस्टम से होगा.

## कदमा रंकिणी मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल का हुआ उद्घाटन शामिल हुए श्रीलेर्दस के शेखर डे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कदमा स्थित श्री श्री रंकिणी मंदिर दुर्गा पूजा कमिटि द्वारा आयोजित दुर्गोत्सव पूजा का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी सह श्रीलेर्दस, बिष्टुपुर के पार्टनर शेखर डे, मिथिलेश कुमार तिवारी एवं के के अरोड़ा के कर कमलों द्वारा संयुक्त रूप से सम्पन्न हुआ। उसके साथ ही पूजा पंडाल आम लोगों के दर्शनार्थ खोल दिया गया। उक्त अवसर पर शेखर डे ने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल एक पूजा के रूप में मनाई जाती है बल्कि यह असत्य पर सत्य की जीत एवं सामाजिक अत्याचार पर जीत का परिचायक है। मिथिलेश कुमार तिवारी एवं दिवाकर सिंह ने संयुक्त रूप से कहा कि रंकिणी मंदिर न केवल कदमा बल्कि जमशेदपुर के प्रतिष्ठित मंदिर के रूप में जाना जाता है। उक्त अवसर पर कमिटि के अध्यक्ष दिलीप दास, महासचिव जर्नादन पाण्डेय, दीपक विश्वास, के.जी. गोविन्द, ए.आर. डे, पी. के. सिंह, सतीश वर्मा, संजय कुमार प्रेमनाथ, हरभजन सिंह, एस. रमेश, सुभाष, कार्तिक सहित कमिटि के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ मेम्बर उपस्थित थे।

## 10 वर्षों में दुनिया का एक तिहाई दूध का उत्पादन करेगा भारत : जयेन मेहता



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को एक्सएलआरआइ में 11वें डॉ वर्गिस कुरियन मेमोरियल ऑरेशन का आयोजन किया गया. इस दौरान दुग्ध क्रांति के जनक डॉ वर्गिस कुरियन को जहां याद किया गया. इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में अमूल के एमडी सह गुजरात कोऑपरेटिव मिल्क मार्केटिंग फेडरेशन के प्रमुख जयेन मेहता ने एक्सलर्स को संबोधित करते हुए सोशल इंटरप्रेन्योर की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया. देश की 70 प्रतिशत आबादी की उम्र 30 वर्ष से कम है. इस यंग वर्कफोर्स के साथ भारत अगर चाहे तो हर क्षेत्र में अव्वल हो सकता है. उन्होंने कहा, भारत में 107 डेयरी प्लांट और 50 से अधिक उत्पादों के साथ, अमूल प्रतिदिन 310 लाख लीटर से अधिक दूध एकत्र करता है. सालाना 22 बिलियन पैक बेचने के साथ, अमूल का कारोबार 80,000 करोड़ रुपया है और अब इसे 36 लाख किसानों के स्वामित्व वाले विश्व स्तर पर सबसे मजबूत डेयरी और खाद्य ब्रांड के रूप में स्थान दिया गया है. कहा, आने वाले 10 वर्षों में दुनिया के कुल दूध का एक तिहाई उत्पादन करने के लिए भारत तैयार है. भारत 1997 से दूध उत्पादन में लगातार पूरी दुनिया में नंबर वन है. इससे पूर्व एक्सएलआरआइ के डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा ने जहां डॉ कुरियन से आत्मनिर्भर भारत बनाने का सबसे बड़ा ब्रांड अंबेसडर करार दिया.

## मुसाबनी सुरदा माइंस का पुनः परिचालन शुरू, 1100 मजदूरों को मिलेगा रोजगार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मुसाबनी के सुरदा स्थित ताम्र खदान का पुनः परिचालन शनिवार को केंद्रीय कोयला एवं खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे, झारखंड सरकार के जल संसाधन, उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, सांसद विद्युत वरण महतो द्वारा शुभारंभ किया गया. सुरदा खदान परिसर में विधिवत पूजा अर्चना की गई. सभी अतिथियों ने ताम्र अयस्क लदे वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि केंद्र सरकार समाज के अंतिम पायदान पर मौजूद लोगों के विकास करने की सोच रखकर काम कर रही है. जिससे समाज का हर वर्ग विकसित होगा. उन्होंने कहा सुरदा खदान खदान का पुनः परिचालन शुरू होने से देश में तांबे के मामले आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अग्रसर होगा. देश में खपत के अनुपात में केवल 5 से 6 फीसदी तांबे का उत्पादन होता है. आगे सभी बंद पड़े तांबा खदानों का परिचालन शुरू कराने की कार्यवाही की जा रही है. जिससे तांबे के उत्पादन में वृद्धि होगी साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा. सांसद विद्युत वरण महतो ने अपने संबोधन में कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से सुरदा माइंस का परिचालन पुनः शुरू हो पाया है. उन्होंने कहा दलगत राजनीति की भावना से उपर उठकर दोनों सरकारों ने माइंस परिचालन के लिए आवश्यक कार्यवाही पूरी की. सांसद ने कहा प्रयास किया जा रहा है कि सुरदा के बाद राखा, चापड़ी और केंदाडीह माइंस समेत सभी खदानों का परिचालन पुनः शुरू किया जाय। इसके लिए ग्राम प्रधान, मुखिया और सीएम से लेकर पीएम तक संवाद किया. सांसद ने कहा उन्होंने पीएम मोदी से मउभंडार कारखाने को शुरू करने के लिए निवेदन किया है. मौके पर झारखंड सरकार के मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सुरदा माइंस के शुरू होने से क्षेत्र के 11 सौ से अधिक मजदूरों को रोजगार मिलेगा.

## केन्द्रीय विद्यालय चक्रधरपुर में संकुल स्तरीय एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं कला उत्सव आयोजित



**चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केन्द्रीय विद्यालय संगठन राष्ट्रीय एकता पर्व 2024-25 के तत्वावधान में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय चक्रधरपुर में संकुल स्तरीय एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं कला उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल के छः केन्द्रीय विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द.पू. रेलवे चक्रधरपुर मंडल के सीनियर डीपीओ ऋषभ सिन्हा, संकूल प्रभारी विश्वनाथ हांसदा एवं आमंत्रित निर्णायक मण्डली ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत समूह नृत्य, समूह गान,डिस्प्ले ऑफ आर्ट एफेक्ट्स एवं ओन द स्पोट पेंटिंग, वोकल म्युजिक, इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक,डांस, थियेटर,विजुअल आर्ट्स, एवं ट्रेडिशनल स्टोरी आदि प्रतियोगिता आयोजित किया गया।

# विचार प्रवाह

संपादकीय

## अब ईरान दोहरे निशाने पर

**अंततः** ईरान ने पलटवार किया और इजरायल पर बैलेस्टिक मिसाइलों की बौछार कर दी। करीब 180 मिसाइलों का आक्रमण इजरायल पर किया गया, लेकिन उसकी वायु रक्षा प्रणाली 'आयरन डोम' ने अधिकांश मिसाइलों का हमला नाकाम कर दिया। इसके बावजूद मध्य और दक्षिण इजरायल में कुछ मिसाइलें गिरीं, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ईरान का हमला आकस्मिक नहीं था। अमरीका इजरायल को सचेत कर चुका था और खुफिया एजेंसी 'मोसाद' की भी लीड्स मिल रही थीं कि ईरान बहुत जल्द हमला कर सकता है। चूंकि ईरान-इजरायल के दरमियान करीब 2000 किलोमीटर की दूरी है, लिहाजा इजरायल ने यथासमय रणनीति बना ली थी कि आक्रमण को किस तरह ध्वस्त करना है। इजरायल ने यथासमय अपने नागरिकों और निवासियों को भी 'बंकरों' में चले जाने की सूचना दे दी थी। येरुशलम और तेल अवीव जैसे महत्वपूर्ण शहरों में सायरन गूंज रहे थे। भीषण विस्फोटों की आवाजें भी सुनी जा रही थीं। इजरायल छोटा-सा देश है, लेकिन उसका सुरक्षा-कवच वाकई 'अभेद्य' है। आक्रमण कर ईरान ने अपनी कुंठा पूरी कर ली थी कि उसने हमास के मुखिया इस्माइल हनियेह, हिजबुल्लाह के सरगना नसरल्लाह और ईरान के एक कमांडर की हत्याओं का बदला ले लिया, लेकिन इजरायल की ताकत और लडने की क्षमता जस की तस बरकरार है। यही नहीं, इजरायल ने अपनी उत्तरी सीमा से सटे लेबनान में जमीनी ऑपरेशन शुरू कर हिजबुल्लाह के लड़ाई के कई ठिकानों को 'मिट्टी-मलबा' भी कर दिया है। बीते 7 अक्तूबर, 2023 को हमास हमले के बाद उत्तरी इजरायल से 60,000 से अधिक इजरायली नागरिकों ने पलायन किया था। अब इजरायल उस इलाके को हिजबुल्लाह-मुक्त कर अपने नागरिकों की वापसी तय करना चाहता है। आश्चर्य है कि लेबनान की सेना ने इजरायली ऑपरेशन के लिए रास्ता ही छोड़ दिया। आत्मसमर्पण कर दिया। इजरायल इस जमीनी ऑपरेशन के जरिए लेबनान में हिजबुल्लाह को नेस्तनाबूद कर देना चाहता है। बेशक ईरान का हमला स्वाभाविक था, क्योंकि पश्चिम एशिया में उसकी पुरानी धाक का सवाल था। प्रमुख इस्लामी देश भी इजरायल के खिलाफ, ईरान के साथ, नहीं हैं। बहरहाल हमला इतना सिलसिलेवार और जबरदस्त था कि अमरीका के 'व्हाइट हाउस' में राष्ट्रपति बाइडेन को तुरंत अपनी सुरक्षा-टीम को तलब करना पड़ा। उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और रक्षा मंत्री से विमर्श कर तुरंत रणनीतियां तय की गईं और सेना को निर्देश दिया गया कि वह इजरायल की तरफ जाने वाली मिसाइलों, ड्रोन्स और अन्य विस्फोटकों को बेअसर करे, मार गिराए और इजरायल के अस्तित्व की रक्षा करे। इस हमले से पहले 14 अप्रैल, 2024 को भी ईरान ने 300 से अधिक मिसाइलों और ड्रोन से इजरायल पर हमला किया था। तब भी अमरीका ने उसकी सुरक्षा की थी। इस तरह ईरान-इजरायल टकराव में अमरीका का भी प्रवेश हो गया। इजरायली हमले की योजनाएं बनाई जा चुकी हैं। इजरायली सेना ने समय और स्थान की बात करते हुए कहा है कि ईरान पर पलटवार किया जाएगा। सवाल है कि क्या अब ईरान अमरीका और इजरायल के दोहरे निशाने पर आ गया है? क्या यहां से कथित युद्ध का विस्तार होगा और नए यौद्धिक समीकरण सामने आएंगे? अमरीका को ईरान का परमाणु कार्यक्रम चुभता रहा है। उसके सभी नक्शे अमरीका के पास हैं। क्या अमरीका ईरान के परमाणु संयंत्र को निशाना बनाते हुए कोई हमला करेगा? इजरायल का निशाना ईरान के तेल भंडारों और ढांचों पर है। यदि उन पर हमला किया गया, तो विश्व में तेल आपूर्ति का संकट पैदा हो सकता है। विश्व में इस समय कई मोर्चों पर युद्ध जारी हैं। मध्य-पूर्व में जो तनाव बढ़ रहा है, उससे कई देश चिंतित हैं।

करीब 180 मिसाइलों का आक्रमण इजरायल पर किया गया, लेकिन उसकी वायु रक्षा प्रणाली 'आयरन डोम' ने अधिकांश मिसाइलों का हमला नाकाम कर दिया। इसके बावजूद मध्य और दक्षिण इजरायल में कुछ मिसाइलें गिरीं, लेकिन किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। ईरान का हमला आकस्मिक नहीं था। अमरीका इजरायल को सचेत कर चुका था और खुफिया एजेंसी 'मोसाद' की भी लीड्स मिल रही थीं कि ईरान बहुत जल्द हमला कर सकता है। चूंकि ईरान-इजरायल के दरमियान करीब 2000 किलोमीटर की दूरी है, लिहाजा इजरायल ने यथासमय रणनीति बना ली थी कि आक्रमण को किस तरह ध्वस्त करना है। इजरायल ने यथासमय अपने नागरिकों और निवासियों को भी 'बंकरों' में चले जाने की सूचना दे दी थी। येरुशलम और तेल अवीव जैसे महत्वपूर्ण शहरों में सायरन गूंज रहे थे। भीषण विस्फोटों की आवाजें भी सुनी जा रही थीं। इजरायल छोटा-सा देश है, लेकिन उसका सुरक्षा-कवच वाकई 'अभेद्य' है।

### भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है

## विश्व के वित्तीय एवं निवेश संस्थान भारत के आर्थिक विकास के अनुमानों को बढ़ा रहे हैं

**प्रह्लाद सबनानी**

भारत में आर्थिक क्षेत्र में सुधार कार्यक्रमों को लागू किया गया है। स्टैंडर्ड एवं पूअर (एसएंडपी) नामक विश्व विख्यात क्रेडिट रेटिंग संस्थान ने हाल ही में अपने एक प्रतिवेदन में बताया है कि भारत, केलेंडर वर्ष 2024 में एवं इसके बाद के वर्षों में 6 .7 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर के साथ वर्ष 2031 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा तथा भारतीय अर्थव्यवस्था का वैश्विक अर्थव्यवस्था में योगदान वर्तमान के 3 .6 प्रतिशत से बढ़कर 4 .5 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाएगा।

**आज** जब विश्व में कई विकसित एवं विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं में विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याएं दिखाई दे रही है, वैश्विक स्तर पर कई प्रकार की विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। कई विदेशी एवं निवेश संस्थान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के सम्बंध में पूर्व में दिए गए अपने अनुमानों में संशोधन कर रहे हैं कि आगे आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति और अधिक तेज होगी। विशेष रूप से कोरोना महामारी के पश्चात भारत ने आर्थिक विकास के क्षेत्र में तेज रफ्तार पकड़ ली है। भारत में आर्थिक क्षेत्र में सुधार कार्यक्रमों को लागू किया गया है। स्टैंडर्ड एवं पूअर (एसएंडपी) नामक विश्व विख्यात क्रेडिट रेटिंग संस्थान ने हाल ही में अपने एक प्रतिवेदन में बताया है कि भारत, केलेंडर वर्ष 2024 में एवं इसके बाद के वर्षों में 6.7 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर के साथ वर्ष 2031 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा तथा भारतीय अर्थव्यवस्था का वैश्विक अर्थव्यवस्था में योगदान वर्तमान के 3.6 प्रतिशत से बढ़कर 4.5 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाएगा। साथ ही, भारत में प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर उच्च मध्यम आय समूह की श्रेणी की हो जाएगी। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार भी वर्तमान के 3.92 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। हालांकि एसएंडपी ने भारत में आर्थिक विकास दर के 6.7 प्रतिशत प्रतिवर्ष बढ़ने का अनुमान लगाया है जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर के 7.3 प्रतिशत के अनुमान के विरुद्द 8.2 प्रतिशत की रही है। भारत में अब सरकारी क्षेत्र के साथ ही निजी क्षेत्र भी पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने पर ध्यान देता हुआ दिखाई दे रहा है, इससे आगे आने वाले समय में केंद्र सरकार पर पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करने सम्बंधी दबाव कम होगा और केंद्र सरकार का बजटीय घाटा और अधिक तेजी से कम होगा, जिससे अंततः विदेशी निवेशक भारत में अपना निवेश बढ़ाने के लिए आकर्षित होंगे। इसी प्रकार, विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी वर्ष 2024, 2025 एवं 2026



में भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी अपने अनुमानों के बढ़ाया है। विश्व बैंक का तो यह भी कहना है कि भारत ने केलेंडर वर्ष 2023 में विश्व के वार्धिक आर्थिक विकास में 16 प्रतिशत का योगदान दिया है और इस प्रकार भारत अब विश्व में आर्थिक विकास के इंजिन के रूप में कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत ने वर्ष 2023 में 7.2 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल की थी, जो विश्व की अन्य उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं द्वारा इसी अवधि में हासिल की गई विकास दर से दुगुनी थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की आर्थिक विकास दर के वर्ष 2024 के अपने पूर्व अनुमान 6.7 प्रतिशत की विकास दर को बढ़ा कर 7 प्रतिशत कर दिया है। ओईसीडी देशों के समूह ने भी वर्ष 2024 एवं 2025 में वैश्विक स्तर पर आर्थिक प्रगति के अनुमान जारी किए हैं। इन अनुमानों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर वर्ष 2024 एवं 2025 में सकल घरेलू उत्पाद में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की जा सकेगी। वहीं भारत की आर्थिक विकास दर वर्ष 2024 के 6.7 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 6.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। चीन की आर्थिक विकास दर वर्ष 2024 में 4.9 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2025 में 4.5 रहने की सम्भावना है। इसी प्रकार रूस एवं अमेरिका की आर्थिक विकास दर भी वर्ष 2024 में क्रमशः 3.7 प्रतिशत एवं 2.6 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2025 में क्रमशः 1.1 प्रतिशत एवं 1.6 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। कुल मिलाकर आज विश्व के लगभग समस्त वित्तीय एवं निवेश संस्थान आगे आने वाले वर्षों में भारत की आर्थिक विकास दर के बढ़ने के अनुमान लगा रहे हैं। वैश्विक स्तर पर वित्तीय संस्थानों द्वारा भारत के आर्थिक विकास दर के सम्बंध में लगाए जा रहे अनुमानों के अनुसार यदि भारत आगे आने वाले वर्षों में प्रतिवर्ष 6.7 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल करता है तो भारत वर्ष 2031 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके ठीक विपरीत भारत ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल की थी एवं भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार भारत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक विकास दर हासिल करेगा, इस प्रकार तो भारत वर्ष 2031 के पूर्व ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दूसरे, विश्व में भारत से आगे जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाएं हैं, आज इन दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं में कई प्रकार की समस्याएं दिखाई दे रही हैं जिनके चलते इन देशों की आर्थिक विकास दर आगे आने वाले कुछ वर्षों में शून्य रहने की सम्भावना दिखाई दे रही है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है कि भारत मार्च 2025 तक जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा एवं मार्च 2026 अथवा मार्च 2027 तक जर्मनी की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा और भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए वर्ष 2031 तक इंतजार ही नहीं करना पड़ेगा। विश्व बैंक द्वारा जारी वैश्विक आर्थिक सम्भावना रिपोर्ट 2024 ने भी वित्तीय वर्ष 2025 में भारत को विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बने रहने के संकेत दिए हैं। पिछले तीन वर्षों में पहली बार वैश्विक अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 में स्थिर होने के संकेत दे रही है। वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के वर्ष 2024-25 में 2.6 प्रतिशत एवं वर्ष 2025-26 में 2.7 प्रतिशत रहने की सम्भावना विश्व बैंक द्वारा की गई है। इसी प्रकार, मुद्रा स्फीति में भी धीरे धीरे कमी आने के संकेत मिल रहे हैं एवं यह वैश्विक स्तर पर औसतन 3.5 प्रतिशत रहने की सम्भावना है। मुद्रास्फीति उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति को कम करती है एवं उनके व्यय करने की क्षमता को भी हत्तोत्साहित करती है। कई देशों को मुद्रा स्फीति को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरों को बढ़ाना पड़ता है।

दृष्टि कोण

## सेहत पर भारी मिलावटी खाद्य सामग्री

**भारत** में बढ़ती आबादी के कारण और मांग एवं आपूर्ति में अंतर के चलते प्रायः खाद्य वस्तुओं की किल्लत और दामों में बढ़ोत्तरी होती ही रहती है और इसी किल्लत का फायदा जमाखोरों की टोलियां उठाने से नहीं चूकती हैं, तो वहीं घटिया एवं मिलावटी चीजें बेचने वालों की पौबारह हो जाती है। भारत में इन दोनों तिरुमला तिरुपति देवस्थानम द्वारा श्रद्धालुओं को दिए जाने वाले लड्डुओं को मिलावटी देसी घी से बनाने से भक्तों की धार्मिक आस्था आहत होने का मुद्दा भी चर्चा में है। देवस्थानम को देसी घी की आपूर्तिकर्ता कंपनी एआर डेयरी फूड प्राइवेट लिमिटेड से खाद्य नियामक ने पूछा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियमन 2011 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए उसका केंद्रीय लाइसेंस निलंबित क्यों न कर दिया जाए? आज भारत में मिलावट का कारोबार उस स्तर को पार कर चुका है जहां खाद्य उत्पादों में सस्ते और घटिया पदार्थ मिलाकर बेईमान व्यापारी व विक्रेता सामान की मात्रा को बढ़ा देते हैं और भारतीयों की जान की कीमत पर भारी मुनाफा कमाते हैं। ऐसा अनुमान है कि 60 करोड़ लोग अर्थात विश्व में लगभग 10 में से 1 व्यक्ति हर वर्ष दूषित भोजन खाने के कारण बीमार पड़ते हैं तथा 420000 लोग मर भी जाते हैं। भारत में दूध और डेयरी उत्पाद, वसा और तेल, फल और सब्जियां, अनाज, कॉफी, चाय, शहद और मसाले आदि सहित लगभग हर खाद्य सामग्री में मिलावट का प्रतिशत अत्यधिक बढ़ गया है और स्वच्छता मानकों की बुरी तरह से अनदेखी हो रही है। इतना ही नहीं, भारत के कई क्षेत्रों से ऐसे भी वीडियो की सोशल मीडिया में भरमार हो रखी है जिसमें समोसे, चाट, ब्रेड, कुल्फी, प्लास्टिक के चावल और गुलाब जामुन से भरी कड़ाही में पेशाब करते युवक और गोल गप्पे वाले जलजीरा पानी से ही हाथ मुंह धोने, गंदे हाथ पैरों से आलू और आटा गूंथने जैसे कृत्यों द्वारा गंदगी से परिपूर्ण खाद्य सामग्री आम लोगों को परोसी जा रही है। ऐसे कृत्य न केवल निंदनीय हैं अपितु दोषी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग भी करते हैं। सवाल उठता है कि आखिर ऐसी गतिविधियों में संलिप्त लोगों को तत्काल जेल की सलाखों के पीछे क्यों नहीं डाला जाता है? विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हानिकारक बैक्टीरिया, वायरस, परजीवी या रासायनिक पदार्थों से युक्त असुरक्षित भोजन 200 से अधिक बीमारियों का कारण बनता है जिसमें डायरिया से लेकर कैंसर तक शामिल हैं। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में असुरक्षित भोजन के कारण चिकित्सा व्यय में हर साल 110 बिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के महानिदेशक डा. कू डोंग्यू के अनुसार, 'हमें अपने भोजन की पहचान, गुणवत्ता और सुरक्षा पर एक आम समझ की जरूरत है। लेकिन भारत में दूध में पानी मिलाने, नकली दूध, घी में केमिकल, दाल में सिंथेटिक रंग और वैक्स कोटिंग, सब्जियों में हॉर्मोन के इंजेक्शन तथा सिंथेटिक रंग, हर्बल उत्पादों में एलोपैथिक दवाइयां तथा केमिकल्स, सौंदर्य प्रसाधनों में और देसी घी बनाने में पशुओं की चर्बी होने की जानकारी किसी से छुपी हुई नहीं है। खाद्य अपमिश्रण से आखों की रोशनी जाना, हृदय संबंधित रोग, लीवर खराब होना, कुष्ठ रोग, आहार तंत्र के रोग, पक्षाघात व कैंसर जैसे असाध्य रोग हो सकते हैं। हिमाचल प्रदेश में मिलावटी खाद्य पदार्थों की समस्या से निपटने के लिए राज्य सरकार कुछ उपायों पर काम करती दिख रही है। राज्य में फूड फोरेंसिक यूनिट स्थापित करने की मंजूरी मिल चुकी है। यह यूनिट गुजरात के बाद देश की दूसरी फूड फोरेंसिक यूनिट होगी। यह यूनिट खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और संदिग्ध खाद्य मामलों की जांच करेगी। इस यूनिट से खाद्य पदार्थों में कीटनाशकों, रासायनिक शर्करा और स्टीरॉइड की मात्रा का पता लगाया जा सकेगा। राज्य सरकार को मिलावटी और बासी खाद्य पदार्थों से निपटने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय से 37 लाख रुपे की मोबाइल फूड सेफ्टी वैन भी मिली है। खाद्य अपमिश्रण के परीक्षण के लिए मैसूर, पुणे, गाजियाबाद एवं कोलकाता में भारत सरकार द्वारा चार केन्द्रीय प्रयोगशालाएं व्यवस्थित रूप से स्थापित की गई हैं। खाद्य अपमिश्रण एवं रेहड़ी फड़ी वालों द्वारा लोगों को गंदा और घटिया खाने-पीने की वस्तुएं बेचने से आगाह करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा 'ईट राइट इंडिया मूवमेंट' की पहल की गई है, जिसका उद्देश्य भारत में स्वस्थ खाने की आदतों और खाद्य सुरक्षा को बढ़ावा देना है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने 'ईट राइट इंडिया' अभियान के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए सुरक्षित, स्वस्थ और पोषक भोजन सुनिश्चित करने के लिए देश की खाद्य प्रणाली को बदलने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास शुरू किया है। इस प्रकार, 'सही भोजन बेहतर जीवन' टैगलाइन इस आंदोलन की नींव बनाती है। ईट राइट मूवमेंट अभियान तीन प्रमुख विषयों पर आधारित है- सुरक्षित खाएं, व्यक्तिगत और आसपास की स्वच्छता सुनिश्चित करें, स्वस्थ खाएं, आहार विविधता और संतुलित आहार को बढ़ावा दें एवं स्थानीय और मौसमी सब्जियों/भोजन को बढ़ावा दें, भोजन के नुकसान को रोकें। खाने-पीने के शौकीन अथवा महानगरों में नौकरी आदि के चलते कम मूल्य लागत वाला भोजन तलाशने वाले भारतीयों के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि स्वाद एवं सस्ते के चक्कर में न पडक़र स्वच्छता मानकों एवं साफ-सफाई को अपनी सेहत के दृष्टिगत स्वच्छ एवं पौष्टिक भोजन को अपनी प्राथमिकता में रखें।

कुछ अलग

## प्रेम की हरियाली की तलाश

**भूखे** आदमी को प्रेम शास्त्र कैसे पढ़ाया जाए? बादल फिरते हैं, तो कहीं मयूर अवश्य नाचते होंगे। अमराइयों में से कोयल की बिरही कूक अवश्य उठती होगी। आकाश की ओर बहुत दिन से देखा नहीं, लेकिन आज भी उसके बारिश से धुल पुंछ जाने के बाद कहीं तो इन्द्रधनुष खिलता होगा। लेकिन भूख से बिलबिलाते हुए लोगों की कतार उस खैरात का इंतजार करती है जो उनमें मुफ्त अनाज प्रति व्यक्ति बांट देने की घोषणा हो गई। खैरात बांटने की तिथि बढ़ा दी गई है, वो भी अगले पांच साल तक के लिए। यह खैरात एक को नहीं, पूरे अस्सी करोड़ को मिलेगी। आंकड़े आश्वस्त करते हैं, लेकिन इनकी दिलासा केवल भूखे पेट पर तबला बजाती रहती है। बहुत बरस पहले अपना गांव, घर छोड़ कर ये लोग आए थे कि चलो धरती मां ने उन्हें भर पेट रोटी देने का फर्ज छोड़ दिया। खेत आज भी फसलों के रूप में सोना उगलते हैं। लेकिन उनके लिए दिन-रात हाड तोडने वाले जीव उसे ट्रकों में, गोदामों में बंद होता देखते हैं। इनके जराजीर्ण ओसारे पहले भी उनकी आमद का इंतजार करते थे, आज भी यह इंतजार खत्म नहीं हुआ। वहां रह ऐसी हालत में कोई किसी प्रिया को प्रेम पाती कैसे लिखे? बरसाती नालों की तरह उफन कर कब तक उपेक्षित भीड़ में निर्वासित हो गए लोगों पर कब जवानी आई और कब वह बुढ़ौती बन गई, कोई नहीं जानता। फसलें अवश्य उनके खेतों में लहलहाती रही, लेकिन वे जन्म लेने से पहले ही बनिये बक्कालों और सूदखोर महाजनों के पास बंधक हो जातीं। अब बंधक फसलों में दौड़ते भागते हुए कोई युगल प्रेम गीत कैसे गा सकता है, बन्धु। पहले फसल पकती थी, उसे पास की मंडी में ले जाते थे। सरकारी दाम घोषित होते, खरीददार अफसर की चिरौरी करते, मौसम की नाराजगी के बावजूद जो फसल बच जाती उसे बेच जीने की उम्मीद लेकर घर वापस लौटते। अब बताइए ऐसे में बादल घुमड़ते रहें तो कैसे पपीहे पी की रट लगाते? प्रियतमा कैसे आकाश की ओर टकटकी लगा कर कहती, 'बरखा रानी जरा थम के बरसो।' और बरखा थमने के बाद जब माही आंगन में आ जाता तो मन झूम के गाता 'बरखा रानी मेरा दिलबर जा न पाए, अब झूम के बरसो।' लेकिन जानते हो अब ऐसे प्रेम गीतों से बड़ी बद्दुआ कोई नहीं। पौन सदी बीत गई। किसानों के सिर छिपाने के लिए गोदाम नहीं बने। ऐसे में बरखा रानी जम के बरस गई तो इन फसलों का क्या होगा? अपना शरीर ढकने को पूरे कपड़े नहीं, इनको ढंकने के लिए तिरपाल कहां से लाते। अब भला बताइए ऐसी हालत में दादुर, मोर, पपीहे को नाचता देखने की इच्छा कौन करे? यहां मंडियों में खुली पड़ी फसल खराब हो गई। फसल की पूरी कमाई न मिलने के इंतजार में किसानों के मण्डियों के चौराहों पर फंदा ले आत्महत्या करने के समाचार मिलने लगे। अब आसमान में बादल बरसने के बाद इन्द्रधनुष खिला कि उससे पहले ही टूट गया, इसकी परवाह कौन करता है। हां, फसल बेच कर अपनी नन्हीं बच्ची के लिए जो गुडिया खरीद कर लानी थी, वह उनके बाजार में जाने से पहले ही टूट गई। पहली फसल कटी। अब खेतों में धान बीजने चले तो हाथ बंटाने वाले मजदूर नहीं थे, भूख की महामारी से उखड़ कर वे अपने गांव, घरों की ओर चले गए थे। लेकिन अब 80 करोड़ जनता को अगले पांच साल तक के लिए मुफ्त राशन बंटेगा। इस देश में धनधान्य की कमी नहीं। किसी भी व्यक्ति को भूख से मरने नहीं दिया जाएगा। आपके पास राशन कार्ड नहीं तो क्या चिंता। बिना राशन कार्ड भी राशन मिलेगा। वैसे अभी एक देश एक राशन कार्ड कर दिया है। एक देश एक चुनाव बाद में होता रहेगा।

देश दुनीया से

## जाहि विधि राखे राम

विद्वानों ने और संतों-मुनियों, मनीषियों ने ब्रह्मचर्य के गुण की बहुत प्रशंसा की है। यही कारण है कि अक्सर मान लिया जाता है कि संन्यास लेने के लिए ब्रह्मचर्य एक अनिवार्य आवश्यकता है। यही नहीं, यह भी कहा जाता है कि आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए भी ब्रह्मचर्य एक अनिवार्य आवश्यकता है। यानी, अगर आप ब्रह्मचारी नहीं हैं तो आप संन्यास नहीं ले सकते और आपका जीवन आध्यात्मिक भी नहीं हो सकता। बुद्ध हों या महावीर, दोनों ने निर्वाण की राह में चलने के लिए ब्रह्मचर्य अपनाया। संसर्ग की तो बात की क्या है, जैन धर्म में दीक्षित संन्यास लेने वाली महिलाएं तो किसी पुरुष को छू भी नहीं सकतीं, यहां तक कि किसी पुरुष और किसी महिला संत द्वारा एक-दूसरे के कपड़ों का छू जाना भी निषिद्ध माना गया है। दरअसल, यह एक मिथ है, एक मिथ्या विश्वास है।

**भारतीय** सनातन संस्कृति में रचे-पगे हमारे समाज ने, पंडित जनों ने, अधिकारी विद्वानों ने और संतों-मुनियों, मनीषियों ने ब्रह्मचर्य के गुण की बहुत प्रशंसा की है। यही कारण है कि अक्सर मान लिया जाता है कि संन्यास लेने के लिए ब्रह्मचर्य एक अनिवार्य आवश्यकता है। यही नहीं, यह भी कहा जाता है कि आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए भी ब्रह्मचर्य एक अनिवार्य आवश्यकता है। यानी, अगर आप ब्रह्मचारी नहीं हैं तो आप संन्यास नहीं ले सकते और आपका जीवन आध्यात्मिक भी नहीं हो सकता। बुद्ध हों या महावीर, दोनों ने निर्वाण की राह में चलने के लिए ब्रह्मचर्य अपनाया। संसर्ग की तो बात की क्या है, जैन धर्म में दीक्षित संन्यास लेने वाली महिलाएं तो किसी पुरुष को छू भी नहीं सकतीं, यहां तक कि किसी पुरुष और किसी महिला संत द्वारा एक-दूसरे के कपड़ों का छू जाना भी निषिद्ध माना गया है। दरअसल, यह एक मिथ है, एक मिथ्या विश्वास है। व्यक्ति ब्रह्चारी हो, यह एक बहुत अच्छा गुण है, पर संन्यासी होना और ब्रह्मचारी होना, दो अलग-अलग बातें हैं। इनका आपस में कोई संबंध नहीं है, और शादीशुदा जीवन का संन्यास से कोई विरोध भी नहीं है। आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए भी ब्रह्चारी होना एक अच्छा गुण तो है, पर यह आवश्यक हो, ऐसा नहीं है। हमारे समाज में एक और भ्रम भी बड़ी गहराई से जुड़ा हुआ है कि संन्यासी होने के लिए घर और परिवार को छोडऩा आवश्यक है। महात्मा बुद्ध अपनी धर्मपत्नी और छोटे से बच्चे को सोता छोड़ कर निकल गए थे ताकि वो निर्वाण की राह खोज सकें। आज हम जितने संन्यासियों को देखते हैं, अधिकांश ने घर-परिवार छोडक़र संन्यस्त जीवन अपनाया है। घर-परिवार छोडने का दूसरा मतलब यह भी है कि आप अपना व्यवसाय या नौकरी भी छोड़ देंगे। उपरोक्त दोनों ही धारणाएं ऐसी हैं जिनका संन्यास से या आध्यात्मिक जीवन से कोई लेना-देना नहीं है। संन्यास लेने के लिए ब्रह्मचर्य कोई आवश्यक शर्त नहीं है। संन्यास लेने के लिए घर, परिवार, समाज, दुनिया या नौकरी और व्यवसाय को छोडऩा कोई आवश्यक शर्त नहीं है। आपने छोड़ दिया, बहुत बढिया। आपने नहीं छोड़ा, बहुत बढिया। अगर हम अपने इतिहास को देखें तो हमारे सनातनी संत न केवल विवाहित थे, संन्यस्त जीवन में भी वे अपनी धर्मपत्नियों के साथ थे, बल्कि उनके बच्चे भी थे। यानी, वे संत थे, लेकिन ब्रह्मचारी नहीं थे। अधिकांश संत और ऋषि-मुनि गुरुकुल चलाते थे और समाज में शिक्षा का प्रसार करते थे। उन्होंने शिक्षण का अपना काम भी नहीं छोड़ा था। समाज में रहते हुए, घर-परिवार में रहते हुए, दुनिया में रहते हुए, अपना व्यवसाय या नौकरी करते हुए, अपनी जिम्मेदारियां निभाते हुए भी आध्यात्मिक जीवन जिया जा सकता है और संन्यास भी लिया जा सकता है। आइये, अब 'उल्टे बांस बरेली को' भी कर लें। संन्यास लेने के लिए या आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए ब्रह्मचर्य भी आवश्यक है और घर, परिवार के साथ-साथ अपनी नौकरी या व्यवसाय को छोडऩा भी आवश्यक है। इसे समझना आवश्यक है। घर-परिवार, नौकरी या व्यवसाय को शारीरिक रूप से छोडऩे की जरूरत नहीं है, पर मन से छोडऩा आवश्यक है। इसी तरह काम वासना को शरीर से नहीं, बल्कि मन से छोडऩे की आवश्यकता है। काम वासना को मन से छोडऩे का मतलब यह है कि हमेशा काम वासना में ही रत नहीं रहना और अपने जीवनसाथी के अतिरिक्त किसी अन्य से संसर्ग नहीं करना। लेकिन आपस में मिलना-जुलना, बातचीत करना, साथ बैठना, साथ खाना खाना आदि निषिद्ध नहीं है। इसी तरह नौकरी या व्यवसाय को मन से छोडऩा है, उससे आसक्ति नहीं रखनी। पदोन्नति के लिए किसी दूसरे की झूठी शिकायतें नहीं करनी, और व्यवसाय में लाभ के लिए झूठ नहीं बोलना। 'सहज संन्यास मिशन' का सहज जीवन मार्ग हमें जीवन में आध्यात्मिक सफलता के राज सिखाता है। सहज संन्यास मिशन में कोई दान या चढ़ावा स्वीकार नहीं किया जाता, किसी कोर्स की कोई फीस नहीं ली जाती, या साधकों को आध्यात्मिक होना सीखने के लिए कोई पैसा खर्च नहीं करना पड़ता। सहज जीवन मार्ग में हम सहजता से जीना सीखते हैं, सच्चाई से जीना सीखते हैं और ईमानदारी से जीना सीखते हैं। हम खुद के प्रति जिम्मेदार हो जाते हैं, खुद ही खुद के गवाह हो जाते हैं, खुद ही खुद के चरित्र की रखवाली करते हैं, और खुद से झूठ बोलना या खुद को धोखा देना बंद कर देते हैं। यही संन्यास है, यही आध्यात्मिक जीवन है। सहज जीवन मार्ग में हमारा जीवन प्रेममय हो जाता है, या यूं कहिए कि हम खुद प्रेममय हो जाते हैं, हम प्रेम की प्रतिमूर्ति बन जाते हैं और इस ब्रह्मांड की हर जड़-चेतन वस्तु से प्रेम करने लगते हैं। अकारण प्रेम करने लगते हैं, बिना किसी लाभ की आशा के प्रेम करने लगते हैं। मनुष्यों से ही नहीं, पशु-पक्षियों से भी, पेड़-पौधों से भी और प्राणहीन मानी जाने वाली वस्तुओं से भी प्रेम करने लगते हैं, पर उनसे अटैच नहीं होते, उनमें मोह नहीं रखते। इसके साथ ही हम हर अवस्था में परमात्मा के प्रति कृतज्ञ होना सीख लेते हैं।

आप का नजरीया

## इन पन्नों पर गिरी कालिख

**उन** चार पंक्तियों ने उधेड़ दिया सारा, था खत मगर पढ़ते ही टूट गए चश्मे। ये चश्मे पत्रकारिता के नाम को उस चरित्र में बदनाम कर रहे हैं जो आज के दौर में माफिया हो गए हैं। एक प्रशासनिक अधिकारी शिल्पी बेक्टा ने सोशल मीडिया में 'चार पंक्तियां' ही तो लिखीं, लेकिन कालिख कई पन्नों पर गिरी है। उनका अनुभव किसी ब्लैकमेलर पत्रकार की शिकायत से रूबरू है। वह 'प्रेस' शब्द के धनुष पर चढ़े भ्रष्ट तीर को इंगित करते हुए कार्रवाई की मांग कर रही हैं। हम मीडिया की व्यापकता में ऐसी बदनाम गलियों में पहुंच गए हैं जहां 'माइक' अपने परिचय की भूमिका में तथाकथित डिजीटल मीडिया का कारिंदा है। है फिर भी कुछ असर तेरी निगाहों में, जो लिखते हैं आज भी आंख से खबर। ऐसा नहीं है कि सारे परिंदे खेत लूट गए, बहुत से आज भी उड़ान पे हैं। आज भी पत्रकारिता क्षेत्र में समाज के दायित्व, देश के फर्ज, व्यवस्था के आईने व अभिव्यक्ति की खुली किताबों में राष्ट्र का विश्वास है, तो इस स्तंभ के पैरोकार विद्यमान हैं। इसमें दो राय नहीं कि खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदल रहा है, लेकिन शब्दों की होली हर जगह बदनाम नहीं हो सकती। मीडिया आज भी अपनी इंद्रधनुषी छटा में समाज के सामने एक अद्भुत तस्वीर है, भले ही इस किरदार की शुमारी कम है। शिल्पी बेक्टा एक व्हिसल ब्लोअर की तरह पूरे मीडिया को सचेत कर रही हैं और अगर हम खुद में झांक कर देखें तो हर प्रेस कांफ्रेंस में आने वाला हुजूम पत्रकार नहीं है। हर नेता का मुखबिर या मीडिया सलाहकार पत्रकार नहीं हो सकता। बदनाम तो सत्ता की गलियों में मुंह मारने वाले हर जगह हैं, लेकिन मीडिया के भेष में जो दलाल मिल गए, तो सारे प्रोफेशन पर अंगुलियां उठती हैं। जाहिर तौर पर मीडिया में एक असंगठित व स्वयंभू पत्रकारों की खेप अब डिजीटल मीडिया के माध्यम से अपने दुराग्रहों का उपभोग कर रही है। महज एक मोबाइल और माइक पर चमकाया गया परिचय, पूरे मीडिया जगत की नुमाइंदगी नहीं कर सकता, लेकिन यहां तो अब संपादकों की फौज में, हर पक्ष गौण और कमजोर है। हिमाचल में आज भी अखबारी दुनिया के मार्फत पत्रकारिता के संदर्भ काफी हद तक पुख्ता माने जा सकते हैं, लेकिन नए दौर के डिजीटल माध्यम ने यह छूट दे रखी है कि जहां कोई निर्धारित नियम या आचार संहिता नहीं। अफसोस यह कि मीडिया संगठन भी यहां प्रेस क्लब के सियासी संपर्कों में व्यस्त हैं और सरकारी सुविधाओं के आखेट में कठपुतलियां खुद को शिकारी मान रहीं। ऐसे में प्रशासनिक अधिकारी बेक्टा प्रत्यक्ष को परिमाणित करने के लिए सामने आएं, तो मीडिया निश्चित रूप से इस मामले की व्याख्या और अपनी समीक्षा कर पाएगा। बेशक प्रोफेशन की व्यावसायिक जरूरतें, प्रबंधकीय दबाव तथा तकनीकी प्रसार के कारण मीडिया को अपना अर्थगणित व आर्थिक संतुलन बैठाना पड़ता है, लेकिन इसका यह भी अर्थ नहीं कि व्यवस्था के बीच मोहरों को नचाया जाए।

# जिले में चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु 8 अक्टूबर को होगा फिजिकल टेस्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री रमेश घोलप की अध्यक्षता में चौकीदार के रिक्त पदों सीधी नियुक्ति से संबंधित बैठक की गई। बैठक में जानकारी दिया गया कि 8 अक्टूबर 2024 को पुलिस लाइन सिमरिया रोड में लिखित परीक्षा से चयनित परीक्षार्थियों का दौर, हाइट जांच समेत अन्य फिजिकल जांच किया जाना है। जिसकी रिपोर्टिंग टाइम 5 बजे सुबह है। वहीं परीक्षार्थी जिनको परीक्षा प्रक्रिया से आपत्ति है उनके लिए 7 अक्टूबर संध्या 3 बजे तक लिखित और आधार कार्ड की कॉपी और प्रमाण के साथ दावा आपत्ति कर सकते हैं। उपायुक्त ने फिजिकल टेस्ट के लिए की जा रही आवश्यक तैयारी की बिंदुवार जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य से संबंधित समस्या न हो इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की




टीम वहां तैनात रहे। साथ ही जिन अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है वो समय से पूर्व पहुंच दिए गए दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करेंगे, पूरे प्रक्रिया का का वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कराने का निर्देश दिया गया। इलेक्ट्रिक डिवाइस यथा मोबाइल लैपटॉप इत्यादि पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। एडमिट कार्ड और एक पहचान पत्र पर ही परीक्षार्थियों को प्रवेश करने दिया जाएगा। आगे यह भी जानकारी दी गई कि स्वास्थ्य जांच के दौरान अगर कोई भी मादक पदार्थ के सेवन किए पकड़े जाते हैं तो उनके ऊपर कार्रवाई होगी। बताते चले कि जिले में चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु 28 सितम्बर को 9 बजे से 10:30 बजे तक चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा जिला प्रशासन द्वारा कुल कुल 07 केन्द्रों यथा एसएस प्लस 2 हाई स्कूल चतरा, एसएस प्लस 2 गर्ल हाई स्कूल चतरा, रामेश्वरलाल खंडेलवाल, सरस्वती विद्यामंदिर चतरा, नजेराथ विद्या निकेतन हाई स्कूल चतरा, इंदुमती टाइब्रेवाल सरस्वती विद्यामंदिर हाई स्कूल चतरा, आरडीएस इंटर कॉलेज चतरा, डीएवी पब्लिक स्कूल चतरा में कराया गया था। जिसमे कुल 3019 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जिसमे लिखित परीक्षा के कॉपी जांच के पश्चात 543 परीक्षार्थी फिजिकल टेस्ट के लिए चयनित किए गए।

# मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमरिया के निर्देशानुसारसत्त अद्यतनीकरण-2024, मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 एवं वर्त्तमान सत्तअद्यतनीकरण-2024 के दौरान 26-सिमरिया (अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र अन्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों में छुटे हुए योग्य एवं अहर्ता रखने वाले नागरिक का नाम बी0एल0ओ0 एवं ऑनलाईन माध्यम से प्रपत्र-6 के द्वारा मतदाता सूची में निबंधन, मतदाता के नाम एवं किसी भी अशुद्धि को सुधार करने हेतु प्रपत्र-8 प्राप्त करना तथा अनुपस्थित, स्थानान्तरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाने से संबंधित कार्य किया गया है। आगामी विधानसभा चुनाव-2024 के मद्देनजर कोई भी ऐसा मामला संज्ञान में ना आए। जिसे लेकर योग्य मतदाता का नाम संबंधित मतदात केन्द्र से हटा दिया गया है। इसके लिए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमरिया के स्तर से आदेश निकाल कर सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-



प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, 26-सिमरिया (अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को बुथ आवंटित किया गया है जाँच हेतु तथा दिनांक-03.10.2024 के बैठक में ऑनलाईन बैठक एवं पूर्व कई बैठकों में अपने स्तर से सभी बी0एल0ओ0 सुपरवाईजर एवं अन्य कर्मियों को बुथ आवंटित कर अनुपस्थित, स्थानान्तरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्टि वाले हटाये गये मतदाता का सत्यापन क्षेत्र भ्रमण कर लिये जाने हेतु निदेशित किया गया। क्षेत्र भ्रमण के दौरान योग्य मतदाता का नाम विलोपन से संबंधित मामला अगर संज्ञान में आता है, तो वैसे मतदाता का अविलंब प्रपत्र-6 भर कर मतदाता सूची में निबंधन कराना सुनिश्चित करेंगें। इसके तहत् सत्यापन का कार्य सभी प्रखण्डों में किया जा रहा है।

## एक युवक का प्राइवेट पार्ट काट कर किया घायल, रिम्स रेफर, इलाज जारी



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के डाड़ी बकचौमा गांव के कर्बला के पास स्थित निवासी त्रिभुवन मिस्त्री के पुत्र आनंद कुमार को किसी ने प्राइवेट पार्ट को चाकू से काट कर अलग कर दिया है। जिसके कारण घायल आनंद का जिंदगी अब जिंदगी और मौत के बीच लटका हुआ है। परिजन त्रिभुवन मिस्त्री अपने पुत्र के इस तरह का हालत पर कुछ बोलने से असमर्थ है। गुप्त सूत्रों के माने तो त्रिभुवन मिस्त्री को किसी व्यक्ति द्वारा जान से मारने या बर्बाद करने की धमकी दी गई है जिसके कारण इस तरह का जघन्य अपराध पर बोलने से डर रहें है। फिलहाल घायल युवक आनंद को रांची रिम्स में इलाज जारी है। प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है की जिस तरह निजी पार्ट को काट कर अलग किया गया है वैसे में उसे बचना नामुमकिन है। विशेष सूत्रों का कहना है की युक्त युवक हुरनाली तरफ गया हुआ था और उधर हीं इस तरह का घटना का अंजाम दिया गया है। चाहे जो भी हो इस तरह का जघन्य अपराध करने का किसी को कानून में इजाजत नहीं है। क्या दोषियों पर कारवाई होगी। फिलहाल भुक्तभोगी के परिजनों द्वारा इसकी शिकायत सिमरिया थाना को देने से परहेज कर रहे हैं।

## जिन सड़कों का विधायक ने शिलान्यास उद्घाटन करवाकर वाहवाही बटोरी उन सड़कों का हाल हुआ बुरा



**मयूरहंड(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिमरिया विधायक किसुन कुमार दास ने बड़ी उम्मीदों के साथ मयूरहंड थाना क्षेत्र के करमा चौक से लेकर चतरा जिले के सिमाना सदाफर गांव के करीब से होकर गुजरने वाली नदी तक सड़क का जीर्णोद्धार कराकर वाहवाही बटोरने का जो कार्य किया था वह अब पूर्ण रूपेण धूमिल होता हुआ नजर आ रहा है। करोड़ों रुपए की लागत से बनाया गया यह सड़क जगह-जगह पूर्ण रुप से टूट चुका है जिससे आवागमन में लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।इस सड़क पर अब राहगीरों को कई जगह पर गड्ढानुमा ही नजर आ रहा है जिसके कारण फिर से लोग एक बार जान हथेली में लेकर गुजरने को मजबूर हैं। झारखंड में विधानसभा चुनाव सर पर है ऐसे में विधायक किसुन कुमार दास किन मुद्दों के साथ क्षेत्र में अपने पक्ष में मतदान करने की अपील लोगों से करते हैं यह देखने वाली बात होगी। दूसरी तरफ बताते चले की हाल के दिनों में ही पचमों से लेकर मयूरहंड मुख्यालय होते हुए धनगावां की ओर सड़क का जिर्णोधार किया गया है लेकिन मयूरहंड थाना के समीप मुख्य मार्ग पर सड़क में टूट के निशान है। भाजपा कहती है भाजपा में भ्रष्टाचार का कोई स्थान नहीं है ऐसे में सिमरिया विधायक भाजपा जैसे बडे राजनीतिक पार्टी से आते हैं और उनके ही क्षेत्र में सड़क का टूट जाना कई सवालों को जन्म देता है।

# धार्मिक स्थान, देवी देवता के नाम को लेकर राजनीति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** अंचल क्षेत्र में सिंघानी एवं लेमबोईया गांव के वन सीमा स्थित टोंगरी पहाड़ी पर सदियों से स्थापित मां भगवती स्थान झारखंड में प्रसिद्ध भगवती देवी मंदिरों में से एक है यहां की भगवती की शक्ति समस्त प्राणियों के प्रति दया करुणा एवं न्याय को लेकर क्षेत्र की समस्त जनमानस में अपार श्रद्धा एवं अटूट विश्वास विद्यमान है विशेष कर पुराने हजारीबाग जिला तथा वर्तमान उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल के लोग इस देवी स्थान में पूजा अर्चना मनौती अन्य धार्मिक अनुष्ठान करते रहते हैं। परंतु विडमाना है कि इस स्थान के नाम को लेकर पिछले दो दशक से क्षेत्र में तर्कपूर्ण चर्चा होने लगा है मुख्य बात है कि टोंगरी वाली भगवती को हटा कर लेमबोइया वाली माता कहे जाने से और प्रचारित एवं प्रसारित किया जाने से लेमबोइय गांव के अलावा सभी गांव की सनातन जनमानस में नाराजगी है। लोगों का कहना है, की



यहां की भगवती देवी सिर्फ एक गांव लेमबोईय कि नहीं है, यह सभी गांव की देवी है। तो सिर्फ राजनीतिकरण करने के कारण अपने आप को सर्वोपरि कहलाने कि मानसिकता अच्छी नहीं है। अगर नाम में संशोधन करना ही है तो अंचल क्षेत्र के सभी 30 गांव की जनता को आमंत्रित कर सहमति लेना अनिवार्य है उदाहरण स्वरूप जब मां भद्रकाली को इटखोरी वाली माता नहीं कहते हैं तो यह भी उचित नहीं है कि कोई भी देवी देवता का नाम अपने गांव के तर्ज पर रखा जाए। ऐसे लोग अगर करने लगे तो धर्म के नाम पर लोग बड़ाई में राजनीतिक करना सनातन समाज के लिए घातक साबित हो सकता है। टोंगरी वाली मैया भगवती नाम बदलकर लेमबोइ वाली मैया प्रचारित प्रसारित किया जाना ही विवाद का जड़ है। **सनातन धर्म के शास्त्र एवं पुराणों के अनुसार शक्ति पीठ, सर्वमान्य ग्रंथो का उल्लेख :** सनातन धर्म के शास्त्र एवं पुराने के अनुसार देवी के कहीं 51 तो कहीं 52 और कहीं 108 शक्ति पाइथन के उल्लेख हैं परंतु सर्वोत्तम मान्यता प्राप्त देवी पुराण के अनुसार मां सती के 51 शक्ति पीठ भारत तथा भारत के आसपास के देशों में (नेपाल) (पाकिस्तान)भी मौजूद होने का उल्लेख है। वहां देवी सती के शरीर के यंग गिरे हैं, झारखंड में एकमात्र देवघर में मां सती का कान गिरा था इस कारण जय दुर्गा (मंदिर) शक्ति पीठ है इसी प्रकार बिहार में भी दरभंगा की मिथिला में मां सती का बायां कंधा गिरा था यह स्थान की शक्ति पीठ के रूप में प्रसिद्ध है।

# हंटरगंज के गोदोवार में बालवाड़ी केन्द्र का फीता काटकर किया गया उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत खुटिकेवाल पंचायत के गोदोबार गांव में शनिवार को बालवाड़ी केन्द्र का उद्घाटन मुखिया बृजकिशोर सिंह और निदेशक रामजन्म कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। संस्था द्वारा उपस्थित अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान निदेशक और मुखिया ने केन्द्र अध्यापिका खुशबू कुमारी को नियुक्ति पत्र दिया। वही मुखिया ने नारा के माध्यम बताया कि बेटा - बेटी एक समान, पढ़ो - लिखो और बनो महान हमसभी को बेटा - बेटी में फर्क नही रखना चाहिए आज देश में बेटियों के योगदान के बिना देश विकास की राह पर आगे नहीं बढ़ सकता।निदेशक रामजन्म कुमार ने बताया कि सुमित्रा सेवा संस्थान सुदूरवर्ती क्षेत्रों में शिक्षा का अलख



जगाने के लिए संकल्पित है। शिक्षा से वंचित हर घर के बच्चों को बालवाड़ी केंद्र के माध्यम से शिक्षित करना हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने दो से छह वर्षो के बच्चों को बालवाड़ी केंद्र भेजने की अपील की। साथ ही केंद्र में नामांकित सभी बच्चों के बीच निःशुल्क किताब, कॉपी, ड्रेस, बैग आदि बांटा गया। बताया जाता है कि इस केंद्र में 2 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों को निःशुल्क प्रारंभिक शिक्षा प्रदान की जायेगी। साथ ही बच्चों को निःशुल्क पठन-पाठन के लिए किताब, कॉपी, पेंसिल, स्लेट, चॉक, स्कूल ड्रेस, बैग, खाना सुमित्रा स्मारक सेवा संस्था की ओर से दी जायेगी। मौके पर केंद्र अध्यापिका खुशबू कुमारी, कार्यलय प्रभारी प्रियंका कुमारी, शिक्षिका प्रियंका पाण्डे, प्रियंका कुमारी, अर्पणा कुमारी पंचायत समिति सदस्य अनूप रंजन सिंह, वार्ड सदस्य भूषण कुमार सिंह, बहोरी सिंह, अजीत सिंह, धर्मेंद्र कुमार, सहित नौनिहाल बच्चे और सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## अबुआ आवास और खाद्य आपूर्ति में धांधली को लेकर एसडीओ को भाजपा ने दिया आवेदन

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया को भारतीय कमयूनिष्ट पार्टी के गयानाथ पांडेय ने लिखित आवेदन देकर अबुआ आवास और खाद्य आपूर्ति में धांधली को लेकर जांच पड़ताल कर कानूनी कारवाई करने की मांग किया है। आगे कहा है की अबुआ आवास का आलम यह है की जो सरकारी नौकरी में हैं उन्हें भी अबुआ आवास का लाभ दिया गया है और आवास बन कर पूर्ण है। सरकारी नौकरी प्राप्त में टूटीलावा गांव के यदुनंद तिवारी जिनका पुत्र सरकारी नौकरी में है। वही डाड़ी पंचायत के तुम्बा पतरा गांव निवासी रामदुलारी देवी जिनका पति मनरेगा में सहायक अभियंता हैं उनका भी अबुआ आवास का लाभ दिया गया है और वैसे में कितने सरकारी नौकरी करने वाले परिवारों को अबुआ आवास का लाभ दिया गया जो जांच करने पर सच्चाई सामने आ जाएगी।

## चौकीदार बहाली में बड़ी धांधली का आरोप, अभ्यार्थियों ने जिला प्रशासन के प्रति जताया गतिरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** अभ्यार्थियों ने प्रखंड में चौकीदार के पद पर बड़ी धांधली करने का आरोप जिला प्रशासन पर लगाया है। अभ्यार्थियों ने जिला प्रशासन के प्रति नारेबाजी की है।अभ्यार्थियों ने कहा की हमलोगो के भविष्य के साथ जिला प्रशासन खिलवाड़ किया है।अभ्यर्थियों ने नए सिरे से विज्ञापन प्रकाशित कर बहाली करने की मांग कीया है। दर्जनों अभ्यार्थियों ने शनिवार को अम्बेडकर चौक के समीप जिला प्रशासन के प्रति टायर जलाकर बिरोध प्रदर्शन किया। अभ्यार्थियों ने उपायुक्त से मांग किया है कि प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार चौकीदार पद पर बहाली नहीं की गई है। अभ्यार्थियों ने बताया कि संघर्ष करने वाले को छाट दिया गया। अभ्यार्थियों ने कहा की दूसरे जिला के अनुसार यहां पर भी सभी का नंबर के साथ रिजल्ट देना चाहिए था।सभी अभ्यार्थियों ने फिर से मांग किया है कि एग्जाम दुबारा हो अगर जिला प्रसासन ऐसा नही करती है तो अभ्यार्थियों के द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएग।

# विस चुनाव तैयारी को लेकर बेतला में भाजपा की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** भाजपा मंडल बरवाडीह मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के निर्देश पर शनिवार को बेतला के ड्रीमलैंड होटल में संगनाठत्मक बैठक की गई। जिसके मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी प्रेम सिंह, बैठक प्रभारी ईश्वरी सिंह उपस्थित थे। बैठक में मुख्य अतिथि प्रेम सिंह के द्वारा पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त करते हुए सभी पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव की तैयारी में लग जाएं कार्यकर्ता ही पार्टी रीढ़ है। आप सभी का मेहनत रंग लाया जिस तरह कार्यकर्ताओं के परिश्रम से लोकसभा चुनाव जीते हैं उसी तरह से सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर के मनिका विधानसभा से कमल फूल खिल जाएगा। बैठक में कांग्रेस के कई वरिष्ठ कार्यकर्त्ता ने भाजपा का दामन थामा उन्हे फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। मौके पर मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद, जिला कार्यसमिति सदस्य अशोक प्रसाद, युगल किशोर प्रसाद, कन्हाई प्रसाद, रुपाली देवी, शिबू प्रसाद, नन्देव सिंह, समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मंत्री बैजनाथ राम ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग की ओर से बनने वाले सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास राज्य के शिक्षा मंत्री बैजनाथ राम एवं लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर जानकारी देते हुए मंत्री बैजनाथ राम ने कहा कि मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनियों ग्राम से कोमर ग्राम तक करीब डेढ़ किलोमीटर तक बनने वाले इस सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास हो जाने से अब स्थानीय लोगों को सहूलियत होगी। पहले इस रोड की हालत बहुत ही खराब थी। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती थी। सड़क बन जाने से स्थानीय लोग लाभाविन्त हो पाएंगे। हेमंत सोरेन सरकार की सोच है कि शहरी इलाकों के अलावा हर एक ग्रामीण क्षेत्र की सड़क सुदृढ़ हो। ताकि गांव के लोगों को अच्छी सड़क का लाभ मिल सके। मौके पर झामुमों प्रखंड अध्यक्ष ऐश्वर्य उराँव, राजेश यादव, लल्लू उरांव, बालेश्वर उरांव, जगरनाथ उरांव, राजेश उरांव, रीना देवी समेत कई झामुमो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा शनिवार को ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, साफ-सफाई आदि का जायजा लेते हुए कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, व अन्य उपस्थित थे।

## जंगली हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मासीयातू पंचायत के लक्ष्मीपुर ग्राम में शुक्रवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए मुन्ना गंझु के घर को ध्वस्त कर दिया। वहीं दो मवेशी (बैल) को पटक कर मार डाला। हालांकि इस दौरान परिवार ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। वहीं गेरेन्जा ग्राम में धान के फसल को बर्बाद कर दिया।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 10,12 की संख्या में आये जंगली हाथियों का झुंड ने गेरेन्जा ग्राम में रघुवर यादव के करीब एक एकड़ खेतों में लगे धान की फसल को बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग से हुए नुकसान को लेकर मुआवजा देने की मांग किया हैं। बता दें की बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में हाथियों का झुंड बीते दो महीने से जमकर उत्पात मचा रहा है और ग्रामीणों के घर को छतिग्रस्त करने के अलावा खेतों में लगे कई एकड़ की फसल को रौंद डाला है।लेकिन वन विभाग हाथियों को झुंड को भगाने में नाकाम साबित हो रहा है।

# इलाज के लिए रांची जाने के क्रम में छात्र की मौत, जिप सदस्य ने परीजनों को बंधाया ढांढस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड के डाढा पंचायत अंतर्गत ग्राम बचरा निवासी आकाश उरांव पिता स्व.संतोष उरांव आठवीं कक्षा के छात्र की मौत के बाद जिप सदस्य रमेश राम मृतक के परिजनों से मुलाक़ात कर ढाढस बंधाया साथ ही हर संभव मदद करने का भरोषा दिया। बताया जाता है की मृतक आकाश के पिता संतोष उरांव का एक वर्ष पूर्व ही मौत हो गयी। पिता की मौत के बाद हर प्रकार के आभाव को झेलते हुए अपना पढ़ाई कर रहा था। कुछ दिनों से आकाश बीमार चल रहा था पैसा के अभाव तथा समुचित इलाज नहीं करा पाने के करण बीमारी अधिक बढ़ गई। ज़ब हालत नाजुक हुई तो कुछ लोगों की सहयोग से 27 सितंबर को इलाज के लिए रांची ले जा रहे थे। रांची ले जाने के क्रम में रास्ते मे ही मौत हो गई। उत्क्रमित मध्य विद्यालय बचरा में आठवीं वर्ग का विद्यार्थी था। विद्यालय के शिक्षक भीम प्रजापति बताते है की आकाश काफी होनहार छात्र था। पिता की साया उठने के बाद मां का एकमात्र सहारा था। उक्त जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य रमेश राम, समाज सेवी सह शिक्षक भीम प्रजापति ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। वहीं विधवा माघो देवी की पंचायत प्रतिनिधियों के लापरवाही के कारण विधवा पेंशन का लाभ प्राप्त नहीं हो पा रहा है। अंचलाधिकारी नंद कुमार राम जिप सदस्य रमेश राम व अन्य समाज सेवी की सहयोग से 5 अक्टूबर को विधवा पेंशन स्वीकृति के लिए अंचल कार्यालय में आवेदन जमा कराया गया।पुत्र के मौत के बाद माधो देवी काफी सदमे में है।

# सांसद कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में दिशा की बैठक हुई संपन्न, दिये गए कई दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शनिवार को समाहरणालय सभागार में सांसद, चतरा कालीचरण सिंह की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट डेवलपमेंट कोआर्डिनेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी दिशा की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बैठक के प्रारंभ में सांसद समेत सभी सदस्यों का स्वागत किया। तत्पश्चात पूर्व में हुए दिशा की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में हुए कार्यों की अनुपालन प्रतिवेदन प्रेजेंटेशन के माध्यम से अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अनुपालन प्रतिवेदन में मुख्य रूप से पीसीसी पथ निर्माण, प्रखंडों में बैंक की शाखाएं खोलने के संबंध में,भूमि संबंधित, बिजली, पानी, सड़क,पीएमजी आवास आदि मुद्दे को लेकर दिए गए प्रस्तावों के अनुपालन की जानकारी लेते हुए अधतन स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। बैठक में मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की विस्तार से




जानकारी लेने के क्रम में सांसद महोदय ने मनरेगा के तहत लोगों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं रोजगार एवं मनरेगा के तहत संचालित कल्याणकारी योजना के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ देने हेतु निर्देशित किया गया।बैठक में सांसद ने ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति योजनाओं एवं इससे संबंधित ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। श्रम विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी लेते हुए निबंधित श्रमिकों की संख्या और मिलने वाले मुआवजा राशि की समीक्षा के क्रम में सांसद ने विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल करते हुए श्रम विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।समीक्षा क्रम में उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर उक्त व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं को दुरुस्त कर सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।

## जंगली हाथियों के हमले से घायल मोहन कोरवा की मौत, मुआवजे का आसरा

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के ततहा गांव मे गुरुवार की रात जंगली हाथियों आतंक में घर की दीवार गिरने से गंभीर रूप से घायल मोहन कोरवा का इलाज के दौरान शनिवार को उसके घर पर मौत हो गई। जिसकी पुष्टि पलामू व्याघ्र परियोजना के छिपादोहार पश्चिमी रेंज के रेंजर अजय टोप्पो ने की है। उन्होंने बताया की गुरुवार की रात तीस से चालीस की संख्या मे हाथियों का झुंड ततहा गांव मे प्रवेश कर पांच घरों को क्षतिग्रस्त किया था।जिसमे मोहन कोरवा घर के दिवार से दब कर घायल हो गया था। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं रेंजर अजय टोप्पो ने कहा की मोहन कोरवा की मौत की जानकारी बरवाडीह पुलिस को दे दी गई है। पोस्मार्टम के बाद ही वन विभाग से मृतक मोहन कोरवा के परिजन को सरकारी मुआवजे के लाभ दिया जाएगा। बताते चलें कि पलामू व्याघ्र परियोजना अंतर्गत छिपादोहर पश्चिमी प्रक्षेत्र के झरना, हेठली, ग्राम में हाथियों के झुंड द्वारा 25 से अधिक लोगों के फसलों और तीन लोगों के घर को नूकसान पहुंचाया गया। मुआवजे के लिए घटना स्थल का सर्वेक्षण प्रभारी वनपाल अखिलेश कुमार के द्वारा किया गया।

**बरही चौक पर कांग्रेस का जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर नुक्कड़ सभा का किया गया आयोजन**

# कार्यकर्ताओं के साथ बहुत संवाद हुवा, अब जनता के बीच जाकर करेंगे संवाद : राजेश ठाकुर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** बरही विधानसभा क्षेत्र के बरही चौक पर कांग्रेस पार्टी द्वारा जनसंवाद अभियान लक्ष्य 2024 के तहत एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव व संचालन प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया। नुक्कड़ सभा में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सह पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, तिलेश्वर साहू सेना के अध्यक्ष अरुण साहू, आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को 51 किलो का माला पहनाकर स्वागत किया गया। नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा की कार्यकर्ताओं के साथ बहुत संवाद हुवा, अब जनता के बीच जाकर संवाद करेंगे। वहीं कहा की बरही विधानसभा हमेशा से कांग्रेस पार्टी की सुरक्षित सीटों में से एक रही है। यहां की जनता ने हमेशा कांग्रेस को समर्थन दिया है और हम इसे आगे भी बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य सिर्फ सत्ता हासिल करना नहीं है, बल्कि जनता के मुद्दों का समाधान करना है। श्री ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि बरही के विकास के लिए कांग्रेस सरकार पूरी तरह से समर्पित है। जनसंवाद कार्यक्रम को एक एक पंचायत तक लेकर जायेंगे और सरकार द्वारा की जा रही कार्यों को जनता के बीच बताएंगे। उन्होंने कहा, बरही की जनता ने हमें अपना प्रतिनिधि चुना है, और हम यहां की समस्याओं को दूर करने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। विकास के मामले में बरही को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाने का हमारा सपना है और इसके लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शाहजादा अनवर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आम लोगों की पार्टी है, इस बार भी जनता के पूर्ण समर्थन से झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। टीएसएस केंद्रीय अध्यक्ष व कांग्रेस नेता अरुण साहू ने कहा की बरही का विकास कांग्रेस के नेतृत्व में ही होंगा। इसलिए इस बार फिर कांग्रेस को भारी मतों से जीतना है। सभा के अंत में कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने सभी लोगों का धन्यवाद दिया और आगामी चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। धन्यवाद ज्ञापन युवा विधानसभा अध्यक्ष मनोहर यादव ने किया। मौके पर बरही विधानसभा प्रभारी मनोज सहाय पिंकू, कोडरमा जिलाध्यक्ष भगीरथ पासवान, बरही प्रमुख मनोज रजक, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, ओबीसी जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, 20 सूत्री अध्यक्ष अध्यक्ष इकबाल रजा, संजय यादव, अज्जू सिंह, चौपारण प्रखण्ड अध्यक्ष मंटू यादव, पदमा अध्यक्ष गौतम मेहता, चंदवारा प्रखण्ड अध्यक्ष प्रमोद वर्णवाल, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, पूनम यादव, यमुना यादव, रघुनंदन गोप, दसरथ यादव, कोनरा मुखिया यास्मीन तब्बसुम, मो वारिस अंसारी, रघुवीर यादव, राजेन्द्र यादव, छोटन ठाकुर, जमीरउद्दीन, गाजो यादव सहित सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

**बरही टाउन हॉल में वितरण किया गया बिजली बिल माफी प्रमाण-पत्र**

## बरही, चौपारण और पदमा प्रखंड के 48962 उपभोक्ताओं का करीब 62.46 करोड़ बिजली बिल किया गया माफ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफी का प्रमाण-पत्र बरही टाउन हॉल में शिविर लगा कर दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमा शंकर अकेला उपस्थित हुए। शिविर में विभाग के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार उपाध्याय ने बिजली माफी योजना का विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जिसका 200 यूनिट मासिक खपत है या 24 सौ यूनिट वार्षिक है, उस उपभोक्ताओं को बिजली माफ किया जा रहा है। बरही, चौपारण एवं पदमा प्रखंड के बिजली धारकों को 48962 उपभोक्ताओं में करीब 62.46 करोड़ माफ किया गया है। वहीं विधायक ने अपने हाथों से बरही क्षेत्र के 50 उपभोक्ताओं को बिजली बिल माफ होने का प्रमाण-पत्र दिया और उपभोक्ता को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार का लाभ गरीब मध्यम वर्ग, आदिवासी, दलितों, पिछड़ों को मिल रहा है। सभी वर्गों के लोग जो विभिन्न प्रकार के ऋण के बोझ तले दबे हुए थे। ऋण के बोझ से मुक्त कर उनके जीवन स्तर को ऊपर उठाने के लिए कृषि ऋण माफी योजना, बिजली बिल माफी योजना को लागू किया है, जिसका लाभ सीधे तौर पर सभी वर्गों के लोगों को मिल रहा है। कहा कि 2013 के बाद ग्रामीण उपभोक्ता बिजली बिल नहीं चुका पाने के कारण काफी परेशान थे, इसे देखते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरे झारखंड में पुराना बिजली बिल माफी योजना लाई और 200 यूनिट फ्री बिजली देने का कार्य किया।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने चलाया जांच अभियान, खाद्य पदार्थों के सैंपल किए एकत्रित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दशहरा व आगामी त्यौहार के मद्देनजर उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर एसीएमओ डॉ शशि जायसवाल ने खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी चंद्र प्रकाश गुग्गी को शहरी क्षेत्र के खाद्य प्रतिष्ठानों पर जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। इसी क्रम में शनिवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों जिसमें मेसर्स प्रधान जी, मटवारी में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच को लेकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने शहरी क्षेत्र के अन्य मिठाई दुकान, होटल, रेस्तरां एवं खुदरा दुकानों आदि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच के लिए मिठाइयों का सैंपल संग्रह किया। उन्होंने इन प्रतिष्ठानों को खाद्य सुरक्षा के नियमों के अनुपालन के साथ कारोबार करने का निर्देश दिया। खाद्य पदार्थ बनाने में साफ़ पानी का उपयोग करने, कर्मियों के स्वच्छता पर ध्यान देने, फूड सेफ्टी के अनुज्ञप्ति के साथ कारोबार करने वाले कारोबारियों से समान की खरीद करने, उचित लेबल के साथ खाद्य सामग्रियों का पैक करने और खाद्य सामग्रियों में अनावश्यक रंगों के इस्तेमाल से परहेज करने का निर्देश दिया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि दशहरा, दीपावली एवं छठ पूजा को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है और किसी भी प्रकार के मिलावटखोरी के विरुद्ध कड़ी कारवाई की जाएगी।

## बरही थाना परिसर में शांति समिती की बैठक में गया रोड में बने गड्ढे का मुद्दा छाया रहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिष्टिना रिचा इंदवार व संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने किया। बैठक में पूजा समिति के लोगों ने अपने अपने पूजा स्थलों के स्थिति के साथ दसवीं के संध्या रावण दहन कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए, विशेष सुरक्षा की मांग की। सड़क पर दौड़ती रफ्तार बाइक चालको पर रोक लगाने को कहा। वहीं गया रोड में बने बड़े बड़े गढ्ढों के स्थिति से प्रशासन को अवगत कराया। इस बाबत पर प्रशासन ने समिति के लोगों को सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त रखने के साथ पूजा स्थलों के जाने वाले मार्गो को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। वही गया रोड में बने गड्ढे को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया। मौके पर डीएसपी अजीत कुमार विमल ने कहा कि शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा मनाएं। डीजे पूर्णतः बंद रहेंगी, अवैध शराब भट्टियों को ध्वस्त किया जायेगा, जगह जगह पर बेरिकेटिंग और पुलिस की तैनाती की जाएंगी। सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जाएंगी। अफवाह फैलाने वाले पर कड़ी करवाई की जाएंगी। सभी मिलकर शांतिपूर्ण तरीके से इस बार दुर्गा पूजा संपन्न कराएंगे। मौके पर बीडीओ कृष्टिना रिचा इंदवार ने कहा कि रावण दहन कार्यक्रम के दौरान पूजा समिति से बैरिकेडिंग की व्यवस्था दुरुस्त करने की बात कही। वहीं सीसीटीवी कैमरा हरेक पंडाल में लगाने का आग्रह किया। मौके पर जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत ईशो सिंह, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता अर्जुन साहू, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, आजसू नेता राजसिंह चौहान, बीस सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, अल्पसंख्यक कल्याण समिति के अध्यक्ष मो. कयूम अंसारी, सांसद प्रतिनिधि डोमन पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि सुनील साव, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष मनान वारसी, मुखिया प्रतिनिधी छोटन ठाकुर, युवा कांग्रेस नेता मनोहर यादव, मुखिया मनोज कुमार, गोविन्द साहू, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विशुनधारी महतो, सुरेंद्र रजक, तौकीर रजा, महेन्द्र दुबे, शशि जयसवाल, शिवा निषाद, अभिषेक निषाद, सुजीत सिन्हा आदि मौजूद थे।

## अग्रसेन जयंती महोत्सव का भव्य समापन, रामायण की महागाथा ने बांधा समां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग ।** अग्रसेन जयंती महोत्सव के समापन समारोह का आयोजन बेहद हर्षोल्लास और भव्यता के साथ किया गया। यह महोत्सव समाज के सभी लोगों को एक मंच पर लाकर अग्रवाल समाज के महान संस्थापक महाराजा अग्रसेन की शिक्षाओं और योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर समाज के सभी ने सक्रिय रूप से भाग लिया और इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। समारोह का मुख्य आकर्षण रामायण एक महागाथा का अद्भुत मंचन रहा, जिसका संयोजन तृप्ति अग्रवाल और अनामिका अग्रवाल ने किया, जिसमें 42 बच्चों और महिलाओं ने संयुक्त रूप से भाग लिया। इस नाट्य प्रस्तुति में भगवान श्रीराम के जीवन और उनकी संघर्ष गाथा का सजीव चित्रण किया गया। रामायण की इस महागाथा ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। संस्कृत श्लोकों और हिंदी संवादों के माध्यम से नाट्य का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण। प्रतिभागियों द्वारा रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक नृत्य और संगीत। राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान और रावण जैसे प्रमुख पात्रों के जीवन को दर्शाने वाली सजीव झांकियाँ। सीता-हरण, लंका दहन, और रावण वध जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों को अत्यंत संजीदगी से दर्शाया गया, जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। अग्रसेन जयंती महोत्सव का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर महाराजा अग्रसेन की शिक्षाओं का प्रचार-प्रसार करना है। अग्रसेन जी की नीतियों, विशेषकर अहिंसा और समानता पर आधारित समाज की स्थापना, आज के समय में भी अत्यंत प्रासंगिक है। इस आयोजन के माध्यम से नई पीढ़ी को इन मूल्यों से अवगत कराना इसका मुख्य उद्देश्य रहा। इसके पश्चात कार्यक्रम की संचालिका पूजा अग्रवाल और शिल्पा खेतान ने समाज के अध्यक्ष पारस राम अग्रवाल, मंत्री विनोद झुनझुनावाला, अग्रवाल युवा मंच के अध्यक्ष अभिषेक अग्रवाल (चीकू), अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सोनल अग्रवाल, जयंती संयोजक विनीत चौधरी को मंचासीन किया। उसके बाद सभी ने एक एक कर के समाज के सभी लोगो के बीच अपनी बात रखी और साथ ही साथ सभी प्रतिभागीयो, अभिभावकों, समाज की कार्यकारिणी, पदाधिकारियों, मीडिया वर्ग सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। अंत में प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे समाज के बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए सम्मानित किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों और कार्यक्रम के संयोजक के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया, यह जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी अभिषेक चौधरी ने दी। समापन समारोह के अंत में आयोजकों ने उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों, कलाकारों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया। समाज के मंत्री विनोद झुनझुनवाला ने बताया की इस वर्ष का महोत्सव सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक धरोहर और परंपराओं को सहेजने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था, जो समाज के सभी वर्गों से मिले सहयोग के कारण अत्यंत सफल रहा। साथ ही रामायण की महागाथा की विशेष प्रस्तुति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें 42 बच्चों और महिलाओं की भागीदारी ने कार्यक्रम को अभूतपूर्व बना दिया। इस नाट्य प्रस्तुति ने न केवल दर्शकों का मनोरंजन किया, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति और धर्म की गहराई से भी परिचित कराया, साथ ही श्री झुनझुनवाला ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी अग्रवाल युवा मंच के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें 30 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया था। समाज की ओर से हम अग्रवाल युवा मंच के इस कार्य के लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हैं एवं भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

**हजारीबाग लोकसभा सांसद ने कटकमसांडी प्रखंड के दो पंचायतों में 3 करोड़. 77 लाख की विकास योजनाओं की रखी आधारशिला**

## क्षेत्र का विकास और जनसेवा के लिए हमेशा तत्पर हैं और आगे भी रहेंगे : मनीष जायसवाल

**● पबरा और कंडसार पंचायत में 5.80 किमी ग्रामीण पथों का जल्द होगा कायाकल्प**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शनिवार को हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के दो पंचायत के कई गांवों का सघन दौरा किया और करीब 3 करोड़ 77 लाख रुपए की विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल का कटकमसांडी क्षेत्र वासियों ने ढोल-ताशे और गाजे- बाजे के साथ पारंपरिक अंदाज में थिरकते और गाते-झूमते हुए फूल माला पहनाकर अभूतपूर्व स्वागत किया। सांसद श्री जायसवाल ने प्रखंड क्षेत्र के पबरा और कंडसार पंचायत क्षेत्र में दो प्रमुख पाथो का विकास योजनाओं की आधारशिला रखी और लोगों की समस्याओं से भी रूबरू हुए । हजारीबाग लोकसभा सांसद मनीष जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत पबरा में पंचायत भवन से डुकरा स्कूल तक ग्रामीण कार्य विभाग योजना अंतर्गत लगभग 2.80 किमी पथ निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यस नारियल फोड़कर, पूजा-अर्चना करके और शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस पथ का निर्माण कुल 1करोड़ 63 लाख रुपए से होगा। इस पथ के निर्माण से ग्राम पंचायत पबरा, खूटरा, डूकरा , सुलमी, लूपुंग, असधिर, धरहरा,बलियंद, के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। यहां से पंचायत कंडसार पहुंचे जहां पंचायत क्षेत्र को हजारीबाग शहर से बेतहर कनेक्टिविटी के लिए पथों के निर्माण की आधारशिला नवादा रेलवे क्रॉसिंग से महाने नदी तक आधारशिला रखी। । जिसमें ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत तक कुल 3 किमी पथ का कार्य होगा जिस में कुल 2 करोड़ 14 लाख रुपए से किया जायेगा। इस पथ का निर्माण हो जाने से चतरा जिला के कई गांव का लोगों को प्रखंड कटकमसांडी से लेकर जिला मुख्यालय तक आवागमन करने में सुविधा होगी। मौके पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करना हमारी प्राथमिकता रही है और क्षेत्र का विकास एवं जनमानस के उत्थान को लेकर आगे भी हमारा प्रयास जारी रहेगा । मौके पर ये गणमान्य लोग रहें मौजूद मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, जिला मंत्री रीतलाल यादव, पश्चिमी मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव,पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा,पूर्व पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता,कटकमसांडी पूर्वी जिप सदस्य मंजू नंदनी ,महामंत्री बीरेंद्र कुमार बीरू, कंडसार पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मेहता,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजेंद्र मेहता,महामंत्री अरविंद यादव,पूर्व मुखिया दिलीप रविदास,गदोखर मुखिया नारायण साव, पबारा मुखिया रणजीत रजक,पूर्व मुखिया सरजू राम,पंचायत समिति सदस्य प्रयाग पासवान अनुसूचित जनजाति के मीडिया प्रभारी रामू राम, युवा मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष दीपक मेहता, पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि मनीष ठाकुर,सचिन मेहता ,मिथलेश सिंह,घनश्याम यादव, अनुराग मित्तल, लेखराज यादव सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## पूर्व विधायक के प्रयास से टोलावासियों को मिला 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत बेंदगी पंचायत के देवी मंडप के नीचे टोला में तीन दिन पहले ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीण बिजली विभाग को सूचित किए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, जिसके बाद ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को ट्रांसफॉर्मर खराब होने की सूचना दी, जिसके बाद तत्परता दिखाते हुवे पूर्व विधायक ने 100 केवी का नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। जिसका उद्घाटन शनिवार को पूर्व विधायक के मौजूदगी में पंसस कलावती देवी, मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी के हाथों संयुक्त रूप फीता काटकर किया गया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा की ग्रामीणों कि सामस्या को समाधान करना हमारी प्राथमिकता में रही है। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने पूर्व विधायक को धन्यवाद दिया। कहा की आपके प्रयास से हमलोगो के घर में बिजली तुरंत उपलब्ध हो पाया। उद्घाटन कार्यक्रम में पंसस कलावती देवी, प्रतिनिधि झमन यादव, समाजसेवी बासुदेव यादव, बसंत पांडेय, मुन्ना यादव, हेमराज यादव, हरी पांडेय, मुकेश यादव, पंकज यादव, प्रदीप यादव, राहुल कुमार, सिकेन्द्र यादव, लाली यादव, संदीप यादव, प्रयाग यादव, सुरेंद्र साव, महादेव यादव, अनीता देवी, पुष्पा देवी समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## भामाशाह शिशु विद्या मंदिर में उत्तरपुस्तिका जांच में अभिभावकों ने दिया अभिमत



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही में अर्धवार्षिक परीक्षा के उपरांत उत्तरपुस्तिका को दिखलाया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में कक्षा अरुण से दशम तक के भैया बहनों के 550 अभिभावकों ने विद्यालय पहुंचकर उत्तरपुस्तिका की जांच की और अपने बहुमूल्य अभिमत दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि निरंतर प्रयास से तथा लक्ष्य निर्धारण कर अध्ययन करने से सफलता जरुर मिलती है। इसके साथ उन्होंने कहा कि बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय शिक्षक और अभिभावकों के बच्चों के बीच पाठ पाठन को लेकर मध्यक्षता होना अति आवश्यक है। कार्यक्रम में सभी विषयों के आचार्य और आचार्य दीदियां उपस्थित थे।

## डॉ आरसी मेहता ने कई जगहों पर किया नुक्कड़ सभा का आयोजन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस के सदर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डॉ आरसी मेहता ने अपने समर्थको के साथ दर्जनों जगहों का गाजेबाजे एवं मोटरसाइकिलें के साथ दौरा कर नुक्कड़ सभा का आयोजन किया । इस दौरान कल्लू चौक के नुक्कड़ सभा में डॉ आरसी मेहता ने कहा कि हजारीबाग की जनता ने हमें 2019 में उपविजेता बनकर विपक्ष में रहने का मैंडेट दिया था इसका उन्हें कोई गम नहीं है गम इस बात का है की अबतक हजारीबाग एयरपोर्ट का निर्माण नहीं हो सका विपक्ष द्वारा हजारीबाग का विकास अवरुद्ध रहा। पेलावल स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग की स्थिति देश के सुर्खियों में रहा स्थिति यह थी कि लोग पेलावल स्थित जर्जर सड़क में तैरते नजर आए। उन्होंने आगे कहा की उन्होंने हजारीबाग जिले में जहां भी सांप्रदायिकता का धुआं देखा प्रशासन के मदद से पानी डालने का काम किया। हजारीबाग जिले में सक्रिय विपक्ष का भूमिका निभाता रहा। जिला टोल संयोजक के रूप में केंद्र सरकार के गैर कानूनी टाल प्लाजा में संपूर्ण जिला वासियों को आप सभी के सहयोग से छूट दिलाया। तेल ब्लास्ट, ईख आगजनी दर्जनों प्राकृतिक आपदा जनता को मुआवजा दिलाया। जनता के साथ हो रहे अन्याय का विरोध किया।अंग्रेज हत्यारा डीसी सिमसन पार्क पार्क से नाम हटाकर जिला परिषद नाम दिलाने हेतु सफल आंदोलन किया । ट्रैक्टर आंदोलन इत्यादि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 5 वर्षो तक जनता सेवा में रहा।

## विष्णुगढ़ में नहीं थम रहा है चोरी का सिलसिला



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से दुकानदारों और आमजनों के बीच भय का माहौल बना हुआ है। सितंबर से अक्टूबर माह के अंदर तकरीबन पांच से छह चोरी की घटनाओं को चोरों ने दिया है अंजाम। इन चोरों को प्रशासन का तनिक भी भय नहीं तभी धड़ल्ले से चोरी किए जा रहे हैं। बता दें कि बीती शुक्रवार की रात्रि एक बजे के करीब अस्पताल चौक में स्थित सुजीत वर्मा की पान की गुमटी में चोरों द्वारा पुनः चोरी करने का असफल प्रयास किया गया, गुमटी का ताला लगभग टूट चुका था। जानकारी मिलने पर लोगों की तुरंत तत्परता दिखने से चोर वहां से गोविंदपुर रोड की तरफ भाग निकले, जिससे चोरी का प्रयास असफल रहा। इससे पूर्व गुरुवार रात्रि सुजीत वर्मा और महादेव रवानी की दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है। चोरों की संख्या तीन बताई जाती है, जिसमे चोरों की उम्र लगभग 16 से 20 वर्ष अनुमान लगाया जा रहा है। तत्काल इसकी जानकारी विष्णुगढ़ थाना में दी गई, पुलिस के आने तक उक्त स्थल से चोर फरार हो चुके थे। एक महीने के भीतर अस्पताल चौक स्थित सुजीत वर्मा और महादेव रवानी की दुकान, विष्णुगढ़ के बादीखरना में, पेठियाटांड़ स्थित राममंदिर में और विष्णुगढ़ के जमुनिया नदी स्थित शिव पार्वती मंदिर में चोरी हो चुकी है। इसके अलावा खरना पंचायत के बुढ़वाडीह टोला में लगे जलमीनार से मोटर और खरना के चकाई में लगे जलमीनार के स्ट्रक्चर में लगे एंगल को चोरों द्वारा उड़ा लिया गया। इन सम्पूर्ण घटनाओं के संबंध में थाना प्रभारी सागेन मुर्मू से पूछने पर बताया गया कि उक्त चोरी की घटनाओं के आधार पर मामला दर्ज किया गया है एवं उनके द्वारा छानबीन जारी है,जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## दुर्गापूजा के पूर्व बनासो बीएड महाविद्यालय में किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ प्रखंड के बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में बीश्एडश्र पाठ्यक्रम के नए सत्र के प्रशिक्षुओं का परिचय सत्र एवं दुर्गापूजा पूर्व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन का शुभारंभ दीपप्रज्वलन कर किया गया। बतौर मुख्यअतिथि महाविद्यालय के अध्यक्ष जितेन्द्र पाण्डेय रहे।मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुनील कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि एक आदर्श शिक्षक बनने में बीश्एडश्र पाठ्यक्रम और प्रभावी प्रशिक्षण की भूमिका महत्वपूर्ण है। मौके पर (एनएसएस) कार्यक्रम पदाधिकारी कुमारी स्वर्णा मिश्रा,सहायक व्याख्याताओं में बबली कुमारी, प्रो0 ओमकार नाथ शर्मा,अशोक झा, वीरेन्द्र देव, शशि देव ,राघवेंद्र प्रताप, सरोज श्रीवास्तव,राजेश कुमार,भुनेश्वर महतो, प्रवीण कु0 जायसवाल, विपिन कुमार,जितेंद्र कुमार,अदृश मुखर्जी, डॉ0 सतीश चंद्र यादव,जयपाल राणा,डॉ0 अम्बरीश कु0 दुबे,डॉ0 विजयकांत चक्रवर्ती, दिलीप कु0 पाठक,सीमा, छबि राम सिंह,अजीत कुमार संतोष कुमार,विनोद कुमार,धर्मनाथ महतो ,सौरभ सुमन,प्रकाश कुमार,आजाद एवं समस्त प्रशिक्षु मौजूद रहे।

# गोला में सड़क दुर्घटना, दो की हुई मौत

## ग्रामीणों का आरोप है कि गोला थाना के पीसीआर वैन ने बाइक सवार को लिया था चपेट में

▶ आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** राममढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र के गोला/रजरप्पा मार्ग पर बंदा के पास एक सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि ये दुर्घटना पुलिस की पीसीआर वैन द्वारा बाइक सवार को धक्का मारा जिससे बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार ये घटना देर रात लगभग रात 10 बजे गोला पुलिस केपीसीआर वैन ने एक बाइक सवार दो लोगों को अपने चपेट में ले लिया। पीसीआर वैन की टक्कर से घटनास्थल पर ही 27 वर्षीय अजीत हेंब्रम की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल 20 वर्षीय सागर हेंब्रम को अस्पताल पहुँचाया गया। इलाज के दौरान सागर हेंब्रम की भी मौत हो गईद्य बताया जाता है कि दोनों युवक बाइक से अपने घर जा रहे थे।वहीं दूसरी और चर्चा है कि गोला पुलिस का पीसीआर वैन बाइक से कोयला ले जाने वाले लोगों का पीछा कर रही थी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखा गयाद्य लोगों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश दिख रहा था। देर रात प्रखंड विकास पदाधिकारी की पहल पर घटना स्थल से शव को उठाकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेजा गया।




**मौके पर गिरीडीह सांसद एवं पूर्व विधायक भी पहुँचे**

धरनास्थल पर गिरीडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी तथा पूर्व विधायक ममता देवी भी पहुँचकर पीड़ितों के परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। समाचार भेजे जाने तक सड़क जाम लगा हुआ था।



### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

शव के अंत्यपरीक्षण होकर आने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने गोला थाना गेट के पास रा.उ.प.संख्या-23 शव को रखकर सड़क जाम कर दिया तथा पीड़ितों की माँग है कि दोनों पीड़ितों को बतौर मुआवजा 10-10 लाख रुपये तथा दोनों परिवार से एक-एक नौकरी।

## बीजेपी बड़कागांव विधानसभा प्रभारी किसलय तिवारी पतरातू पहुंचे



**पतरातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बड़कागांव विधानसभा के प्रभारी सह पूर्व प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष किसलय तिवारी पतरातु पहुंचे और कहा कि भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव हेतु आज शाम 5ः00 बजे पांच प्रण का लोकार्पण किया जाएगा भारतीय जनता पार्टी ने आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के संकल्प पत्र में गोगो दीदी योजना की घोषणा करने जा रही है जिसके निमित्त प्रत्येक परिवार की महिला बहनों को ?2100 प्रति माह देने की घोषणा होगी इस निमित्त 6 एवं 7 अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सभी 29000 बूथो पर 100 परिवारों से संपर्क कर महिला बहनों का पंजीकरण गोगो दीदी योजना के फार्म के तहत किया जाएगा इस निमित्त पतरातू के किशोर कुमार महतो के आवासीय कार्यालय में पतरातू मंडल की आवश्यक बैठक की गई जिसमें बड़का गांव विधानसभा के प्रभारी एवं पूर्व भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी उपस्थित रहे इसके साथ ही भाजपा पतरातू मंडल युवा मोर्चा के अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर के पिता के मृत्यु होने पर उनके परिवार में जाकर धाड़स दिया और कहा कि इस दुख के घड़ी में भाजपा परिवार आपके साथ खड़ा है इस बैठक में दक्षिणी छोटा नागपुर युवा मोर्चा प्रमंडलीय प्रभारी रिधि राज,संतोष कुमार शर्मा,मंडल किशोर महतो मंडल,पंकज सिंह, रअमरेश कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राज्य सम्पोषित जोहार कैडर / कर्मियों ने पूर्व विधायक ममता देवी से मिलकर जताया आभार और जाहिर किया खुशी



▶ हमारी सरकार सभी कर्मियों और जनता के हक अधिकार देने में काफी संवेदनशील हैं

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** राज्य सम्पोषित जोहार कैडर/कर्मियों ने पूर्व विधायक ममता देवी से मुलाकात कर धन्यवाद पेश किया और आभार जताया। कुछ सप्ताह पूर्व उक्त कर्मियों ने पूर्व विधायक श्रीमती ममता देवी जी से मिलकर एक मांग पत्र सौंपा था और अपनी विभिन्न मांगों को रखा था जिसमें उन्होने समायोजन बकाया वेतन सहित विभिन्न मांगों को सरकार तक पहुंचाने का अनुरोध किया था। जिसके बाद पूर्व विधायक महोदया ने इनकी मांगों को ग्रामीण विकास मंत्री इरफ़ान अंसारी से मिलकर अवगत कराई थी और जल्द विचार करने की बात कही थी। जिसके बाद मंत्री जी के प्रयास से इनके समायोजन सहित तीन माह का बकाया वेतन भुगतान कर किया गया है। जिससे सभी कर्मी काफी खुशी जाहिर किया। और आज सभी कर्मियों ने पूर्व विधायक ममता देवी से मुलाकात कर उन्हें बुके व प्रसस्ति चित्र देकर उनका धन्यवाद और आभार जताया।.

## डीएवी उरीमारी में नवरात्रि समारोह का किया गया आयोजन, बच्चों ने मां दुर्गा का रूप किया धारण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** डीएवी उरीमारी में इस वर्ष का दुर्गापूजा सह नवरात्रि समारोह विशेष रूप से यादगार और आकर्षक रहा। जिसमें नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के छोटे छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रभारी प्राचार्य डी. के. मंडल के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने विद्यालय के समर्पण और संस्कृति के प्रति आदर को दर्शाया।समारोह की सबसे बड़ी विशेषता थी छोटे बच्चों की देवी-देवताओं के रूप में प्रस्तुति दि गई। इन नन्हें प्रतिभागियों ने माँ दुर्गा,भगवान शिव,मां सरस्वती, लक्ष्मी,गणेश,और कार्तिकेय जैसी देवी देवताओ की वेश-भूषा धारण कि। जो अत्यंत मनमोहक और आकर्षक थी। रंग-बिरंगे परिधानों और गहनों से सजे ये छोटे बच्चे न केवल मासूमियत से भरपूर थे, बल्कि उन्होंने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से माता-पिता और दर्शकों का दिल जीत लिया।कार्यक्रम की शुरुआत देवी दुर्गा की पूजा और आरती से हुई,जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। बच्चों ने विभिन्न देवी-देवताओं के जीवन से प्रेरित नृत्य और लघु नाटकों की प्रस्तुतियाँ दीं। माँ दुर्गा और महिषासुर के बीच की पौराणिक लड़ाई को छोटे बच्चों ने अत्यंत सहज और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रभारी प्राचार्य डी. के. मंडल ने अपने संबोधन में बच्चों के उत्साह और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति प्रेम और आदर को प्रोत्साहित करते हैं।समारोह में विशेष सजावट और देवी-देवताओं के प्रतीकात्मक झांकियाँ कला शिक्षक एच. एच.पाधी के निर्देशन में तैयार की गई।आयोजन की सफलता के पीछे पुष्पांजलि प्रधान,मंजू सिन्हा,बबीता कुमारी, रश्मि कुमारी एवं अपराजिता राय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## समाजसेवी सह दुलमी कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश करमाली जी ने नये दुलमी अंचल अधिकारी को गुलदस्ता भेट कर दिया बधाई

**रामगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड के नए अंचल अधिकारी किशोरी यादव ने बीते दिनों अपना पद भार ग्रहण कर लिया।इसकी जानकारी होने पर शनिवार को दुलमी प्रखंड के कांग्रेस अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष प्रकाश करमाली ने औपचारिक मुलाकात की और बुके देकर उनका स्वागत किया।इस दौरान प्रकाश करमाली ने अंचल कार्यालय मे चल रही गड़बडियों से अवगत कराया। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि अंचल कार्यालय मे अधिकारियों व कर्मियों की मनमानी रवैये के कारण आम जनता को मोटेसन,राशिद कटवाने व जाती, अवासीय,आय, जन्म प्रमाण पत्र बनवाने मे काफी परेशानी हो रही है। हम आशा करते हैं कि आप के कार्यकाल मे जनता की समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा।इस पर अंचल अधिकारी ने भी अस्वस्थ किया है कि जनता की समस्या का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। जनता को किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या हो तो वे हमसे संपर्क करें। मैं हर संभव समस्या का समाधान करने का प्रयास करुगा।



## आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर रामगढ़ महाविद्यालय का उपायुक्त निरीक्षण

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में चुनाव के सफल आयोजन हेतु डिस्पैच सेन्टर, मतगणना केंद्र तथा बज्रगृह स्थापित करने को लेकर उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने निर्वाची पदाधिकारी 23 रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र सह अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, निर्वाची पदाधिकारी 22 बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र सह भूमि सुधार उप समाहर्ता श्रीमती दीप्ति प्रियंका कुजूर, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य अधिकारियों के साथ निर्वाचन संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए वहीं उन्होंने महाविद्यालय परिसर में आवश्यक मूलभूत सुविधाएं यथा पेयजल, शौचालय, पार्किंग व्यवस्था आदि का जायजा लेते हुए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर निर्वाचन की तैयारियां पूर्ण करने, सभी कार्यों को ससमय करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



## रैविमो ने आउटसोर्सिंग कंपनी आशीर्वाद का नौ घंटे काम रखा ठप, वार्ता विफल

▶ कंपनी में बाहरीयो को ना रखकर रैयत विस्थापितों को दिया जाए मौका : संजय करमाली

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटंगा पंचायत के भुरकुंडुवा स्थित आउटसोर्सिंग कंपनी आशीर्वाद का काम शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा व रैयत विस्थापित मोर्चा शाखा उरीमारी के बैनर तले ने ठप कराया गया। सीसीएल प्रबंधन दिलीप कुमार ने शाम लगभग साढ़े चार बजे रैविमो के प्रतिनिधियों को रविवार को 11 बजे महाप्रबंधक बरका सयाल कार्यालय में वार्ता किया जाएगा। वहीं इस बन्दी को सफल बनाने में मुख्य रूप से रैविमो क्षेत्रीय अध्यक्ष सूरज बेसरा, क्षेत्रीय सचिव मोहन सोरेन, विस्थापित नेता संजय करमाली, रैविमो उरीमारी शाखा सचिव बिनोद हेम्ब्रोम, सन्नी सोरेन पोटंगा उप मुखिया रविन्द्र सोरेन, पंकज हेम्ब्रोम, साहेब राम बेसरा, विजय सोरेन,आंनद हेम्ब्रोम, अजय बेसरा, बन्शीलाल मुर्मू, अजय करमाली, प्रेम सोरेन, अजय मरांडी, नरेश बेसरा, मिथुन सोरेन, सुखराम बेसरा, अरूण करमाली, झारी करमाली, जयपाल सोरेन, तालू टुड्डू, अविनाश सोरेन,रहुल सोरेन, सुनील सोरेन,मनोज सोरेन, सिकेन्द्र मुर्मू, राजेन्द्र टुड्डू, सिकेन्द्र टुड्डू, संजय मुण्डा, बुधनी देवी, लील मुनि देवी,मैनो देवी, तालोमुनी देवी, ममता देवी शकुन्तला देवी मान्ती देवी सीमा देवी सहित हजारों की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए।



## मृतक के आश्रितों के साथ झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ हमेशा सहयोग के लिए तत्पर है रवि कु महतो

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ के साथियों ने मृतक पारा शिक्षिका उमा कुमारी के आकस्मिक निधन में पहुंचकर उनके परिजनों को ढाढस बंधाया तथा विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर भगवान मृत आत्मा को शांति प्रदान करें । साथियों ने बताया कि नव प्राथमिक विद्यालय बिजलीबाँध में कार्यरत सहायक अध्यापिका उमा कुमारी, पति स्वर्गीय राज किशोर महतो, उमा कुमारी पारा शिक्षिका के तौर पर कार्यरत थी एवं वर्तमान में स्कूल के प्रधानाध्यापक/प्रभारी के रूप में समस्त जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रही थी। सहायता एवं अनुकंपा के आधार पर उक्त स्कूल में उनके सुपुत्र रूपेश कुमार को कार्य करने की अनुमति दें एवम् पदस्थापन देने की कृपा करें। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ हमेशा इनको हर सुख दुख में हमेशा तत्पर रहेगी तथा जरूरत पड़ने पर हम लोग संगठन के माध्यम से आश्रित के परिवार को न्याय दिलाने में भरपूर कोशिश करेंगे। विनम्र श्रद्धांजलि में मुख्य रूप से जेएलकेएम केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार महतो, जिला उपाध्यक्ष कुशवाहा पंकज महतो, ओमप्रकाश महतो ,जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, प्रभु , महतो, आनन्द महतो, पिंटू महतो, बिमलेश भारती, भीम महतो, लालू प्रसाद, सूरज महतो, सूरज मुंडा, सुदामा महतो, संतोष महतो, मिथुन कुमार, प्रेम कुमार,तृलोकी महतो, अमर लाल महतो, पारा शिक्षक संघ, एवम हज़ारों ग्रामीण उपस्थित थे।



## श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के बच्चों का शैक्षिक भ्रमण : अनुभवात्मक शिक्षण का आदर्श उदाहरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक और शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से 2 तक के बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अनुभवात्मक शिक्षण के माध्यम से छात्रों में विभिन्न जीवन कौशल और सामाजिक गुणों का विकास करना था। इस अनूठे अवसर ने बच्चों को पाठ्यपुस्तकों से परे जाकर वास्तविक दुनिया को जानने-समझने का अवसर प्रदान किया। पोस्ट ऑफिस में कक्षा 1 के बच्चों का अनुभव कक्षा 1 के बच्चे स्थानीय डाकघर का भ्रमण करने गए, जहाँ उन्होंने पोस्टकार्ड लिखने और भेजने की प्रक्रिया सीखी। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया और साफ-सफाई के महत्व पर भी ध्यान केंद्रित किया। इसके अलावा, उन्हें सूर्य नमस्कार के 12 आसनों के बारे में जानकारी दी गई और उन्होंने इसे करने की कोशिश भी की, जिससे उनका शारीरिक और मानसिक विकास प्रोत्साहित हुआ।प्राचार्य श्री हरजाप सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया । कार्यक्रम में प्रबंधक कमेटी और शिक्षकों सहयोग रहा। स्कूल प्रबंधक कमेटी के सदस्यों ने भी इस आयोजन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने भी बच्चों की देखभाल में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे भ्रमण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



## अरगड्डा वार्ड 13 में पेवर ब्लॉक पथ निर्माण हेतु नापी किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा वार्ड 13 का ग्रामीणों के मांग पर नगर परिषद रामगढ़ के इंजीनियर के द्वारा इंदिरा चौक माइनस क्वार्टर मैं भूपेश मनी तिवारी के घर से लेकर मुन्ना राम के घर के आगे तक पेवर ब्लॉक पथ निर्माण हेतु नापी किया गया मुख्य रूप से समाजसेवी रंजीत पासवान समाजसेवी भूपेश मनी तिवारी मुन्नाराम अजीत राम उपस्थित है

## पूर्व विधायक कार्यालय में दर्जनों युवाओ कांग्रेस पार्टी में हुये शामिल

▶ सभी का युवाओ का मान सम्मान का ख्याल रखते हुए पार्टी में उचित स्थान दिया जायगा : ममता देवी

**गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व विधायक ममता देवी के विधायक कार्यालय गोला में मिलन समारोह हुआ। जिसमें पूर्व विधायक ममता देवी एवं पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो के कुशल नेतृत्व से प्रभावित होकर पूर्व विधायक के मौजूदगी में सुदेश महतो के नेतृत्व में दर्जनों युवा ने शामिल हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक ममता देवी व बजरंग महतो के द्वारा सभी युवाओ को पार्टी का पट्टा और माला पहनाकर स्वागत किया गया। पार्टी में शामिल हुए सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर बधाई दिए और पूरी निष्ठा से पार्टी के लिए कार्य करने की बात कही। साथ ही पूर्व विधायक ने आगे कहा कि युवाओ के पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी। मौके पर प्रेम सागर प्रसाद, मनोज कोटवार, चंदन प्रसाद, गौरी शंकर महतो, सुभानी अंसारी,पार्टी में शामिल होने वालों में सुदेश महतो,रवि कुमार, विनय कुमार,संदीप कुमार, अभिषेक कुमार, किशोर कुमार, संदीप कुमार, रितेश महतो, बिनोद कुमार सहित कई युवा शामिल थे।



## जरूरत पड़ी तो मोदी योगी का खड़ाऊ रख कर कार्यकर्ता लड़ेंगे चुनाव : कुंटू बाबू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** शनिवार रामगढ़ विधानसभा के वरिष्ट नेता सह पूर्व विधानसभा प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने अपने आवासीय कार्यालय पर एक प्रेसवार्ता आयोजित कर उन्होंने मीडिया को बताया की इस बार 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा कार्यकर्ता खुद का प्रत्यासी चाहते हैं और यही बात हम आपके और अन्य माध्यमों से केंद्र तक पहुंचाना चाहते हैं। उन्होंने कहा की पिछले उपचुनाव में भी हम सभी ने पूरी तान्यमयता और समर्पण भाव से आजसू को अपने छोटे भाई की भूमिका में रखते हुए अपना समर्थन देकर चुनाव जितवाया पर चुनाव जीतने के बाद आजसू ने न तो औपचारिक रूप से कभी भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ कोई बैठक किया और न हीं धन्यवाद दिया। इसके उलट चंदनक्यारी से आजसू के पूर्व विधायक द्वारा भाजपा विधायक सह सदन में प्रतिपक्ष के नेता अमर बावरी को बंगाल से आया बोलकर न सिर्फ गंठबंधन धर्म को ठेंगा दिखाया बल्कि उनका ये बयान आजसू की विधानसभा में मिले तीन विधायकों की संख्या शून्य करने का कारण भी बनेगा। उन्होंने आगे कहा की इस बार रामगढ़ विधानसभा के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अकेले चुनाव लडने का मन बना लिया है और जरूरत पड़ी तो मोदी और योगी जी का खड़ाऊ रख कर इस बार चुनाव लडने को तैयार है।उन्होंने मीडिया के मध्यम से केंद्र सरकार से कमल फूल को चुनाव लड़वाने का आवाहन करते हुए बताया की करीब 20 वर्षों बाद 2019 के विधानसभा चुनाव में बाबूलाल जी के बाद मुझे मौका दिया था जिसके बाद भाजपा को यहां से करीब 37 हजार वोट प्राप्त हुए थे जिसमे शहरी क्षेत्र का मत प्रतिशत सत्तासी प्रतिशत रहा था जो आंकड़े आज आप सभी के पास मौजूद हैं।पत्रकारों द्वारा जयराम महतो के वोटबैंक और प्रभाव से भाजपा को क्या नुकसान होगा ये पूछे जाने पर कुंटू बाबू ने कहा की अब परिस्थिति और बदली है, क्योंकि वो लोग आज भाजपा से जुड़ चुके हैं जो भले यहां के खतियानी न हों पर उनका जन्म यहीं हुआ है और शायद पूर्व में वो किसी अन्य पार्टियों का समर्थन किया करते थे। अंत में उन्होंने कहा भाजपा राष्ट्रवाद की राजनीति करती है जिसमे सबका साथ सबका विकास समाहित होता है और इस बार रामगढ़ में भी भाजपा का कमल अवश्य खिलेगा। प्रेशवर्ता में कैंट मंडल,ग्रामीण,नगर परिषद सहित गोला,चितरपुर,दुलमी एवम बरलंगा मंडलों से सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहें।




## निबंध, प्रश्नोत्तरी और भाषण प्रतियोगितायें का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** महाप्रबंधक कार्यालय अरगडा क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत निबंध, प्रश्नतोरी और भाषण प्रतियोगितायें आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में डीएवी गिदी ए, एसवीएम सिरका और उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोंगी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं की शुरुआत माननीय अमला अधिकारी (कार्मिक एवं प्रशासन) मोहम्मद फैयाजुल हक के द्वारा सतर्कता जागरूकता संदेश और सत्य निष्ठा प्रतिज्ञा से की गई। कार्यक्रम में प्रबंधक कार्मिक मनीष कुमार अम्बष्ट, प्रबंधक कार्मिक स्मिता पन्ना एवं नोडल अधिकारी (लीगल) निखिल श्रीवास्तव के साथ दुर्गेश कुमार सिंह तथा अन्य कर्मचारीगण मौजूद थे।

## भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट निवासी और भाजपा के बुथ अध्यक्ष मणिशंकर ठाकुर किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोनीत

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा प्रदेश कार्यालय में किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहु ने पत्र जारी करते हुए मणिशंकर ठाकुर को किसान मोर्चा का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया है। अपने मनोनयन पर मणिशंकर ठाकुर ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहु,सांसद मनीष जायसवाल और जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा में काम करने वाले कार्यकर्त्ताओं को हमेशा सम्मान मिलता है। मणिशंकर ठाकुर को किसान मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनने पर रामगढ़ कैंट मण्डल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता सहदेव ठाकुर, मनोज सिंह, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सन्नी कुशवाहा, किसान मोर्चा के नगर अध्यक्ष सत्यजीत सिंह, अंकित सिंह, ऋषिकेश सिंह, अरविन्द सिंह, अजीत गुप्ता, अभिषेक चौधरी, मिथिलेश मण्डल, भीमसेन चौहान, राजकिशोर ठाकुर , दिलीप शाह, कुणाल दास, शिव कुमार गुप्ता, सुमित अग्रवाल, दिनेश प्रजापति, सुरेन्द्र शर्मा, संजय श्रीवास्तव,विनोद गोप, ब्रजेश पाठक, सुरजीत सिंह छाबड़ा ने बधाई और शुभकामनाएं दी।



# प्रवासी मजदुर गोविन्द महतो का शव 28 दिन बाद विदेश से पहुंचा गांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बगोदर :** बगोदर प्रखण्ड के अड़वारा पंचायत के बरावाडिह के प्रवासी मजदुर गोविन्द महतो का शव 28 दिन बाद गांव पहुंचेगा । गोविन्द महतो दक्षिण अफ्रीका के ट्यूनेशिया में इन्टरनेशनल पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड कम्पनी में पिछले 8 सितम्बर को कार्य के दौरान हाइड्रा से भारी समान से गंभीर चोट लगी थी । जिसके बाद गंभीर रूप घायल गोविन्द को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सुचना मिलते ही परिजनों में दुःख का पहाड टूट पड़ा है। उधर कई समाजिक कार्यकर्ता व कई राजनितिक दल नेता भी मृतक के घर पहुँच कर आश्रितों से मिले और ढाढस बंधाया। जिसमें विधायक विनोद सिंह पुर्व विधायक नागेन्द्र महतो जे एल के एम केन्द्रीय अध्यक्ष जयराम महतो ने भी घटना के प्रति गहरा दुःख व्यक्त किए थे। शनिवार शाम राँची बिरसा मुण्डा हवाई अड्डा में गोविन्द महतो का शव पहुंचा । वहीं समाजिक कार्यकर्ता सह शिक्षक छोटन प्रसाद छात्र राँची पहुंचे जहां शव को रिसिव करने के बाद एम्बलेंस से पैतृक गांव लेकर निकले रात्री तक पहुंचने की उम्मीद है। मृतक गोविन्द महतो के भांजा हीरालाल महतो से कम्पनी के प्रतिनिधि से मुआवजा को लेकर सहमती बनी है जिसमें मृतक के पत्नि के खाते में मुआवजा राशि भेजी गई । जबकि एक किस्त और भेजने की बात कही गई है उधर घटना से गांव में मातम पसरा है

# हरेन्द्र सिंह द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं कैंसर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने धनबाद प्रखंड के सिजुआ में %धनबाद फर्स्ट% के तहत निश्शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग, स्वास्थ्य जांच एवं कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सिजुआ क्षेत्र के कई लोग शामिल हुए और स्वास्थ्य जांच के लाभ उठाए। असर्फी हॉस्पिटल के सीईओ एवं सामाजिक कार्यकर्ता हरेन्द्र सिंह ने बताया कि कैंसर की बीमारी का निदान समय पर होना अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए हम इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन लगातार करते रहेंगे। उन्होंने कहा, हमारी कोशिश है कि हर व्यक्ति को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों और वे इस बीमारी के प्रति जागरूक हों। इस मौके पर उपस्थित असर्फी हॉस्पिटल के स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कैंसर की प्रारंभिक पहचान के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कैंसर के लक्षणों, रोकथाम और उपचार के तरीकों के बारे में भी जानकारी दी।

# बिजारे फैशन शो का सेकेंड राउंड आडिशन सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आप सभी को सूचित किया जाता है कि IICC तथा INIFD संस्थान द्वारा आयोजित 27 अक्टूबर 2024 को होने वाले Fashion show cum Annual day - BIZARRE-24 का auditions 5 अक्टूबर 2024 दिन शनिवार को सम्पन्न हो गया है। इसमें मॉडलिंग के लिए इच्छुक झारखण्ड के कई शहरों से 50- 60 लडके और लड़कियों ने बड़े उत्साह और लगन के साथ भाग लिया इसमें चयनित मॉडल ही अगामी दिनांक 27 अक्टूबर को होने वाले बिजारे शो में भाग ले पायेगे। इसमें सबसे सफल मॉडल को Mr. Bizarre-24 और Miss Bizarre - 24 के खिताब से भी नवाजा जायेगा। ज्ञात हो कि Bizarre - 24 फैशन शो का आयोजन होटल RADISSON BLU, RANCHI में किया जायेगा। इसमें संस्थान के फैशन डिजाइनिंग स्टूडेंट्स को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया जायेगा। बिजारे शो पिछले 23 सालो से आयोजित किया जा रहा है जो कि झारखंड का सबसे बड़ा फैशन शो जाना जाता है। इसमें प्रतिभागियों को 5 अलग अलग थीमो में 5 राउन्ड दिये जायेगें

1. Ivory tales (ivory round)
2. Arabian Night (Arabian folk tales round)
3. Dye Hard (Tie & dye round)
4. Elegance in art (Traditional round)
5. Break-d-Ice (creativity round)

उक्त बातें संस्थान के निदेशक डा मो0 महबूब आलम ने दी। शिक्षकगण में फैशन डिजाइनिंग विंग की ॥ OD शिखा सरवागी, कोरियोग्राफर मो0 जाहिद हुसैन, अमृता मिश्रा, आफरीन इरशाद उपस्थित थे. Dr. MD. MAHBOOB ALAM

DIRECTOR (IICC/INIFD, RANCHI) 0651-2999991, 993461100

# स्टील अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया लिमिटेड व सीआरवाई के सौजन्य से लगा स्वास्थ्य जांच शिविर



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम में शनिवार को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड और सीआरवाई के सौजन्य से एक निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। इस कैंप में सीएचसी धनबाद और 108 एंबुलेंस इमरजेंसी सर्विस की टीम भी मौजूद थी। कैंप में सभी दिव्यांग बच्चो के स्वास्थ्य की जांच फिजिशियन डॉक्टर आई. आलम के द्वारा की गई। जिसमे मौसम बदलने पर होने वाली बीमारी, सर्दी जुकाम, बुखार आदि की जांच की गई। जांच के बाद सभी बच्चो को उनकी आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क दवा दी गई। शिविर में करीब 100 दिव्यांग बच्चो और उनके अभिभावकों ने स्वास्थ्य जांच करा कर दवा भी प्राप्त किया।

## मनईटांड़ के एमएस मोटर में वाहन मीटरों को कंप्यूटराइज तरीके से किया जाएगा रिपेयरिंग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मनईटाड़ बैंक कालोनी के समक्ष एमएस मोटर में अब वाहनों के किसी भी प्रकार की मीटर की रिपेयरिंग की जाएगी। यह जिले में पहला मोटर सेंटर हैं जहां डिजिटल मीटर, स्पीडो मीटर की बिक्री के साथ कंप्यूटराइज तरीके से रिपेयरिंग किया जाता है। इसके अलावा वहां में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत समाधान किया जाता है। एमएस मोटर के संचालक मिस्टर सैंडी ने बताया कि यहां ईसीएम, ईपीएस, बीसीएम मीटर की जांच कर के ठीक किया जाता है। इसके अलावा वाहन में किसी भी समस्या को लेटेस्ट तकनीकी कंप्यूटराइज की मदद से जांच करने के बाद निवारण किया जाता है। शुरुआत में किसी भी मीटर को मरम्मत कर सही करने का कोशिश किया जाता है। अन्यथा वाहन चालकों को बदलने की सलाह दी जाती है। मिस्टर सैंडी ने बताया कि एमएस मोटर में सबसे कम दर में मीटर रिपेयरिंग किया जाता है। रिपेयरिंग के लिए 9693424394 और 9155523368 नंबर कर काल कर संपर्क कर सकते हैं। चालकों को एमएस सेंटर की ओर से वाहन मोटर रिपेयरिंग करने पर विशेष सुविधा भी दी जाएगी।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**ई. निविदा सूचना सं. पूमरे – मुप्रअ – नि–उ– निविदा – 16–24–25**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्यों हेतु ई. निविदा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं 1, ई. निविदा सूचना सं. पूमरे – मुप्रअ –नि–उ–निविदा – 16–24–25 कार्य का नाम :** पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल में सकरी – निर्मली खंड के गेज परिवर्तन के संबंध में सकरी – निर्मली खंड में पुल संख्या 55, 75ए और 129 (ड्रॉप वॉल, करटेन वॉल और बोल्डर फर्श एवं बोल्डर पिचिंग इत्यादि) के शेष कार्य के साथ–साथ सकरी यार्ड रिमॉडलिंग के लिए पी.वे. कार्य । गिट्टी आपूर्ति का स्रोत पाकुड़ / साहेबगंज रेंज) **क्रम सं 2,** कार्य का लगभग मूल्य : ₹ 4,86,80,195.58, **क्रम सं 3,** निविदा हेतु अग्रधन राशि जमा : ₹ 3,93,400.00, **क्रम सं 4, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 23.10.2024 चौदह तीस बजे।, **क्रम सं 5,** वेबसाईट का विवरण, नोटिस बोर्ड जहाँ पर निविदा का पूर्ण विवरण देखा जा सकता है तथा कार्यालय का पता जहाँ पर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है इत्यादि। : उपरोक्त ई–निविदा के ई–निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होंगे एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/उत्तर/पूमरे /महेन्द्रूघाट, पटना के कार्यालय में देखा जा सकता है। **द्रष्टव्यः** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण**
**पू.म.रे. महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/01265/कॉनएन/इंजी./टी/24–25/48



**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement Very Short Notice**

e-Tender Reference No.-RCD/FSD/AP/RAN/**35**/24-25 Dated **04.10.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of – Kodarjanna (NH-80) to Mirzachowki RCD road (MDR-207) via Raksi asthan road including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details , Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Sahebganj in the state of Jharkhand. from Consultants empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 45 Days |
| 3- | Tentative Length | 6.00 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs- 20,000/- (Rupees Twenty Thousand) through online mode only.As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 07.10.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 17.10.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 18.10.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhand tenders. gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department,Ranchi**

PR.NO.338130 Road(24-25):D



**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement Very Short Notice**

e-Tender Reference No.-RCD/FSD/AP/RAN/**37**/24-25 Dated **04.10.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for construction of - Banjhi Bazaar (Shaheed Chowk) -Mandro Block road via Mahadevganj asthan Birbalkandar, Marangtand road including replacement of culverts and bridges, proposal of new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal including clearance of all stages etc as required all complete as per latest guidelines, at Sahebganj in the state of Jharkhand from Consultants empanelled in CategoryI with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Work completion time | 45 Days |
| 3- | Tentative Length | 18.00 km |
| 4- | Cost of Tender Document & Earnest Money Deposit (EMD) | **Cost of Tender Document** - Rs 5,000/- (Rupees Five Thousand) (Non-Refundable) through online mode only. **EMD :-** Rs- 30,000/- (Rupees Thirty Thousand) through online mode only.As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in ) by Internet banking/ NEFT/ RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5- | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 07.10.2024, 05.00 PM |
| 6- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 17.10.2024, 12.30 PM |
| 7- | Date and Timing of Bid opening | 18.10.2024, 12.30 PM |
| 8- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No- 8051090751 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhand tenders. gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division,A.P**
**Road Construction Department,Ranchi**

PR.NO.338123 Road(24-25):D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा**
**(जिला स्थापना शाखा)**

**–: आम सूचना :–**

चतरा जिलान्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या– 01/2024 के आलोक में दिनांक 28.09.2024 को आयोजित लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों में से प्राप्तांक के आधार पर रिक्ति के अनुपात (1:3 के संख्या) में परीक्षाफल का प्रकाशन जिला के आधिकारिक वेबसाइट www.chatra.nic.in में कर दिया गया है।

सफल अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 07.10.2024 को पूर्वाह्न 06:00 बजे से पुलिस लाईन, चतरा में शारीरिक माप एवं दौड़ का आयोजन किया गया है। तदनुसार संबंधित अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र, मूल आधार कार्ड एवं एक अद्यतन फोटो के साथ पूर्वाह्न 05:30 बजे तक यथास्थान पहुँचना सुनिश्चित करेंगे।

उपायुक्त,
चतरा

PR 338074 District(24-25)#D



**–: कार्यालय :–**
**प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल**

**–: आवश्यक सूचना :–**

**भारतीय वन अधिनियम 1927 (बिहार संशोधन अधिनियम 1989) की धारा–52 के अंतर्गत अधिहरण वादों की सूचना।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अन्तर्गत जप्त वाहनों एवं जप्त वन पदार्थ से संबंधित विभिन्न वादों में सुनवाई निर्धारित की जाती है जो निम्नवत है :–

| क्र0 स0 | अधिहरण वाद संख्या | वाद प्रारम्भ की तिथि | सुनवाई की तिथि | अभियुक्त का नाम | वाहन का प्रकार/वाहन संख्या | जप्त वन पदार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 22/2023 | 18.05.2023 | 23.10.2024 | कमला गंझू | Tractor Engine. No. 331008/SDE02818 Chesis No. MBNAG4ACMTF7302S | कोयला 1.5 टन |
| 2 | 16/2022 | 09.04.2022 | 23.10.2024 | ललन यादव, बबलू यादव, अनिल कुमार | 1. Tractor Engine. No. RFNB00114 2. Tractor Engine. No RFN102985 3. Tractor Engine. No IMG40053 | कोयला लगभग 9 टन |
| 3 | 12/2019 | 20.06.2019 | 23.10.2024 | महेन्द्र गंझू, जगदीश साव, इन्द्रजीत कु0 सिंह | 1. JCB Reg. No. JH-19A-9961 2.Tractor Reg. No JH-13E-4825 | पत्थर |
| 4 | 11/2018 | 14.03.2018 | 23.10.2024 | पुरन उरांव, बिनोद राम | 1. Tractor Reg No. JH-13B-6324 2. Tractor Reg No. JH-11G-3304 | पत्थर लगभग 4 टन |
| 5 | 30/2023 | 20.06.2023 | 23.10.2024 | संजय सिंह, भोला साव | 1. Tractor Reg No. JH-13E-1915 2. Tractor Reg No. JH-08D-0696 | पत्थर लगभग 6 टन |
| 6 | 07/2020 | 04.06.2020 | 23.10.2024 | आशीष कु0 उपाध्याय | Truck Reg. No. JH-02V-4089 | कोयला लगभग 5 टन |
| 7 | 06/2020 | 04.06.2020 | 23.10.2024 | हिरालाल महतो, मुकेश महतो, कृष्णा कु0 यादव, संजीव कु0 सिंह, सुजीत कुमार | 1. JCB Eng. No. 804545-731127948 2. Hiwa Eng. No GHPZ145035 | बालू 2 टन |
| 8 | 14/2023 | 28.04.2023 | 23.10.2024 | रियाजुल उर्फ अजुल | Tractor Reg No. JH-19A-5973 | कोयला लगभग 2 टन |
| 9 | 32/2023 | 12.07.2023 | 23.10.2024 | राकेश कुमार सिंह | Tractor Reg No. JH-19C-3824 | केन्दू पता 19 बोरा |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को 11:00 बजे पर्वूाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,लातेहार वन प्रमण्डल

PR 338101 Forest, Environment and Climate Changes(24-25).D



**कार्यालय गुमला नगर परिषद, गुमला**

**अति अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना GML/NP/03/2024-25**

इच्छुक व्यक्ति/फर्म/आपूर्तिकर्ता/निर्माता निम्नांकित सामग्रियों से संबंधित अपनी कोटेशन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं :–

विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, गुमला।
कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 14.10.2024 को 05:00 बजे अप० तक।
कोटेशन खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 15.10.2024 को 11:00 बजे पूर्वा० नगर परिषद, गुमला के सभाकक्ष में।

**For Work 1 (Table 1) :-**

| S.N. | Name of work | Qty. | Rate Including All Taxes |
|---|---|---|---|
| 1 | Supply, Installation, testing and commissioning of water cooled type vertical turbine pump of WPIL / Kirloskar / Jyoti / Wilo make of 125 HP capable to discharge 200 $m^3$ / hr against total head of 120 meter, with suitable vertical hallow / solid shaft motor Jyoti / Kirloskar / Mather & Plat / Crompton make and mounted on M.S. Joist including cost of supplying, fitting & fixing of all required accessories such as suitable C.I.D.F. special sluice valve, N.R valve, Driving coupling & Ratchet, S.S line shaft S.S head shaft, bow assembly, suitable column pipe 40 feet, spider bearing, rubber cut less bush, S.S line shaft coupling, centre guide, discharge head, strainer, per lubricating tank, pressure gauge, vacuum gauge etc. including Transportation, Loading & unloading charges All complete. | 01 (One) | |
| 2 | Cost of supplying & fitting ML type full automatic star delta air break starter with suitable magnetic relay range make L&T / Havells. | 01 (One) | |
| 3 | Cost of taking out of complete 125 HP VT existing pump set from intake well 40 feet long 8" dia column pipe etc all complete with all labour & tools for installation of new above VT pump set. | 01 (One) | |
| 4 | Cost of supply all labour, tools & tackles equipment and materials for installation of P/ set on the foundation & fitting of N.R valve & sluice valve & fitting by cutting, wending and threading at site with suitable size M.S. pipe for delivery header, M.S hand nut bolt with spring washer rubber installation etc as required as per direction of E.I at site. | 01 (One) | |
| 5 | Supplying installation testing and commissioning of 90 watt LED (make Havells, Bajaj, reputed) at existing pole and building along with suitable arm / bracket wire 1.5 $mm^2$, switch etc all complete. | 01 (One) | |
| 6 | Cost for supplying and laying of 95 mm2 x 3 core unarmoured copper cable PVC insulated and sheathed from starter to motor. | 01 (One) Meter | |

**For Work 2 (Table 2) :-**

| S.N. | Name of work | Qty. | Rate Including All Taxes |
|---|---|---|---|
| 1 | Supply, Installation, testing and commissioning of water cooled type HSC C/F pump of WPIL / Kirloskar / Jyoti / Wilo make of 100 HP capable to discharge 189 $m^3$ / hr against total head of 81 meter, with suitable solid shaft motor Jyoti / Kirloskar / Mather & Plat / Crompton make and mounted on M.S. Joist including cost of supplying, fitting & fixing of all required accessories such as suitable C.I.D.F. special sluice valve, N.R valve, foot valve tyre coupling pressure gauge, vacuum gauge etc. including Transportation, Loading & unloading charges All complete. | 01 (One) | |
| 2 | Cost of supplying & fitting suitable ML type full automatic star delta air break starter with suitable magnetic relay range make L&T / Havells. | 01 (One) | |
| 3 | Cost of taking out of complete 100 HP HSC C/F existing pump set dismantling old foundation etc all complete with all labour & tools for installation of new HSC C/F pump set. | 01 (One) | |
| 4 | Cost of supply all labour, tools & tackles equipment and materials for installation of P/ set on the foundation & fitting of N.R valve & sluice valve & fitting by cutting, wending and threading at site with suitable size M.S. pipe for delivery header, M.S hand nut bolt with spring washer rubber installation etc as required as per direction of E.I at site. | 01 (One) | |
| 5 | Making of New PCC foundation 4'x3'x2.5' size & M.S. joint 4"x6" - 2 nos. with supplying all mortar materials & foundation bolt 6 nos. with all labour tools and tackles loading unloading with alignment levelling and jointing as per P.W.D. specification (1:2:4) etc all complete. | 01 (One) | |
| 6 | Cost for supplying and laying of 95 mm2 x 3 core unarmoured copper cable PVC insulated and sheathed from starter to motor. | 01 (One) Meter | |

नोट :– कोटेशन की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद, गुमला के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
गुमला नगर परिषद, गुमला।

PR.NO.338147 District(24-25):D

### 100 शैय्या वाले अस्पताल के निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है : सुखदेव भगत

# सांसद ने श्रम अधिकारी को मजदूरों को कम मजदूरी देने के लिए संवेदक पर प्राथमिक दर्ज करने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत के नेतृत्व में लोहरदगा कार्यपालक दंडाधिकारी अभिनीत, अंचलाधिकारी आशुतोष, लोहरदगा सिविल सर्जन, डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी, जिला लेबर ऑफिसर दयानंद कुमार, कनीय अभियंता भवन विभाग के गणेश मुंडा, किशोर मुर्मू आज लोहरदगा नदिया गांव में बन रहे 100 शैय्या वाले क्रिटिकल केयर यूनिट अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल पहुंचते ही सांसद ने पाया कि आज संवेदक के द्वारा काम करने वाले मजदूरों का काम बंद करवा दिया ताकि मजदूरों के ऊपर हो रहे शोषण की जानकारी सांसद को नहीं हो पाए। सांसद ने वहां काम करने वाले महिला मजदूरों को घर से बुलाकर उनसे रूबरू हुए। मजदूरों ने बताया कि हमें सिर्फ 300 मजदूरी मिलता है जबकि वहां पर उपस्थित लेबर पदाधिकारी ने बताया कि मजदूरों को 425 भुगतान करना है। मजदूरों ने बताया कि उनके सेफ्टी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। मौके पर सांसद ने संवेदक बबलू सिंह से मजदूर के उपस्थित एवं भुगतान रजिस्टर मंगवाया लेकिन ठेकेदार ने रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराया। मौके पर सांसद ने कहा कि मजदूरों के ऊपर हो रहे शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनका पूरा भुगतान 425 रुपया जब से मजदूर काम कर रहे हैं तब से भुगतान करना होगा। सांसद ने मौके पर उपस्थित श्रम अधिकारी से मजदूरों का बयान लेकर कम मजदूरी भुगतान करने के लिए संवेदक पर प्राथमिक की दर्ज करने का निर्देश दिया। सांसद ने कहा कि पूर्व में भी वे अस्पताल का निरीक्षण किए थे उस समय भी मजदूरों को कम मजदूरी भुगतान करने का मामला आया था श्रम अधिकारी द्वारा प्राथमिक भी दर्ज किया गया था उसके बावजूद मजदूरों को कब मजदूरी देना संवेदक का तानाशाह रवैया है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सांसद ने भवन निरीक्षण क्रम में पाया कि कार्यों में भारी अनियमितता बरती गई है ।काफी घटिया निर्माण हुआ है । सांसद ने प्लास्टर को हाथ से रगड़ा तो प्लास्टर उखाड़ने लगा। सांसद ने मौके पर उपस्थित कनीय अभियंता को कहे की आप कैसे निरीक्षण करते हैं इतना घटिया निर्माण कार्य कैसे हुआ है। सरकारी राशि का बंदरबाट नहीं करने दिया जाएगा ।इसमें सुधार कर फिर से नए स्तर से प्लास्तर करवाये अन्यथा आप पर सीधे कार्रवाई किया जाएगा। सांसद ने कहा कि सांसद के घर के समक्ष बना रहे अस्पताल में इतना घटिया निर्माण संवेदक के द्वारा करना यह संवेदक का अड़ियल रवैया दर्शाता है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह पांचवीं अनुसूचि क्षेत्र है और यहां आदिवासियों का शोषण किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि वह इन सभी चीजों को विभागीय सचिव से अवगत करायेंगे और संवेदक को काली सूची में डलवाएंगे ताकि भविष्य में कोई भी संवेदक घटिया निर्माण करने के लिए सोचे।

## शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में मनाई गई रानी दुर्गावती की जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** वनवासी कल्याण केंद्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित विवेकानंद शिशु-विद्या मन्दिर लचरागढ़ में वीरांगना रानी दुर्गावती की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम रानी दुर्गावती के प्रतिमा के समक्ष प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित, पुष्पार्चन किया गया। तत्पश्चात सभी आचार्य बारी बारी से पुष्पार्चन किए। इस अवसर पर विद्यालय में भैया बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। बहन शिखा कुमारी कक्षा नवम, भैया संजीव कुमार कक्षा सप्तम, बहन पूजा कुमारी कक्षा नवम, भैया निलेश सिंह कक्षा अष्टम, बहन पायल कुमारी कक्षा नवम के द्वारा रानी दुर्गावती के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। अंत में प्रधानाचार्य राजेंद्र साहू जी के द्वारा वीरांगना रानी दुर्गावती के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि रानी दुर्गावती की आज 500 वीं जयंती मना रहे है, रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को हुआ था। वह गोंड जनजाति से आती थी। ये 52 बार युद्ध की जिसमे मात्र 1 ही बार पराजय हुई थी। आज इनका गुणगान विभिन्न माध्यम से होती है। दुर्गाष्टमी को जन्म लेने के कारण उनका नाम दुर्गा पड़ा।उन्होंने ने कहा कि रानी दुर्गावती जैसा सभी बहनों को साहसी पराक्रमी बनने की ज़रूरत है। हर क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका अग्रणी होना चाहिए। हम भी कुछ ऐसे कार्य करें कि लोग हमे भी जानें।

## भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य बने जितेंद्र कुमार महतो



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा लोहरदगा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष सह किसान नेता श्री जितेंद्र महतो को भाजपा किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर लोहरदगा के किसानो में खुशी की लहर देखी जा रही है। ज्ञात हो श्री महतो ने किसान हित में एवं किसान की हक की लड़ाई के लिए प्रखर होकर आवाज उठाने के साथ न्याय दिलाने का काम कर रहें हैं। इन्हें बधाई देने वालो में किसान मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह, अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री समीर उरांव, प्रदेश प्रवक्ता अरुण उरांव, जिलाअध्यक्ष मनीर उरांव, बिंदेश्वर बेक, राजमोहन राम, ब्रजबिहारी प्रसाद, परमेश्वर भगत, भीखारी भगत, तिंबू उरांव, अशोक उरांव, रामप्रसाद बड़ाइक, पवन उरांव, राजकिशोर महतो, राजकुमार वर्मा, जयप्रकाश साहू, मुरारी महतो, जगत बड़ाइक, केदार महतो, सीताराम महतो, राजेश मिश्रा, चमरू उरांव, हर्षनाथ महतो, विनोद प्रसाद, सनोज वर्मा, प्रमोद सिंह, रामबिलास बराइक, बालकृष्ण सिंह, रामनंदन साहू, नवीन साहू,प्रदीप सिंह, कलावती देवी, राधिका देवी, दीपेश भगत, अनिल उरांव, अशोक साहू, दिनेश साहू, रामकिशोर शुक्ला एवं संजय पांडे आदि शामिल है।

## वि0स0 आम निर्वाचन को लेकर उपायुक्त ने किया स्थल निरीक्षण, दिये निर्देश



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने आगामी विधानसभा आम निर्वाचन को लेकर आज शनिवार को ईवीएम वेयर हाउस, सदर प्रखंड लोहरदगा परिसर, कृषि बाजार समिति परिसर समेत अन्य स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने आगामी विधानसभा निर्वाचन में मतदान के केंद्रों के लिए ईवीएम डिस्पैच स्थल, पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्र तक भेजे जाने के लिए वाहन की व्यवस्था, स्ट्रांग रूम के लिए स्थल का चयन, मतगणना के लिए आवश्यक मतगणना केंद्र में तैयारियां, मीडिया सेंटर की व्यवस्था आदि बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिए। आज के स्थल निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आइटीडीए निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, डीएसओ ज्ञान शंकर जायसवाल, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लक्ष्य निर्धारित करके परिश्रम करने से सफलता अवश्य मिलती है : मनोज दास




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के सभागार में अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का प्रारंभ आगत अतिथियों द्वारा सामूहिक रुप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि गुमला विभाग संघचालक मनोज दास, विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, परीक्षा विभाग की प्रमुख मधुमिता शर्मा, भैया बहनों के अभिभावक बंधु भगिनी, विद्यालय के सभी आचार्य आचार्या एवं भैया बहन उपस्थित थे। आगत अतिथियों का परिचय विद्यालय के आचार्य प्रमेंद्र सिंह ने कराया। परीक्षाफल की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण का कार्य विद्यालय के परीक्षा विभाग प्रमुख मधुमिता शर्मा ने किया।कक्षाश- प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया-बहनों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण में जया मिश्रा एवं सुप्रिया घोषाल का सहयोग रहा। इस अवसर पर मनोज दास ने कहा कि विद्यार्थियों को अर्जुन के जैसा अपने लक्ष्य पर ध्यान रखकर लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रयास करना चाहिए। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भैया बहनों की आगामी परीक्षा की तैयारी में उनके अभिभावकों का भी योगदान आवश्यक है। अपने कर्तव्य के प्रति दृढ़ता एवं सतत स्वाध्याय से सफलता अवश्य मिलती है। भैया बहन भी लक्ष्य बनाकर सतत परिश्रम जारी रखें। मंच संचालन प्रमेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं भैया बहन उपस्थित थे। वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# एमबी डीएवी विद्यालय लोहरदगा में नवरात्रि के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा प्रांगण में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक व आरती कुमारी द्वारा नवरात्रि के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवरात्रि का पर्व हमारे देश में प्राचीन काल से ही मनाया जा रहा है। माता कात्यायनी दुर्गा ने देवताओं के अनुरोध पर महिषासुर का वध किया था। माता का नौ दिनों तक महिषासुर से युद्ध हुआ और दसवें दिन उसका वध हुआ। इसलिए 10वें दिन सभी देवताओं ने विजय उत्सव मनाया था। तभी से नवरात्र? के दसवें दिन विजयादशमी का पर्व मनाया जाने लगा। विद्यार्थियों को नवरात्रि पर्व से जुड़ी कथा तथा धर्म व संस्कृति से अवगत करवाने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों ने अपनी शक्ति भक्ति और कल का परिचय देते हुए भाग लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन पलक कुमारी वह आशुतोष कुमार ने किया। संगीत शिक्षक एस के पाठक द्वारा मधुर संगीत प्रस्तुत किया गया।विद्यालय के चारों सदनों के मध्य गरबा नृत्य प्रतियोगिता करवाया गया जिसमें अथर्ववेद की प्रियंका कुमारी ने प्रथम स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में एसके पाठक व पी के सिन्हा निर्णायक बने। छात्रा पलक कुमारी व पीहू मित्तल ने दुर्गा स्तोत्र पाठ सुनाया। छात्राओं द्वारा महिषासुर मर्दिनी नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया गया जिसमें मां दुर्गा के नौ रूपों से परिचय करवाते हुए आदि वैष्णवी, सिद्धार्थ अग्रवाल व समूह ने अभिनय किया। मौके पर माननीय प्राचार्य महोदय ने सभी को नवरात्रि की शुभकामना देते हुए कहा कि सभी मनुष्यों के अंदर अच्छाई तथा बुराई दोनों ही विद्यमान रहती है हमें अपने अंदर की अच्छाइयों को प्रोत्साहित तथा बुराइयों को हतोत्साहित करते हुए जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। यह पर्व अंधकार पर प्रकाश की जीत, अज्ञान पर ज्ञान की जीत तथा धर्म पर अधर्म की जीत का प्रतीक है।

## विभिन्न आदिवासी संगठनों ने आदिवासियों के धार्मिक, सामाजिक, रैयत जमीन की लूट को लेकर किया धरना प्रर्दशन




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को लोहरदगा समाहरणालय मैदान गेट के समीप एक दिवसीय धरना जिला स्तरीय विभिन्न आदिवासी संगठनों के द्वारा आदिवासियों के धार्मिक,सामाजिक एवं रैयत जमीन की लूट/अतिक्रमण को रोकवाने एवं सीबीआई द्वारा जांच करवाने को लेकर यह प्रर्दशन किया गया। जिला में अनेकों भूमाफियाओं के द्वारा बड़े पैमाने पर आदिवासियों का जमीन लूटा व अतिक्रमण किया जा रहा है। ज्ञापन सौंपते हुये लोहरदगा उपायुक्त महोदय के माध्यम से मुख्यमंत्री झारखंड सरकार रांची को लिखित पत्रचार कर आवगत कराया गया। इसी विषय पर आदिवासियों के धार्मिक,सामाजिक एवं रैयती जमीन को रोकवाने और सीबीआई द्वारा जांच के लिए निम्नलिखित बिन्दु हैं जैसे पूर्वजों के नाम पर जो खतियानी जमीन है उस जमीन का वंशावलियों के नाम बिना दाखिल खारिज के वंशावली के आधार पर जमीन की बिक्री के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता और अंचल अधिकारी द्वारा स्वीकृति प्रदान किया जाए। उसे यथाशीघ्र रोक लगाया जाए। हजारों भुईहरी जमीन को कायमी जमीन बनाकर खरीद बिक्री किया जा रहा है उसे अभिलम्ब रोक लगाया जाए। आदिवासी जमीन की खतियान को इस्तीफा दिखाकर गैर आदिवासी जमीन बनाया जाता है। सादा पट्टा द्वारा आदिवासी जमीन की खरीद बिक्री पर रोक लगाया जाए। गैर मंजुरूआ खास, मालिक, परती, परती कदीम, जंगल का रखात,जंगल झाड़ एवं चरवाहा भूमि को फर्जी कागज बनाकर खरीद बिक्री किया जाता है। लोहरा आदिवासी के खतियान जमीन को सामान्य जाति का जमीन बताकर खरीद बिक्री किया जाता है। भूमि अभिलेख कक्ष से बहुत से मौजा का खतियान का अभिलेख उपलब्ध नहीं है। इसकी जांच सी बी आई द्वारा जांच करायी जाए। हाल सर्वे को बिना बुझारत का प्रकाशित कर computerize किया गया है, जिससे घोर अनिमितताएं हैं इसे यथाशीघ्र सुधार संशोधित कराया जाए। सीएनटी एक्ट को शक्ति से लागू करें और धरातल पर उतारें। सी एन टी एक्ट के धारा 71(ए) को स्वतन्संज्ञान लेते हुये हड़पी हुई आदिवासी जमीन को वापस कराया जाए।

## जिप अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने मसूरियाखांड का किया दौरा ग्रामीणों से हुए रूबरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** कुडू जिला परिसद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत एवं बड़की चापि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी ने बड़की चाँपि पंचायत के सुदूरवर्ती/जंगलवर्ती गांव मसूरियाखांड का दौरा किया एवं ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए। इस मौके पर ग्रामीणों ने अपने साथ जिला परिसद अध्यक्ष रीना कुमारी भगत एवं बड़की चाँपि पंचायत के उप मुखिया हेना तिवारी से मिलकर खुशी व्यक्त की। ग्रामीणों ने इस गांव के कई समस्याओं से उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। इस मौके पर उपस्थित जिप अध्यक्ष रीना कुमारी भगत ने इस गांव के समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिए, साथ ही साथ और कई अन्य विभागों के माध्यम से इस गांव के समस्या को दूर करने का आश्वासन दिए। इस मौके पर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण, शौचालय निर्माण करवाने/मरम्मती करवाने, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस का मांग, बकरा विकास योजना, सुकर पालन योजना,तालाब निर्माण, तालाब मरम्मति, चबूतरा निर्माण, अखड़ा निर्माण, आवास की मांग, आंगनबाड़ी निर्माण, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, विद्यालय में शिक्षकों की कमी दूर करने,रासन कार्ड बनवाने सहित कई अन्य समस्याओं से उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। इस मौके पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों को भी इस गांव पहुचने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# बेटी की अगुवाई में होगी बदलाव की क्रांति : आईरीन एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड के कोनजोबा पंचायत के डुंबरटोली गांव में शनिवार को ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। झापा नेत्री आईरीन एक्का ने फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। महीनो बाद ट्रांसफार्मर बदलने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल होने पर ग्रामीणों ने आईरीन एक्का का गांव में भव्य स्वागत किया और उन्हें धन्यवाद दिया। ग्रामीणों ने कहा कि समस्या के समाधान के लिए ही विधायक का चुनाव होता है, लेकिन स्थानीय जनप्रतिनिधि जनता की समस्या से कोई मतलब नहीं रखते है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में काम करने वाले नेता को ही चुनने की बात कही। मौके पर आईरीन एक्का ने अपने संबोधन में कहा कि झारखंड पार्टी सभी समस्या को दूर करते हुए हर चेहरे पर मुस्कान लाना चाहती है। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी की जीत के साथ है ट्रांसफार्मर और बिजली के समस्या को दूर किया जाएगा। हर घर में 24 घंटे बिजली जले इसके लिए योजना बनाई जाएगी, आईरीन ने कहा कि गांव को सौर ऊर्जा से भी जोड़ने का कार्य होगा ताकि प्रतिकूल परिस्थिति में सौर ऊर्जा के माध्यम से भी गांव और घर को रोशन किया जा सके। आईरीन एक्का ने कहा कि राष्ट्रीय पार्टी के नेता लड़की होने की बात कहते हुए उनका मजाक उड़ाते हैं। लेकिन इतिहास गवाह है कि महिला ने जब-जब अगुवाई की है तब तक क्रांति हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बार बेटी की अगवाई में बदलाव की क्रांति होगी और उसके साक्षी आप सब होंगे। मौके पर खिस्तोफर केरकेटटा, प्रभाकर तिर्की, धीरज कुमार साहू, इलियास केरकेटटा, जोसेफ खलखो, हीरामनी बाघवार, बंधन बाघवार, अघुन बाघवार, बिरसा, बोर्थो महतो, फुलकेरिया देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

# लोहरदगा शिक्षा परियोजना के कर्मियों ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद संघ एवम् कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कर्मी संघ जिला इकाई लोहरदगा के तत्वाधान में जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय लोहरदगा के समीप धरना प्रदर्शन आयोजित की गई। दिनांक 1.10.2024 को आयोजित राज्य कार्यकारिणी की बैठक जो राज्य के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में की गई थी में हम परियोजना कर्मी संघ तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय जिला इकाई लोहरदगा की लंबित मांगों यथा वेतन वृद्धि, सीपीआई के आधार पर महगांई भता, चिकित्सा ग्रुप बीमा लागू करने, सेवा नियमितीकरण आदि पर विचार नहीं करते हुवे, किसी भी प्रकार का लाभ नहीं दिया गया जिसके फल स्वरुप हम सभी शिक्षा परियोजना कर्मी एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के कर्मी छुब्ध एवम् दुखी होकर चरण बध आंदोलन करने के लिए बाध्य हुए हैं इस क्रम में सभी परियोजना एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के कर्मी दिनांक 5.10.024 को एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना एवं साथ में 7 एवं 8 अक्टूबर 24 को राज्य स्तरीय दो दिवसीय धरना एवं माननीय मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने की कार्यक्रम की जाएगी। इस दौरान उक्त तिथियों को परियोजना कर्मी तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के सभी कर्मी राज्य स्तरीय जिला स्तरीय प्रखंड स्तरीय एवं विद्यालय स्तरीय पदाधिकारी एवम कर्मी सामूहिक अवकाश में रहेंगे। शीघ्र मांगों पर विचार नहीं करने अथवा मांगे पूरी नहीं होने की स्थिति में हम सभी कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने को विवश होंगे। हमारे मुख्य मांगे इस प्रकार है। वेतन वृद्धि एवं की के आधार पर महंगाई भत्ता लागू करना। चिकित्सा/गुरु बीमा लागू करना। सेवा नियमितीकरण Kgbv कर्मी संघ की मुख्य मांगे 1.50 प्रतिशत वेतन वृद्धि करते हुए ष्श्चद्ब आधार पर महंगाई भत्ता। पेंशन लागू करना, Epf, एवम् चिकित्सा भत्ता का लाभ। 10साल से सेवारत कर्मियों का समायोजन करना। विदित हो कि इन कर्मियों के धरना से पारा शिक्षकों,बीआरपी सीआरपी कर्मियों, का अनुपस्थित विवरणी राज्य को भेजा नहीं जा रहा है जिससे इनकी दुर्गा पूजा के अवसर पर मानदेय/वेतन बाधित होगा एवं कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय की पठन पाठन एवं छात्रावास व्यवस्था बाधित हुई है। आज इस एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में श्री ओमप्रकाश रंजन झा, शि, प लोहरदगा अध्यक्ष, सचिव श्री राम विजय खलखो, जयमाला कुमारी, सोनी स्मिता एक्का, बसंत राम, तबाराक हुसैन अंसारी, इंदु अग्रवाल, मंजू कुमारी, जफर आलम, प्रमोद राम, पातीश्वर भगत, सीतापति तिर्की, प्रेमदानी कुजूर, अंजना खलखो, बलराम यादव, सुनील तिर्की, इत्यादि सभी पदाधिकारी कर्मी गण उपस्थित थे।

# लवाकेरा के हजारों स्कूली बच्चों एवं हजारों ग्रामीणों को दिया पुल का तोहफा, लौवाकेरा और टेंगरिया के बीच नदी में बनेगी पुल

### शनिवार को पुल निर्माण कार्य का विधायक भूषण बाड़ा ने किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि अब बरसात के दिनों में गांव टापू नहीं बनेगा। प्राथमिकता के आधार पर नदियों में पुल बनाने की कवायद तेज हो चुकी है। आरसी हाई स्कूल लवाकेरा के हजारों बच्चे भी अब बरसात के दिनों में स्कूल जाने के लिए नदी के तेज धार के कम होने का इंतजार नहीं करेंगे। अब बरसात में भी अपनी जान को बिना जोखिम में डाले आसानी से स्कूल पहुंचेंगे और अपना सुनहरे भविष्य का निर्माण करेंगे। विधायक भूषण बाड़ा शनिवार को मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत पालकोट प्रखंड के नागपुर पंचायत में लौवाकेरा और टेंगरिया के बीच नदी में बनने वाले पुल निर्माण कार्य के शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पिछले साल ही एक स्कूली बच्ची इस नदी को पार करने के दौरान बह जा रही थी। इसके बाद वे स्थलीय निरीक्षण कर नदी में जल्द पुल बनवाने का आश्वासन दिया था। आज जनता के आशीर्वाद से यहां पुल निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पुल बनने से हजारों ग्रामीणों को फायदा होगा। साथ ही कोई भी ग्रामीण नदी पार करने के दौरान अपनी जान नहीं गंवाएंगे। भूषण बाड़ा ने कहा कि यहाँ की जनता की समस्याओं एवं बच्चों के सुनहरे भविष्य को लेकर हमे काफी चिंता होती थी। लगता था कब यहां पुल बनावे में सफल हो जाऊं और नदी में पुल बनवाकर जनता की समस्या को दूर करूं। आज जनता के प्यार और आशीर्वाद से हमने इस दिशा में सफल भी हुआ। आगे भी जनता की सभी समस्याओं को दूर करने की दिशा में लगातार एक से बढ़कर एक जनकल्याण कारी योजनाओं को धरातल में उतारा जा रहा है। जनता का प्यार, उनका आशीर्वाद और समर्थन हमे क्षेत्र का विकास करने की ताकत देता है। जनता का प्यार समर्थन और आशीर्वाद ऐसे ही बना रहे तो वो दिन दूर नहीं जब सिमडेगा विधानसभा से समस्या शून्य हो जाएगी। हर वर्ग के चेहरे में खुशहाली होगी। क्षेत्र में अमन, चैन और शांति कायम होगा। हर ओर सुख, शांति और समृद्धि का गीत बजता रहेगा। कोई भी युवा बेकार और बेरोजगार नहीं रहेंगे। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रखड़ अध्यक्ष विकास कुमार गुप्ता, पालकोट प्रभारी सह विधायक प्रतिनिधि तिलका रमन, विधायक प्रतिनिधि बसंत कुमार गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि पुरुषोत्तम कुजूर, विधायक प्रतिनिधी अरविन्द लुगुन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष रोहित एक्का, भूषण सिंह, संजय साहू, उज्वल प्रसाद, ऋषि साहू, रघूवीर प्रधान, प्रखंड महिला अध्यक्ष प्रमिला कुमारी, कमला लड़का, तन्नू डूंगडूंग, अनूप मिंज, उर्मिला केरकेट्टा, लीला नाग, शोभेन तिग्गा, जुली लुगुन सहित कई स्कूल के बच्चे और ग्रामीण भी काफी संख्या में मौजूद थे।

### चलते चलते एक नजर

## ऑटसोर्सिंग कर्मचारियों ने सामांता कंपनी के खिलाफ खोला मोर्चा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सदर अस्पताल में विभिन्न पदों में आउटसोर्सिंग स्टाफ जीएनएम, ए एम, आउटसोर्सिंग स्टाफ इत्यादि अपनी मांगों को लेकर सदर अस्पताल के सिविल सर्जन प्रभात कुमार शिकायत की । अपनी मांगों को पूरा कराने के लिए उससे शिकायत भी की। इस दौरान सदर अस्पताल के आठवें मंजिल के सभागार में घंटों देर तक शोर शराबा होते रहा। नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता को इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने तुरंत लालपुर थाना प्रभारी को पुलिस बल के साथ सदर अस्पताल भेजा। लोअर बाजार थाना और खादगढ़ा टीओपी प्रभारी संजीव, भीम सिंह आदि मोर्चा संभाला। लालपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किये। खबर लिखे जाने तक आउटसोर्सिंग स्टाफों ने पुलिस को बताया कि सामांता नामक कंपनी के द्वारा उन्हें समय पर वेतन नहीं दिया जा रहा है । जितने में पैसे की बात हुई थी , उससे भी बहुत कम दिया जा रहा है । इसकी शिकायत पहले भी सीवील सर्जन से कर चुके हैं। लेकिन सुनवाई नहीं हुई है और ना ही सामांता कंपनी के मालिक उदय इस वार्ता में शामिल हुए। बताया गया की लगभग 26,636 रुपए में किसी को 14700 तो किसी को 13500 ही वेतन दिया जा रहा है। करीब रांची जिला सदर अस्पताल, उप स्वास्थ्य केंद्रों में 800 स्टाफ कार्यरत हैं। वहीं जेएलकेएम नेता राजू महतो ने बताया कि इन लोगों को वेतन समय पर भी नहीं दिया जा रहा और पैसे काट कर दिया जा रहा है जिसकी शिकायत पर हम लोग सिविल सर्जन से मिलने आए थे। हम लोग चाहते हैं कि सामांता कंपनी का जो मालिक उदय हैं उसके साथ दोनों का वार्ता करा दिया जाए, ताकि जो भी शिकायतें एक दूसरे के प्रति वह खत्म हो जाए। वहीं समांता की ओर से आये प्रतिनिधि ने सभी के समक्ष कहा कि आप सब 28 सितंबर 24 को जो लिखकर दिए थे उसका जवाब तो दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि 11 सूत्री मांग है इस पर हम सब बैठकर निर्णय लेंगे।

### वन्यजीव संरक्षण पर सेमिनार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार और वन विभाग ने आज नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ एनयूएस आर एल रांची में वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के तहत सुस्त भालू, बाघ और डॉल्फिन के संरक्षण पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में एनयूएसआरएल और बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों ने भाग लिया।सेमिनार में सुस्त भालू के संरक्षण पर डॉ. हरेंद्र सिंह, बाघ के संरक्षण पर रिटायर्ड प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रदीप कुमार और डॉल्फिन के संरक्षण पर गौतम ने महत्वपूर्ण जानकारी साझा की डॉ. शोवोना ने वेबिनार के माध्यम से डॉल्फिन के संरक्षण के खतरों पर चर्चा की। कार्यक्रम में रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर बसंत उरांव, डीएफओ अवनीश कुमार चौधरी, आईएफएस प्रधान मुख्य वन संरक्षक संजय श्रीवास्तव, मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) एसआर नटेशा सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद थे। सेवा निवृत पीसीसीएफ प्रदीप कुमार ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, बाघ अत्यंत मजबूत जीव हैं और माइनस 30 डिग्री से लेकर 40 डिग्री तक के तापमान को सहन कर सकते हैं। डॉ. शोवोना ने बताया कि डॉल्फिन का शिकार तेल के लिए किया जा रहा है और मछली पकड़ने के दौरान इस्तेमाल होने वाले जाल भी उनके लिए खतरा हैं। डीएफओ अवनीश कुमार चौधरी ने एनयूएस आर एल के वीसी डॉ. प्रो अशोक आर पाटिल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम की तैयारी में उनका सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण था।

## खोंहर महोत्सव 8 को, भगवान परशुराम की प्रतिमा का होगा अनावरण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा प्रखंड के गिजना गांव स्थित प्राचीन बाबा खोंहर नाथ महादेव मंदिर परिसर में आगामी 8 अक्टूबर को खोंहर महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

झारखंड सरकार के पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर की सुप्रसिद्ध गायिका कल्पना सहित कई अन्य प्रसिद्ध कलाकारों की टीम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। इस दौरान गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे।जानकारी देते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम में पूजा अर्चना, भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरण के बाद प्रसाद वितरण एवं भंडारा तत्पश्चात राष्ट्रीय स्तर की गायिका कल्पना पटवारी सहित अन्य प्रसिद्ध कलाकारों की टीम द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में राजकीय मानभूम छउ नृत्य कला केंद्र सिल्ली रांची के कलाकार मानभूम छउ नृत्य, सुबोध प्रमाणिक एवं टीम रांची द्वारा पाईका नृत्य, सुखराम पाहन एवं टीम खूंटी द्वारा मुंडारी लोकगीत, नृत्य,की प्रस्तुति की जाएगी। मंत्री श्री ठाकुर ने बताया कि बाबा खोंहर नाथ महादेव मंदिर पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखंड की सूची में शामिल है। खोंहर महोत्सव राजकीय महोत्सव बनने की ओर अग्रसर है। यह कार्य प्रक्रियाधीन है। शीघ्र ही मान्यता प्रदान कर दी जाएगी।

## नेपाल में भारत से तस्करी कर लाए गए 11 करोड़ का सोना जब्त




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**काठमांडू :** भारत से तस्करी कर लायी गयी सोने की बड़ी खेप के साथ महाराष्ट्र के सांगली जिले के दो युवकों को नेपाल पुलिस ने शनिवार तड़के गिरफ्तार किया। दोनों युवक अपने शरीर और जूतों में छिपाकर आठ किलो सोना नेपाल में बेचने जा रहे थे। जब्त सोने की कीमत 11 करोड़ रुपये आंकी गयी है।मकवानपुर जिले के पुलिस अधीक्षक विश्वराज खड़का ने शनिवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि रक्सौल-बीरगंज सीमा से नेपाल में प्रवेश करने वाले इन युवकों को बीरगंज से करीब 55 किमी दूर हेटौड़ा के पास गिरफ्तार किया गया। सोने की तस्करी के बारे में गोपनीय सूचना मिलने के बाद यह जांच अभियान चलाया गया था। उन्होंने बताया कि भोर में करीब 03 बजे बीरगंज से हेटौड़ा की तरफ आ रही स्कूटी को रोक कर जांच की गयी। इस दौरान महाराष्ट्र के सांगली जिला निवासी अभिषेक अजीनाथ कुटी और राहुल भिट्टीहाल (27 वर्ष) के पास से 8 किलो 43.97 ग्राम सोने के बिस्कुट मिले।

## 4 व 5 नवंबर को एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज में नैक पीयर की टीम करेगा निरीक्षण




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** एलिट पब्लिक बीएड कॉलेज चियांकी,मेदिनीनगर में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद बैंगलोर की नैक पीयर टीम द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। यह पीयर टीम दो दिवसीय 4 नवंबर व 5 नवंबर को महाविद्यालय के निरीक्षण के लिए आ रही है। एलिट ग्रुप के अध्यक्ष डॉ.आरपी सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय में आधारभूत संसाधन उपलब्ध है जो छात्रों के गुणवत्ता को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। पीयर टीम से अच्छे ग्रेड प्राप्त होंगे, इसकी अपेक्षा है। महाविद्यालय के प्राचार्य सह कोऑर्डिनेटर नीलांबर पीताम्बर विश्वविद्यालय डॉ. जगदम्बा सिंह ने बताया कि निरीक्षण टीम सात क्राइटेरिया के परिणाम के आधार पर महाविद्यालय को ग्रेडिंग प्राप्त होगा। अच्छे ग्रेड से कॉलेज राष्ट्र स्तर पर अच्छे संस्थान में नामित होगा। विभिन्न विकास कार्यों के लिए केन्द्र से एवं राज्य सरकार से कॉलेज को अनुदान भी प्राप्त होगा। कॉलेज स्टॉफ व आई क्यू एसी सेल ने बहुत मेहनत से तैयारियां की है। महाविद्यालय में बॉटनीकल गार्डन, खेल मैदान, पुस्तकालय, हॉस्टल, कैंटीन, स्टाफ आवास तथा विभिन्न प्रयोगशालाओं को आधुनिकतम उपकरणों और पुस्तकों से सुसज्जित किया गया है। महाविद्यालय में आई क्यू एसी सेल विभिन्न कमेटियों के माध्यम से गुणवत्ता की निगरानी किया जाता है। महाविद्यालय को अच्छी ग्रेड मिलने की पूरी संभावना है। नैक निरीक्षण बहुत अच्छा रहेगा। स्टाफ और विद्यार्थियों में नैक निरीक्षण की तैयारियों के प्रति बहुत उत्साह है।

## कोई भी योग्य लाभुक मंईयां सम्मान योजना से नहीं रहेंगे वंचित : मंत्री मिथिलेश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा जिले की लगभग दो लाख 35 हजार लाभुकों को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ मिल रहा है।सितंबर महीने की राशि कुल दो लाख 34 हजार 620 लाभुकों की सूची बैंक में भेज दिया गया है। इनमें जिन बहन, बेटियों को तकनीकी समस्या के कारण अगस्त माह में खाता में पैसा नहीं जा सका था, वैसे लोगों को अगस्त एवं सितंबर दोनों माह का पैसा जोड़कर खाता में भेज दिया जाएगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि कोई भी योग्य लाभुक मंईयां सम्मान योजना के लाभ से वंचित नहीं रहेगी। हर हाल में सभी को इस योजना का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अगस्त माह में प्राप्त आवेदन में कुछ तकनीकी त्रुटि के कारण सभी के खाते में पैसा नहीं जा सका था। अगस्त एवं सितंबर माह में प्राप्त आवेदनों की जांच के बाद एक अक्टूबर तक 2 लाख 34 हजार620 लाभुक योग्य पाए गए। इन सबों की सूची बैंक में भेज दी गई है। सभी के खाते में पैसा भेज दिया जाएगा।

## पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल ने मृतक के नाम किया पौधरोपण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत डाली बाजार पंचायत के स्व राजकुमार प्रजापति के श्राद्धकर्म और गुमला जिले के मुरकुंडा में स्व सुदामा चौधरी के श्राद्धकर्म में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने दोनों मृतक की आत्मा की शांति के लिए उनके नाम पर थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा लगा कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ कौशल ने कहा कि श्राद्ध में केवल सेजिया दान करने से नहीं बल्कि पौधा दान कर उसे लगाने से ही मृतक की आत्मा को शांति मिलेंगी। वनाराखी मूवमेंट के प्रणेता ट्री मैन डॉ कौशल ने श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण कर उन्हें पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि यदि घर में गार्जियन की सर से साया हट जाए तो उनके नाम का फलदार पौधा आंगन में लगाने से उसकी छाया से गार्जियन की तरह ही लाभ मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि एक पेड़ 10 पुत्र के समान काम करते हैं। मौके पर स्व, सुदामा चौधरी के धर्मपत्नी शकुंतला देवी, पुत्र पंकज चौधरी,सूरज चौधरी, बेटी राही , अंशी वहीं डाली में स्व राजकुमार प्रजापति की धर्मपत्नी कुंती देवी,पुत्र, संतोष प्रजापति, रामप्रवेश, मानदेव,अखिलेश, बेटी पूनम, सुषमा, चाचा नंदू प्रजापति, भोला प्रजापति, दीनानाथ प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, सुचित कुमार सहित काफी संख्या में हित मित्र व रिश्तेदार शामिल थे।

### आज के युवा कल के भारत के भविष्य हैं : डॉ अजीत कुमार सिन्हा

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय, माई भारत और एनएसएस के संयुक्त तत्वावधान में विकसित भारत- अम्बेसडर युवा कनेक्ट का आयोजन शनिवार को किया गया। आरयू के आर्यभट्ट सभागार में कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ टी आर एल विभाग के छात्र - छात्राओं के जरिये झारखंडी संस्कृति के स्वागत, विकसित भारत निर्माण का गुब्बारा और एक पेड़ मां के नाम कल्पतरु का पौधा मंत्री डॉ जीतेन्द्र सिंह एवं कुलपति द्वारा करके किया गया। युवाओं को संबोधित करते हुए समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान ) डॉ जीतेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता शताब्दी में आज के युवा विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे । उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल को निराशावाद से आशावाद तक की यात्रा की शुरुआत बताते हुए सरकार के जरिये लिए गए जरूरी निर्णयों के विस्तार से वर्णन किया।

### रौशन ने बढ़ाया संत मरियम का मान

## चेयरमैन अविनाश देव ने शानदार उपलब्धि पर प्रार्थना सभा में किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** डाल्टनगंज,शौर्य भवन जेपीईआई -1 डोरंडा राँची में आयोजित खेल सम्मान समारोह में संत मरियम स्कूल (कजरी) वर्ग 9 वी में पढ़ने वाला छात्र रौशन कुमार को झारखंड के खेल मंत्री मिथलेश ठाकुर ने 75 हज़ार का चेक दे कर सम्मानित किया। आज विद्यालय के प्रार्थना सभा में रौशन और उसके पिता विनय कुमार मांझी को चेयरमैन अविनाश देव ने सम्मानित किया ।मौके पर चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की रौशन अपनी मेहनत से शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी अपना नाम बन रहा है। किसी भी कार्य को करने के लिए सच्ची निष्ठा , लगन और मेहनत की आवश्यकता होती है अगर आपका लक्ष्य साफ़ हो तो आप हर चुनौती को पार करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। वहीं मौके पर स्कूल के शारीरिक शिक्षक सुमीत बर्मन ने कहा की छत्तीसगढ़ दुर्ग में स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया (एस. जी. एफ. आई) का अयोजन 4 फरवरी से 7 फ़रवरी तक की गई थी जिसमें रौशन कुमार ने भाग लेकर झारखंड राज्य के लिए पदक जीता था। मौके पर स्कूल के समन्वयक अमरेद्र कुमार, शारीरिक शिक्षक रविन्द्र सिंह, आशुतोष पांडेय एवं सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## छिनतई की गिरोह में महिला, दो महिलाये भी हुई गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने पत्रकारों को बताया कि हाल के दिनों में चेन छिनताई और मोबाइल छिनताई की घटना हो रही है। इसके बाद पुलिस सतर्क हो गई है। एसआईटी गठन कर छापेमारी अभियान चला रही है। जिसके क्रम में पहले भी कई आरोपियों को चेन छिनताई के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है । इसी अभियान के तहत छिनताई गिरोह में शामिल दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया गया है। दो महिला सहित तीन युवकों को भी गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज रही है।नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि छिनताई में पहली बार महिला की गिरफ्तारी हुई है जो गंभीर मामला है और सतर्क रहने की जरुरत है। आगे बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक आवासीय कार्यालय के पास मोबाइल से बात करते हुए जा रही एक युवती से झपट्टा मार कर दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने उसका मोबाइल लेकर भाग गया था। इस मामले में एक मामला दर्ज किया गया। जिसमें लालपुर थाना प्रभारी रुपेश कुमार सिंह नेतृत्व में दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं इसके पास से जेएच 01 सीजी 2362 हीरो होंडा ग्लैमर भी जब्त किया गया है । इस अभियान में सत्य प्रकाश उपाध्याय प्रभारी मोराबादी टीओपी, पुलिस अवर निरीक्षक पंकज कुमार लालपुर , सहायक आवर निरीक्षक सुनील मुर्मू लालपुर, सहायक अवर निरीक्षक दस मुर्मू लालपुर थाना शामिल थे ।

**दो महिला को पुलिस ने किया गिरफ्तार :** नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता ने बताया कि सदर थाना क्षेत्र में चेन छिनताई के मामले में दो महिला सहित एक युवक को भी गिरफ्तार किया गया है। जिसमें अनिकेत दास और इसके साथ दो महिला है फूनो ग्वाला उर्फ फुनो राय, झुनियां राय फाटापुकुर थाना राजगंज जलपाईगुड़ी पश्चिम बंगाल की रहने वाली है । इसके पास से तलाशी जब ली गई तो छिनताई की गई सोने की दो चेन दो टुकड़ों में बरामद किया गया है । इन लोगों ने अपना अपराध भी स्वीकार किया है। साथ इसके पास दो पैड मोबाइल और सुखदेव नगर थाना क्षेत्र में दो लाख की छिनताई के दौरान अभियुक्त अनिकेत दास के द्वारा पहना हुआ फिरोजी हरा रंग का शर्ट भी बरामद किया गया है । इन लोगों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। पुलिस इन लोगों से आगे पूछताछ करेगी और बाकी अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार करेगी। इस सफलता में सदर डीएसपी संजीव बेसरा, कुलदीप कुमार थाना प्रभारी सदर,पुअनि गंगाधर , जमील अंसारी,स अ नि सत्येंद्र सिंह, महिला आरक्षी 47 प्रिया पायल,3617 अनीता कुमारी आदि शामिल थे।

### रांची डीसी ने सरकार को पत्र लिखकर कहा, हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे

**रांची :** रांची डीसी बनाए जाने के बाद से आईएएस मंजूनाथ भजंत्री एक बार फिर सुखियों में हैं। चुनाव आयोग की राज्य सरकार को चिट्ठी के बाद मंजूनाथ भजंत्री सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने इस बात की जानकारी सरकार को चिट्ठी लिखकर दी है। चुनाव आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को चिट्ठी लिखकर मंजूनाथ भजंत्री को रांची का डीसी बनाए जाने पर आपत्ति जतायी है। आयोग का कहना है कि ऐसा होना हाई कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। देवघर जिले के मधुपुर उपचुनाव के दौरान चुनाव आयोग की तरफ से तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री को चुनाव संबंधी कार्यों से दूर रहने का निर्देश दिया था। अब रांची डीसी बनने के बाद फिर से इस मामले ने तूल पकड़ा है। इधर, सरकार की तरफ से कार्मिक विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

## इस बार क्वाड देशों के बीच समुद्री अभ्यास मालाबार की मेजबानी करेगा भारत



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** क्वाड देशों के बीच विशाखापट्टनम में 08 अक्टूबर को भारत की मेजबानी में समुद्री अभ्यास मालाबार शुरू होगा, जिसमें अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान की नौसेनाएं हिस्सा लेंगी। इस समुद्री अभ्यास की शुरुआत विशाखापट्टनम में बंदरगाह चरण से होगी और उसके बाद समुद्री चरण होगा। हिंद महासागर और भारत-प्रशांत क्षेत्र में साझा समुद्री चुनौतियों का समाधान करने के मकसद से दो चरणों में यह नौसैन्य अभ्यास 18 अक्टूबर तक चलेगा।

मालाबार अभ्यास 1992 में संयुक्त राज्य अमेरिका और भारतीय नौसेना के बीच द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास के रूप में शुरू हुआ था, जो अब प्रमुख बहुपक्षीय कार्यक्रम के रूप में विकसित हो गया है।

इसका उद्देश्य अंतर-संचालन को बढ़ाना, आपसी समझ को बढ़ावा देना है। इस अभ्यास में विभिन्न भारतीय नौसेना प्लेटफॉर्म शामिल होंगे, जिसमें गाइडेड मिसाइल विध्वंसक, बहुउद्देश्यीय फ्रिगेट,पनडुब्बी, फिक्स्ड विंग एमआर, लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया अपने एमएच-60आर हेलीकॉप्टर और पी-8 समुद्री गश्ती विमान के साथ एक एन्ज़ैक क्लास फ्रिगेट एचएमएएस स्टुअर्ट को तैनात करेगा। इसी तरह संयुक्त राज्य अमेरिका की नौसेना अपने इंटीग्रल हेलीकॉप्टर और पी-8 समुद्री गश्ती विमान के साथ एक आर्ले बर्क-क्लास विध्वंसक यूएसएस डेवी को तैनात करेगी। जापान एक मुरासामे-क्लास विध्वंसक जेएस अरियाके के साथ अभ्यास में शामिल होगा। सभी चार देशों के विशेष बल भी अभ्यास में भाग लेंगे।

मालाबार अभ्यास में सहयोग और परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन की गई गतिविधियों की एक विस्तृत श्रृंखला पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसमें विषय वस्तु विशेषज्ञ विनिमय के माध्यम से विशेष संचालन, सतह, वायु और पनडुब्बी रोधी युद्ध पर चर्चा शामिल है।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखण्ड

रांची, रविवार, 6 अक्टूबर 2024 | पेज 4


## पेंशनर समाज का प्रतिनिधिमंडल विधायक से मिला

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : पेंशनर समाज का एक प्रतिनिधिमंडल शनिवार को मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की से मिला और इटकी पीएचसी में एक महिला डाक्टर सहित डाक्टरों के शीघ्र पदस्थापन करने की पूर्व की मांग को दोहराया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों द्वारा विधायक को केंद्र में महिला डाक्टर के अभाव में स्थानीय महिला मरीजों को हो रहे कठिनाईयों के बारे में विस्तारपूर्वक बतलाया गया, वहीं केंद्र में डाक्टर की कमी से सभी प्रखंडवासियों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं हो रहा है। साथ ही मुख्य सड़क से पीएचसी तक की सड़क का न होना भी ग्रामीणों को केंद्र तक पहुंचने में कष्टदायक साबित हो रहा है। विधायक द्वारा स्थिति को समझते हुए दूरभाष पर बेड़ो सीएचसी प्रभारी को इटकी केंद्र में सप्ताह में कम से कम तीन दिन एक महिला डाक्टर की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया गया। इधर स्वास्थ्य विभाग के अधिसुचना संख्या 693(3) द्वारा शुक्रवार को इटकी पीएचसी में डा. जगदीश प्रसाद का पदस्थापन किया गया है। पेंशनर समाज के प्रतिनिधिमंडल में मुश्ताक आहमद, मास्टर अलीहसन,मो. सज्जाद, किशोर गोप व नुरूल हक शामिल थे।



## अनाधिकृत रेलवे टिकट को लेकर छापेमारी

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : आरपीएफ पोस्ट मुरी,ओपी आरएमटी और सीआईबी,आरपीएफ,रांची द्वारा संयुक्त छापेमारी की गई। ज्ञात हो कि मोटोला, चितरपुर, पीएस-रजरप्पा, जिला-रामगढ़ (झारखंड) में जोहान टूर एंड ट्रैवल्स द्वारा किए जा रहे अनधिकृत रेलवे टिकट कारोबार को निशाना बनाना था। छापेमारी में व्यक्तिगत आईडी का उपयोग करके बुक किए गए 17736.50/- रुपये मूल्य के 09 पुराने और प्रयुक्त रेलवे ई-टिकट बरामद किए गए। जिसमे चितरपुर निवासी, मोहम्मद तनवीर, उम्र 26 वर्ष, को गिरफ्तार किया गया। जिसने पर्सनल आईडी फ्ट्टूट्सद्वट्टूट0011फ्र का उपयोग करके अनधिकृत व्यवसाय संचालित चला रहा था।एएसआई एस.के. गुप्ता ने 09 रेलवे ई-टिकट, एक सोनी लैपटॉप और एक मोबाइल फोन (रेडमी-11टी) जब्त किया। रेलवे अधिनियम की धारा 143 के तहत रेलवे अधिनियम की धारा 179(द्व) के तहत मोहम्मद तनवीर को जब्त के साथ आरपीएफ पोस्ट मुरी लाया गया, जहां एएसआई एस.के. गुप्ता ने एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की। धारा 143 रेलवे अधिनियम के तहत 04.10.2024 को संख्या 1790/2024 के रूप में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को आरजेएम कोर्ट रांची भेज दिया गया।इस छापे मारी में एसआई बसंता मलिक, आरपीएफ पोस्ट मुरी, एसआई विकास कुमार, सीआईबी आरएनसी एएसआई,एस.के. गुप्ता, सीआईबी आरएनसी एएसआई,कृष्णा रे, आरपीएफ, ओपी, आरएमटी एचसी संतोष कुमार, आरपीएफ ओपी आरएमटी सादर शामिल थे।



## सविमं करकट्टा का जारी किया गया अद्धार्षिक परीक्षा प्रोग्रेस रिपोर्ट

**खलारी(प्रभात मंत्र संवाददाता)** :सरस्वती विद्या मंदिर करकट्टा में शनिवार को अद्धार्षिक परीक्षा के परिणाम की घोषणा समारोह पूर्वक की गई। समारोह में सर्वप्रथम सरस्वती वंदना की गई। तत्पश्चात क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को प्रोग्रेस रिपोर्ट सौंपा गया। उसके बाद शेष छात्राओं को उनका प्रोग्रेस रिपोर्ट दिया गया। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शालिग्राम सिंह ने सभी छात्र-छात्राओं को परीक्षा फल तथा दुर्गा पूजा की हार्दिक बधाई व शुभकामना दी। साथ ही छात्र-छात्राओं को यह भी संदेश दिया कि, इस परीक्षा में जो भी कमियां रह गई, उसमें सुधार करने की आवश्यकता है, ताकि वार्षिक परीक्षा का परिणाम और बेहतर हो सके। अंत में प्रधानाचार्य द्वारा समस्त आचार्य बंधु-भगिनी को भी दुर्गा पूजा व विजयादशमी की अनंत शुभकामना देते हुए उन्हें समय से अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी करने हेतु आभार प्रदान किया गया।



## भाजपा पिपरवार मंडल की बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारी पर हुई चर्चा

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत सचिवालय में शनिवार को भाजपा पिपरवार मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी किसलय तिवारी और विशिष्ट अतिथि मे पिपरवार मंडल के प्रभारी गणेश गुप्ता उपस्थित थे। बैठक में भाजपा पिपरवार मंडल के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया,जबकि अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस बैठक में गोगो दीदी योजना एवं बुथ से संबंधित बातो पर चर्चा की गई।बैठक के दौरान आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में सभी कार्यकर्ताओं को लग जाने का आह्वान किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए बड़कागांव विधानसभा प्रभारी किसलय तिवारी ने कहा कि वर्तमान की झारखंड सरकार से राज्य की जनता परेशान है।चुनाव से पूर्व महागठबंधन की सरकार ने जो वादा किया था उसे आज तक पूरा नहीं किया है।राज्य की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है।आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता इसका जवाब देने का काम करेगा।उन्होंने कहा कि जनता के समर्थन से आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा झारखंड में पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाएगी।बैठक में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार शर्मा,मुखिया रीना देवी,महेश मुंडा,गिरिजा प्रसाद,रविंद्र कुमार सिंह, राजेंद्र प्रसाद,अजय कुमार सिंह,मुकेश कुमार,धनराज भोगता,महेश विश्वकर्मा, आदित्य केसरी,संजय ठाकुर,दिलीप अम्बष्ट,अरुण कुमार सिंह,अशोक ठाकुर, मनोज ठाकुर सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



## महिंद्रा ने जीईओ इलेक्ट्रिक 4-एस्कर लॉन्च किया

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारत की अग्रणी इलेक्ट्रिक स्मॉल कमर्शियल व्हीकल (एससीवी) निर्माता महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड ने गेम चेंजिंग इलेक्ट्रिक 4-व्हीलर एससीवी महिंद्रा जीईओ का अनावरण किया है। रू7.52 लाख (एक्स-शोरूम) की आकर्षक कीमत पर उपलब्ध जीईओ अपनी उन्नत तकनीक, बढ़ी हुई रेंज और पर्यावरणीय लाभों के साथ शहरी लॉजिस्टिक्स को नया रूप देने का वादा करता है।जीईओ में 160 किलोमीटर की वास्तविक ड्राइविंग रेंज है, जो एक फास्ट-चार्जिंग विकल्प द्वारा समर्थित है जो केवल 60 मिनट में 100 किलोमीटर की रेंज प्रदान करता है। 30 kW मोटर और 21.3 kWh लिक्विड-कूल्ड बैटरी द्वारा संचालित, यह 114 एनएम का पीक टॉर्क प्रदान करता है और इसकी आईपी67-रेटेड मोटर और बैटरी के साथ कड़े सुरक्षा मानकों को पूरा करता है।

## रिटेलर मीट में नया कलेक्शन लॉन्च

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारत के अग्रणी स्पोर्ट्स और एथलीजर फुटवियर ब्रांड्स में से एक कैंपस एक्टिववियर लिमिटेड ने मुजफ्फरपुर में अपना वार्षिक रिटेलर्स मीट आयोजित किया, जिसमें भारतीय परिवारों के रोजमर्रा के पलों का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला गया। टैग एक्टिववियर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र से 155 से अधिक रिटेलर्स शामिल हुए, जिसने ब्रांड के दैनिक फुटवियर विकल्पों में एक घरेलू नाम बनने की दिशा में प्रयास को बल दिया। बहुमुखी प्रतिभा पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कैंपस एक्टिववियर ने विविध ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने वाले फुटवियर की एक विस्तृत श्रृंखला पेश की - जिसमें कैजुअल हैंगआउट से लेकर अर्ध-औपचारिक अवसर और फिटनेस गतिविधियाँ शामिल हैं।

# शंकर महतो के घर पर अज्ञात आपराधियों ने किया फायरिंग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार** : पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के निकटवर्ती पुरानीराय स्थित शंकर महतो के घर पर बीती रात्रि अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया।घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात करीब 9 बजे बाईक पर सवार आए दो अज्ञात अपराधियों ने पुरानीराय स्थित शंकर महतो के घर पर फायरिंग कर दी।दोनों अपराधी शंकर महतो को खोज रहे थे,लेकिन घटना के वक्त शंकर महतो अपने घर में नहीं था,जिसके बाद अपराधियों ने फायरिंग कर चला गया।घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है,लेकिन पूरा मामला बालू तस्करी से जोड़ा जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राय पंचायत के ग्रामीणो ने बैठक कर बालू तस्करी का विरोध किया है। ग्रामीणों ने नदियों से बालू तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगा दी है,जिसको लेकर बालु तस्करो मे हड़कंप मचा हुआ है।इसी से नाराज होकर अपराधी तत्व के लोगों के द्वारा इस घटना को अंजाम देने का अनुमान लगाया जा रहा है।इधर घटना की सूचना पाकर खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी और खलारी थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह सशस्त्र बल के जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली।इस संबंध में पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही गोली चलाने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।इधर इस तरह की घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।



## ट्रक ऑनर एसोसिएशन की बैठक में नगद भाड़ा भुगतान पर हुई चर्चा

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के पांच नम्बर कांटा के समीप ट्रक ऑनर एसोसिएशन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।जिसमे स्थानीय ट्रक वाहन मालिक,डीओ,होल्डर, लिफ्टर बैठक में शामिल हुए।बैठक में कई बिंदुओ पर चर्चा की गई।बैठक मे वर्ष 2021 का भाडा भुगतान की मांग को लेकर ट्रक ओनर एसोसिएशन के द्वारा किए जा रहे हैं आंदोलन की समीक्षा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वर्ष 2021 में तय किए गए भाड़ा भुगतान को लेकर सभी ट्रक ओनर पिछले 15 दिनों से आंदोलन पर है और सभी वाहन मालिकों ने स्वेच्छा से अपने ट्रक को खड़ा कर दिया है। वक्ताओं ने कहा कि तय भाडा एंव नकद भाड़ा भुगतान की मांग को लेकर ट्रक ऑनर एकजुट है।एसोसिएशन ने कहा कि पर्व त्योहार को देखते हुए जो कोयले का बिडिगं हुआ है,उसमे किसी भी प्रकार की कटौती को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।तय भाड़ा एवं नकद भाडा लिया जाएगा।



# लाभुकों एवं आमजनों से सरोकार, सेवा और सम्मान के भाव से मंईयां सम्मान यात्रा का कारवां पहुंचा खूँटी जिला

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: लाभुकों एवं आमजनों से सरोकार, सेवा और सम्मान के भाव से मंईयां सम्मान यात्रा का कारवां खूँटी जिला पहुंचा, यात्रा में मंत्री महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग बेबी देवी, मंत्री कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग दीपिका पांडेय सिंह व विधायक गांडेय कल्पना मुर्मू सोरेन विधायक विकास कमार मुंडा मुख्य रूप से शामिल थे। खूँटी जिला आगमन पर उपायुक्त लोकेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने पुष्प गुच्छ भेंट कर मंत्रीगण का स्वागत किया। भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थान उलीहतु पहुँच मंत्री एवं विधायक द्वारा सर्वप्रथम भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके बलिदानो को याद किया गया। इस दौरान लाभुकों एवं स्थानीय लोगों से मुलाकात कर आमसभा को भी संबोधित किया। जिसके पश्चात उन्होंने उलीहतु समेत खूँटी जिला के अड़की मोड़, किताहतु चौक, कचहरी मैदान, भगत सिंह चौक एवं तोरपा प्रखंड मैदान में आयोजित आम सभा में भाग लेते हुए लोगों को संबोधित कर झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना समेत झारखंड सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। अड़की मोड़, किताहतु चौक एवं भगत सिंह चौक पर काफी संख्या में लाभुक एवं स्थानीय लोगों ने ÷मंईयां सम्मान यात्रा÷ का प्रतिनिधित्व कर रही मंत्रीगण एवं विधायक का पूरी उत्साह के साथ स्वागत किया। इस दौरान किताहतु चौक पर लगे अमर गया मुण्डा की तस्वीर पर मंत्री एवं विधायक ने माल्यार्पण कर उनके वीरता एवं बलिदान को भी याद किया। जिसके पश्चात कचहरी मैदान एवं तोरपा प्रखंड मैदान में ÷मंईयां सम्मान यात्रा÷ के तहत भव्य आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में लाभुक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित हुए। कचहरी मैदान एवं तोरपा मैदान में आयोजित आम सभा में मंत्री एवं विधायक ने आमजनों को संबोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण बातें कही। मंत्री महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग बेबी देवी ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना गरीबों को ध्यान में रखकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा लाया गया, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना है।



## एन39 मांडर मिशन के समीप अनियंत्रित कार सड़क किनारे घर से टकराया

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मांडर थाना क्षेत्र के एन 39 मिशन के समीप शनिवार 9 बजे एक डिजायर कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे घर के दीवार से टकरा गया।हालांके इस घटना में किसी तरह की कोई हताहत नहीं हुई। बताया जा रहा है कि मांडर की और से लोहरदगा की और जा रहे कार का एस्टाइरिंग लोक हो गया जिस से यह हादसा हुआ।घटना के बाद मौके पर पहुंची मांडर पुलिस ने कार को निकाला।



## स्वच्छता अपनाकर खुद को रोगों से बचाएं, निकाली गई जागरूकता रैली

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सरना एकेडमी कुसुम टोला के बच्चों द्वारा शुक्रवार को स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जहां लगभग 400 स्कूली बच्चो ने भाग लिया। रैली कुसुमटोला से निकल कर झुलंडिया होते हुए मंजडीहावा बेंती तक गई। इस दरमियान बच्चो ने साफ-सफाई रखने का संदेश दिया। मौके पर निदेशक महेंद्र उरांव ने कहा कि खुद को और अपने आस-पास के माहैल को साफ-सुथरा रखना हीं स्वच्छता है। सफाई से रहने की आदत बनाएं और स्वच्छता अपनाकर खुद को रोगों से बचाएं। यह बीमारियों के प्रसार को रोकता है और अच्छे स्वास्थ्य को सुरक्षित रखता है। इस रैली में विद्यालय निदेशक महेंद्र उरांव के अलावा प्रधानाचार्य गोपाल सिंह, उप प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गुप्ता एवं स्कूल के सभी शिक्षक शामिल थे।




# भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीटूयूशन कन्दरी में दुर्गा पूजा महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मांडर** : माण्डर स्थित भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टीटूयूशन के अंर्तगत सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भारथी कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में दिनांक 05.10.2024 को नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पूजा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बताया गया कि यह नवरात्र लोगों में यह संदेश देता है कि सत्यमेव जयते अर्थात सत्य की हमेशा विजय होती है और यह पावन महोत्सव बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाता है एवं दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि प्रत्येक त्योहार हमें कुछ-न-कुछ संदेश देकर अवश्य जाती है। इस त्योहार में हम नारी के प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं और संदेशों का अनुसरण करते हैं। कार्यक्रम में नर्सिंग के छात्र मनीष कुमार एवं छात्रा नन्ही प्रिया के द्वारा एंकरिंग किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण विवेक राज जायसवाल, रीभा, कृपाशंकर सिन्हा, अंजेला गाड़ी, अदिति ज्योति डहँगा, प्रतिमा कुजूर, सुषमा कुमारी, पुनम मिंज, क्रिसटिना किस्कु, अर्पणा कुमारी, शशिभूषण जायसवाल , मनीष सोनी ,ज्योर्ति आइंद, चिरंजिवी कुमार, तुलसी दास, आशिष कुमार सिन्हा एवं छात्र-छात्राएं आदि शामिल हुए।



## 4.3 से गोल मारकर टूर्नामेंट का चैंपियन बना बड़कीटांड

**खलारी** : आरएनबीटी क्लब के द्वारा सरना खेल मैदान में छोटू गंझू मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एससी एसटी ओबीसी एकता मंच के अध्यक्ष देवपाल मुंडा एव विशिष्ट अतिथि रैयत विस्थापित मोर्चा के प्रवक्ता रामलखन गंझू, अमृत भोगता, गोपाल प्रसाद, धोधा गंझू, दामोदर गंझू, मयूर गंझू उपस्थित थे। सबसे पहले छोटू गंझु के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एव फुटबॉल को किक मारकर फाइनल मैच का शुभारंभ किया गया। फाइनल मैच बड़कीटांड बनाम कर्मकट्टी के बीच खेला गया। जिसमे पेनाल्टी शूट आउट में बड़कीटांड ने 4.3 से गोल मारकर टूर्नामेंट का चैंपियन बना।

## छात्राओं ने शिक्षकों के साथ करके सिखना या अनुभव से सिखना कार्यक्रम में भाग लिया

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: उर्सलाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल मुरी में शनिवार को बैगलेस डे के शुभ अवसर पर कक्षा 6वीं, 7वीं, 8वीं के छात्राओं ने अपने शिक्षकों के साथ मिलकर बड़े उत्साह के साथ इस विषेश कार्यक्रम में भाग लिया। जिसका थीम था करके सिखना या अनुभव से सिखना।यह कार्यक्रम का आयोजन भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति और प्रसिद्ध खाद्य पदार्थों का एक जीवंत प्रदर्शन था। वहीं छात्राओं के द्वारा विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे स्टॉलोंसे सजाया गया। इस स्टॉल में 12 विभिन्न राज्यों का प्रतिनिधित्व किया गया। छात्रों ने इन राज्यों की पारंपरिक पोशाकें पहनकर अपने-अपने राज्यों के लोकप्रिय खाद्य पदार्थों का परिचय दिया। स्टालों को हस्तशिल्प से सजाया गया था, और पूरे वातावरण में पारंपरिक नृत्य और संगीत की धुनों की गूंज थी, जिसने इस दिन को और भी जीवंत बना दिया। इस अनुभवात्मक सीखने के माध्यम से, छात्रों ने न केवल भारत की सांस्कृतिक विविधता को गहराई से समझा, बल्कि टीमवर्क, रचनात्मकता और प्रस्तुति जैसी महत्वपूर्ण क्षमताओं का भी विकास किया। यह आयोजन छात्रों और शिक्षकों के बीच एकता और सांस्कृतिक सराहना की भावना को बढ़ाने में सफल रहा। इस मौके पर सीनियर प्रिंसिपल उर्सलाइन इंग्लिश मीडियम के मीनाक्षी समेत शिक्षक गण मौजूद थे।



## हैलो गोदरेज कृषि हेल्पलाइन शुरू की गई

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारत के कृषि-व्यवसाय क्षेत्र में अग्रणी गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड (जीएवीएल) ने फसल सुरक्षा के लिए वास्तविक समय पर विशेषज्ञ सलाह प्रदान करने के उद्देश्य से बहुभाषी हेल्पलाइन हैलो गोदरेज शुरू की है। हिंदी, मराठी और तेलुगु सहित आठ क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध इस पहल का उद्देश्य देश भर के किसानों को तत्काल सहायता प्रदान करके कृषि उत्पादकता को बढ़ाना है।जीएवीएल के प्रबंध निदेशक बलराम सिंह यादव ने कहा, फ्रगोदरेज एग्रोवेट में हम जो कुछ भी करते हैं, उसके मूल में किसान परिवारों का उत्थान है।फ्र उन्होंने फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए समय पर समाधान के महत्व पर जोर दिया। बदलती जलवायु परिस्थितियों और कीटों के बढ़ते हमलों के साथ, सुलभ और विश्वसनीय मार्गदर्शन की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है।

# विधायक ने किया युवा मध्यान्ह भोजन योजना का शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिल्ली** : शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र के बच्चों को अपने सपने पूरे करने में किसी भी प्रकार की कोई बाधा न आए यह हमारी प्राथमिकता है। इसी कड़ी में हाई स्कूल के बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन योजना की शुरुआत की जा रही है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के बच्चों के लिए यह किचन वरदान साबित होगा। उक्त बातें सिल्ली विधायक सह आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने 9 वीं से 12 वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए युवा मध्याह्न भोजन योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में कही। इस योजना के तहत सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के 9 वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा। इसका संचालन प्रगति प्रयास फाउंडेशन के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को निःशुल्क बस सेवा स्टूडेंट एक्सप्रेस, निःशुल्क उड़ान कोचिंग सेंटर, स्मार्ट क्लास, वीआर लैब जैसी सुविधाएं मिल रही है। हमारी तैयारी शिक्षा के क्षेत्र में जल्द नए और व्यापक बदलाव लाने की है। सिल्ली विधानसभा के सभी सम्मानित परिवारों को हम यह विश्वास दिलाते हैं कि किसी भी वजह से उनके बच्चों की पढ़ाई में कोई रुकावट नहीं आएगी। मौके पर उपस्थित प्रगति प्रयास फाउंडेशन के चेयरपर्सन अंकित जैन ने कहा कि इस योजना को सिल्ली विधानसभा में शुरू करने के लिए सुदेश महतो जी के साथ हमारी बातचीत कई महीनों से चल रही थी। आज सिल्ली स्टेडियम के समीप स्थापित यह किचन सुदेश जी की सोच का नतीजा है। यहां के बच्चों के लिए उनकी सोच ने हमारी पूरी टीम को प्रभावित किया है। हमें किचन के लिए उपयुक्त जगह उपलब्ध कराने के साथ उन्होंने खुद से सभी उच्च क्वालिटी की मशीनों का चयन कर यहां इनस्टॉल करवाया है। युवा मध्याह्न भोजन योजना से 9वीं से 12वीं में पढ़ने वाले सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के 5 हजार से अधिक बच्चों को सीधा लाभ मिलेगा। इस योजना के तहत देश में पहली बार 11वीं और 12वीं के विद्यार्थियों को मिड डे मील मिलेगा। सिल्ली स्टेडियम के पास बने मेगा किचन में खाना पकाया जाएगा और फिर यहां से पूरे विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न हाई स्कूलों में यह खाना गरमा गरम पहुँचाया जाएगा।



# मां भगवती पंडाल में बहुत जल्द विराजेंगी, चल रही हैं तैयारियां

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी** : खलारी कोयलांचल के आकर्षक पंडाल में मां भगवती बहुत जल्द विराजेंगी। इसे लेकर खलारी कोयलांचल के कई जगहों पर स्थापित दुर्गा पूजा पंडाल का आकार दिखने लगा हैं। दुर्गोत्सव को लेकर क्षेत्र में सफलतापूर्वक आकर्षक पंडाल को अंतिम रूप दिए जा रहे हैं। वहीं जैसे-जैसे दशहरा नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे इस उत्सव का रंग लोगों में दिखने लगा है। घर से लेकर पूरे प्रखंड में भक्ति का उमंग है। पूजा को लेकर खासकर छोटे बच्चों में ज्यादा खुशी देखी जा रही है। सुबह से लेकर शाम तक शंखनाद, मंत्र और पाठ को ध्वनि से वातावरण गुंजायमान है। क्षेत्र के सभी इलाको में भक्ति का सरोवर बहने लगा है। मां दुर्गा का मंत्र %या देवी सर्वभूतेषु शक्ति रूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै नमस्तस्नै नमस्तस्नै नमो नमः की गूंज हर जगह सुनाई देने लगी है। खलारी के मुख्य बाजार केडी एवं डकरा में आवाजाही बढ़ गया है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ कपड़ों की खरीदारी में लगे हैं। बाजार में दुकानदार भी एक से बढ़कर एक डिजाइन के कपड़ों से ग्राहकों को लुभा रहे हैं।



**शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा का स्वरूप** : खलारी कोयलांचल में शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन मां दुर्गा के तृतीयं स्वरूप देवी चन्द्रघण्टेति की विधान के साथ पूजन किया गया। शास्त्रों के अनुसार नवरात्र में नौ दिनों तक मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा करने का विधान है। मां दुर्गा की तीसरी शक्ति का नाम चंद्रघटा है। मां चंद्रघंटा का स्वरूप परम शांति दायक और कल्याणकारी है। इस दिन मां की सच्चे मन से आराधना करने से भक्तों पर मां की कृपा बरसती है।

## खलारी बाजारटांड़ में 50 के अंतिम दशक में दुर्गा पूजा की हुई शुरुआत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी** : दशहरा के पावन अवसर पर खलारी के बाजारटांड़ शिवमंदिर परिसर में 50 के अंतिम दशक में दुर्गा पूजा की शुरूआत हुई। उस समय वहां एक चबूतरा में स्थापित शिवलिंग और एक छोटा सा बजरंग बली की मूर्ति हुआ करता था। तदुपरांत दुर्गा पूजा की शुरुआत हुई।शुरुआत में शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा के लिए बंगाल के बंगाली ब्राह्मणों को बुलाया जाता था। उसके बाद खलारी के हरि मुकुंद झा द्वारा पूजा कराया जाता था। उनका निधन के बाद उनके भतीजे विवेकानंद झा द्वारा दुर्गा पूजा कराया जाता है। वहां शिवमंदिर होने के कारण प्रथम दिन से हीं भक्तों को आना-जाना बढ़ जाता है। जबकि सप्तमी को दुर्गा पूजा का पट खुलने के बाद भक्तों की भीड़ में काफी इजाफा हो जाता है। बाजारटांड़ शिव मंदिर कमेटी ने अपने अथक मेहनत, लगन और खलारी के लोगों के सहयोग से इस मंदिर का निर्माण किया। मंदिर निर्माण के बाद बनारस से आए प्रकांड विद्वान संजय पाण्डेय द्वारा मंदिर का उद्घाटन किया गया। उस समय एक भव्य यज्ञ भी कराया गया था। वर्ष 2000 से पहले स्थाई दुर्गा मंडप का निर्माण करवाया गया। वर्ष 2019 में मंदिर का पूर्ण निर्माण हुआ तो मां दुर्गा एवं बजरंगबली की बड़ी मूर्ति स्थापित किया गया। साथ ही माता पार्वती, भगवान गणेश, कार्तिक, माता शीतला एवं नवग्रह की प्रतिमा भी स्थापित किया गया। इस मंदिर का वर्तमान स्वरूप भी लोगों को आकर्शित करता है।



**अग्रवाल परिवारों का सहयोग से दुर्गा पूजा की हुई शुरुआत** : बाजारटांड़ में दुर्गा पूजा की शुरूआत अग्रवाल परिवारों व ग्राम वासियों का सहयोग से किया गया था। जिसमें महादेव अग्रवाल, होशियार अग्रवाल, रामदास सिंह, गजानंद शर्मा, जगदीश सिंह, बैजनाथ साहू, शेर सिंह, कारू साहु, मेहरचंद शर्मा, नथुनी गिरी, केडी सिंह, रामेश्वर महाराज, योगेंद्र सिंह, सीताराम सिंह समेत कई अन्य लोगों के भागीदारी रही थी। उस समय सांस्कृतिक कार्यक्रम गांव के ही लोग ड्रामा कर किया करते थे। बाद में दरभंगा से रामलीला की मंडली को बुलवाया जाने लगा। समय के साथ भक्ति जागरण में लक्खा सिंह, छैला बिहारी, विक्की छावड़ा आदि कई बड़े कलाकार यहां प्रोग्राम दे चुके हैं।